संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 18 जून 2023 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 165 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने कहा कि मैंने खुद हिंसा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया, लोगों की बातें सुनी। जो घटना घटी मैं उससे व्यथित हूं।

# बिपरजॉय: शाह ने राहत कार्यों को लिया जायजा

## तूफान गुजरने के 36 घंटे बाद गुजरात में भारी बारिश, बनास नदी में बाढ़, पालनपुर शहर में पानी भरा; चारणका में सोलर पार्क डूबा

**बचाव कार्य जारी**

**= तूफान से पाटण में बने सबसे बड़े चारणका सोलर प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश के बाद प्लांट में घुटनों तक पानी भर गया**



**टीम एक्शन इंडिया/ द्वारका/राजकोट/कच्छ**
**बिपरजॉय** चक्रवात गुजरात में कच्छ के तट से 15 जून की रात को टकराया था। तूफान गुजरने के 36 घंटे बाद भी प्रभावित इलाकों में लगातार बारिश हो रही है। इससे सौराष्ट्र-कच्छ समेत उत्तर गुजरात में तेज बारिश जारी है। पालनपुर, थराद, पाटण, बनासकांठा और अंबाजी जिलों में कई शहरों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। तूफान से पाटण में बने गुजरात के सबसे बड़े चारणका सोलर प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा है। दो दिन से जारी बारिश के बाद प्लांट में घुटनों तक पानी भर गया है। तेज हवाओं से इसके सोलर पैनल झुक गए हैं। स्थानीय नदियों में बाढ़ की वजह से पाटण के सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया है।

**बनास नदी में बाढ़, पालनपुर-अंबाजी हाईवे बंद:** बनासकांठा जिले में कल रात से तेज बारिश के बाद बनास नदी का पानी आबू रोड तक पहुंच गया है। पालनपुर-अंबाजी हाईवे को बंद कर दिया गया है। दर्जनों गांव बाढ़ के पानी में घिरे हुए हैं। वहीं, पालनपुर शहर के भी कई इलाके पानी में डूब गए हैं। शक्तिपीठ अंबाजी में बाढ़ के चलते राजस्थान और गुजरात के कई शहरों से आने वाले श्रद्धालुओं को बीच रास्ते से ही लौटाया जा रहा है। इधर, थराद शहर में 80 से 90 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है।

### सौराष्ट्र में पानी की समस्या खत्म, राजकोट का सबसे बड़ा डैम ओवरफ्लो

**तूफान** बिपरजॉय के बाद लगातार बारिश से गुजरात के लिए राहतभरी खबर भी मिली है। यहां सौराष्ट्र में खाली पड़े 20 से ज्यादा डैम छलकने वाले हैं। राजकोट जिले का सबसे बड़ा आजी-2 डैम ओवरफ्लो हो चुका है। शनिवार सुबह डैम के 4 गेट खोलने पड़े।
पिछले 24 घंटे में वेणु-2 डैम के जलस्तर में 5.81 फीट पानी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा 20 से अधिक बांधों का जलस्तर भी अब तक करीब 3 फीट बढ़ चुका है।

### बिपरजॉय के दौरान गुजरात में 700 बच्चे जन्मे

**जब** तूफान कहर बरसा रहा था, तभी रेस्क्यू कैंप में 700 से ज्यादा बच्चों ने जन्म लिया। तूफान आने से 72 घंटे पहले ही गुजरात सरकार ने 8 हाई रिस्क जिलों से करीब 1 लाख लोगों को रेस्क्यू करके कैंप में भेजा था। इनमें 1,152 गर्भवती महिलाएं भी शामिल थीं। इनमें से 707 महिलाओं ने अस्पतालों और हेल्थ सेंटर्स में तूफान के दौरान बच्चों को जन्म दिया। गुजरात सरकार ने बताया कि तूफान के दौरान 302 सरकारी वाहन और 202 एम्बुलेंस तैनात की गई थीं।

### गृह मंत्री शाह ने कच्छ का हवाई सर्वे किया

**तूफान** से हुए नुकसान और राहत-बचाव का जायजा लेने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने कच्छ का हवाई निरीक्षण किया। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी थे। पटेल ने शुक्रवार शाम को कहा था कि हम एक बड़ी आपदा से लड़ने में सक्षम रहे। NDRF, SDRF और अन्य एजेंसियों ने तूफान से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया


**अगले 12 घंटों में कमजोर होगा बिपरजॉय तूफान:** बिपरजॉय तूफान कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है। मौसम विभाग ने अगले 12 घंटों में इसके और कमजोर होने की आशंका जताई है। शुक्रवार की रात करीब 11.30 बजे दक्षिण पूर्व पाकिस्तान के ऊपर तूफान कमजोर होकर डीप डिप्रेशन में बदल गया है।

## कांग्रेस जॉइन करने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा: गडकरी




**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**केंद्रीय** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी शनिवार को महाराष्ट्र के भंडारा में थे। वे केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने पर एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गडकरी ने एक पुराना किस्सा सुनाया। गडकरी ने दिवंगत कांग्रेस नेता श्रीकांत जिचकर की सलाह को याद करते हुए कहा कि एक बार उन्होंने मुझसे कहा था कि आप अच्छे पार्टी कार्यकर्ता और नेता हैं। अगर आप कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो आपका भविष्य उज्जवल होगा। मैंने उनसे कहा- मैं कांग्रेस में शामिल होने के बजाय कुएं में कूद जाऊंगा। मुझे भाजपा और उसकी विचारधारा पर पूरा भरोसा है। मैं अपनी पार्टी के लिए आजीवन काम करता रहूंगा।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों पर फायरिंग



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**इंफाल** में शुक्रवार को एक रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट के गोदाम में आग लगा दी गई। वहीं, मणिपुर के मंत्री नेमचा किंगपेन के घर में आग लगने के बाद सिर्फ मलबा रह गया है। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा अब भी जारी है। शुक्रवार रात 5 बड़ी अलग-अलग घटनाएं हुईं। इंफाल पश्चिम के इरिंगबाम थाने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ ने हथियार लूटने की कोशिश की, हालांकि सुरक्षाबलों ने उन्हें खदेड़ दिया। इस दौरान भीड़ की ओर से फायरिंग भी की गई। दूसरी घटना में भीड़ ने भाजपा के एक विधायक विश्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश की। इसे मणिपुर रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने नाकाम कर दिया। तीसरी घटना खोंगमन और सिंजेमाई की है। दोनों जगहों पर भीड़ ने बीजेपी ऑफिस पर हमला किया। हालांकि सेना के जवानों ने भीड़ को भगा दिया। चौथी घटना राजधानी इंफाल के पोरमपेट की है।

## नेहरू मेमोरियल अब होगा प्रधानमंत्री मेमोरियल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेहरू** मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी सोसाइटी का नया नामकरण करने पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच जुबानी जंग तेज हो चली है। कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ ने इस प्रयास को भाजपा पर छोटी मानसिकता बताते हुए कहा कि जवाहरलाल नेहरू का नाम बोर्ड से हटाने से उनका व्यक्तित्व कम नहीं हो जाएगा। देश के लोग नेहरू जी को आधुनिक भारत का निमार्ता मानते हैं। भाजपा सरकार देश के सामने अपनी ओछी मानसिकता का प्रदर्शन कर रही है। वहीं भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस एक परिवार से परे नहीं देख सकती है। यह एक फैमिली लिमिटेड कंपनी, एक फैमिली लिमिटेड एंटरप्राइज है।

## सेना ने सिक्किम में फंसे 3500 टूरिस्ट को बचाया



**टीम एक्शन इंडिया/गंगटोक**
**उत्तरी** सिक्किम के चुंगथांग में शुक्रवार को लैंडस्लाइड (भूस्खलन) और बारिश के कारण सड़क बह गई। इससे वहां फंसे करीब 3,500 टूरिस्ट्स को भारतीय सेना ने बचा लिया है। इनमें कुछ कॉलेज स्टूडेंटस भी शामिल हैं। लाचेन, लाचुंग और चुंगथांग घाटियों में भारी बारिश हुई। सिक्किम के चुंगथांग में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क का एक हिस्सा बह गया। सेना ने वहां बचाव अभियान चलाकर 3500 टूरिस्ट्स को निकाला। सिक्किम के चुंगथांग में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सड़क का एक हिस्सा बह गया। सेना ने वहां बचाव अभियान चलाकर 3500 टूरिस्ट्स को निकाला।

## जूनागढ़ में दरगाह हटाने के नोटिस पर बवाल



**टीम एक्शन इंडिया/जूनागढ़**
**गुजरात** के जूनागढ़ में एक दरगाह को हटाने के नोटिस पर बवाल हो गया। नोटिस देने के विरोध में शुक्रवार देर रात 600 से ज्यादा लोग धर्मस्थल के पास इकठ्ठा हुए और प्रदर्शन किया। इसके बाद इन्होंने पुलिस थाने को घेर लिया। पत्थरबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने बचाव में आंसू गैस के गोले छोड़े। इस दौरान झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। डीएसपी के अलावा चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। अब तक 174 लोगों को हिरासत में लिया गया है। जूनागढ़ में मजेवडी रोड के पास सड़क पर एक दरगाह है। इसे जूनागढ़ नगर निगम ने पांच दिन पहले नोटिस जारी किया था। कहा था कि वे इसके दस्तावेज पेश करें। एसपी रवि तेजा वासमसेट्टी ने बताया कि नोटिस के खिलाफ कल वहां 500 से 600 लोग जमा हो गए। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की। वे नहीं माने और रात करीब 10.15 बजे पथराव शुरू कर दिया।' उन्होंने बताया, 'भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज किया गया। इस घटना में पुलिस कर्मी घायल हो गए। एक नागरिक की मौत हो गई। ये मौत कैसे हुई इसका पता पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा।'

**भीड़ ने बस पर पथराव किया, पैसेंजर्स को चोटें आईं:** मजेवाड़ी गेट के पास जमा भीड़ ने सड़क से गुजर रही बस के शीशे तोड़ दिए। बस में बैठे यात्रियों को चोटें आईं। इसके बाद पुलिस गाड़ियों में तोड़फोड़ और मोटर साइकिलों को भी आग लगा दी।

## हमें अपनी समृद्ध और विविध संस्कृति पर गर्व है: पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री न**रेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के 9 साल पूरे होने पर इस दौरान सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, राष्ट्र निमार्ताओं की विरासत को सम्मान देने, देश भर में आध्यात्मिक स्थलों का पुनर्विकास और कायाकल्प से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में एक विस्तृत जानकारी साझा की है। कन्वर्सिंग कल्चरल हेरिटेज के अन्तर्गत लेख, ग्राफिक्स और वीडियो आदि के माध्यम से पिछले 9 सालों में इस दिशा में किए गए प्रयासों को प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह लिंक साझा करते हुए शनिवार को ट्वीट किया, हमें अपनी समृद्ध और विविध संस्कृति पर गर्व है। भारत की गौरवशाली विरासत को पुनर्जीवित करने और सम्मान देने की दिशा में कई प्रयास किए गए हैं। कन्वसिंग कल्चरल हेरिटेज में गुजरात में सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा- स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, तेलंगाना में रामानुजाचार्य स्वामी की विशाल प्रतिमा- स्टेच्यू ऑफ इक्वालिटी, कर्नाटक में नादप्रभु केम्पेगौड़ा की- स्टेच्यू ऑफ प्रास्पेरिटी, केदारनाथ धाम में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा, नई दिल्ली के ही अम्बेडकर इंटरनेशल सेंटर में बाबासाहेब आम्बेडकर की प्रतिमा, जेएनयू में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा, रांची में बिरसा मुंडा की प्रतिमा और पुणे में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है।



**साझा की**

**= आध्यात्मिक स्थलों का पुनर्विकास और कायाकल्प से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों के बारे में एक विस्तृत जानकारी साझा की**

## ओडिशा रेल हादसे के बाद एक्शन में रेल मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ओडिशा** रेल हादसे के बाद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक्शन में हैं। उन्होंने शनिवार को दिल्ली डीआरएम (मंडल रेल प्रबंधक) कार्यालय और नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। इस दौरान अश्विनी वैशव ने कहा कि डिवीजनल कंट्रोल सिस्टम प्राइमरी ऑपरेशंस को मैनेज करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण सिस्टम हैं। इसलिए, दिल्ली डिवीजन कंट्रोल सिस्टम्स में, मैंने सभी के साथ बात की कि इन्हें (सिस्टम) कैसे अपग्रेड किया जाए और देश भर में कंट्रोल सिस्टम को और आधुनिक कैसे बनाया जाए। ओडिशा के बालासोर में हुए भीषण ट्रेन हादसे ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया।

## बंगाल: केंद्रीय मंत्री की कार पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव से पहले एक बार फिर हिंसा की खबर है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक शनिवार को कूच बिहार स्थित साहेबगंज वीडियो ऑफिस जा रहे थे। यहां कैंडिडेट्स की स्क्रूटनी हो रही थी। इस दौरान टीएमसी समर्थकों ने उनकी कार पर तीर से हमला किया। उन्हें चोट नहीं आई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें भाजपा समर्थक तीर दिखा रहे हैं। निशीथ प्रमाणिक भी उनके साथ खड़े हैं। एक कार्यकर्ता अपने कपड़े उतार कर पीठ पर लगी चोट दिखा रहा है। प्रमाणिक ने कहा- पुलिस के सामने तीर से हमला हो रहा है। बम फेंके जा रहे हैं। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर हमे बीडीओ ऑफिस के अंदर जाने से रोक दिया है, जबकि टीएमसी के विधायक अंदर बैठे हुए हैं। नामांकन पत्रों की जांच केंद्रीय बलों की निगरानी में होनी चाहिए।







**बीजेपी का हाथ** | परमिशन भी दिलाई, हरिद्वार में मेडल बहाने पर होती हिंसा: साक्षी मलिक

# 2 बीजेपी नेताओं ने धरना देने को कहा: साक्षी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण और रेसलर्स विवाद में अब पहलवान साक्षी मलिक ने एक नया खुलासा किया है। साक्षी मलिक ने कहा कि हमें धरना देने के लिए बीजेपी नेता बबीता फोगाट और तीर्थ राणा ने कहा था। इन दोनों नेताओं ने उन्हें कहा था कि बृजभूषण के खिलाफ अपनी आवाज उठाओ। यही नहीं, जंतर-मंतर पर धरने की परमिशन भी बबीता फोगाट और तीर्थ राणा ने ही दिलाई थी। साक्षी ने परमिशन लेटर भी दिखाया। साक्षी मलिक का यह चौंकाने वाला दावा है क्योंकि बृजभूषण समेत बीजेपी ये कहती रही कि धरने के पीछे हरियाणा से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा हैं। वहीं बबीता फोगाट खुद भी रेसलर्स के धरने में राजनीति होने की बात कहती रही। वहीं तीर्थ राणा भी हरियाणा के सोनीपत से ही भाजपा के जिला अध्यक्ष हैं। साक्षी ने ये भी कहा कि हरिद्वार में इस तरह का माहौल बना दिया गया कि अगर हम मेडल बहाने जाते तो हिंसा होने का खतरा था।

**इतने समय तक छुप क्यों रहे:** हमारे अंदर एकता की कमी थी। हम कभी एक साथ हो ही नहीं पाए। दूसरा कारण है कि नाबालिग लड़की। जिसने अपने बयानों को भी बदल दिया। हम तो एकजुट है, इसके बाद भी उन्होंने डर की वजह बयान बदल दिए। हम सिंगल-सिंगल आवाज कैसे उठा सकते थे?। यह तो सभी ने महसूस भी कर लिया होगा कि इंडिया के टॉप रेसलर्स ने आवाज उठाई है।

**खुलासा**

**= साक्षी मलिक ने कहा कि हमें धरना देने के लिए बीजेपी नेता बबीता फोगाट और तीर्थ राणा ने कहा था: साक्षी मलिक**

# देश की तरक्की में व्यापारियों का अहम योगदान: धनखड़

## आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर दिशा में प्रगति कर रहा है: ओमप्रकाश धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
**केन्द्र की मोदी सरकार** के नौ वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महासंपर्क अभियान के तहत शनिवार को यहां पंचायत भवन में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला चेयरमैन रविन्द्र बापोड़ा के संयोजन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ ने की।मंच संचालन व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला चेयरमैन रविन्द्र बापोड़ा ने किया। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल, सांसद धर्मवीर सिंह, व्यापार कल्याण बोर्ड के प्रदेश चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल, विधायक घनश्यामदास सर्राफ मौजूद रहे। इस मौके पर व्यापारियों ने ओमप्रकाश धनखड़ का कार्यक्रम में पहुंचने पर फूल मालाओं व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। ओमप्रकाश धनखड़ ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हर दिशा में प्रगति कर रहा है। आज से कुछ साल पहले जहां मोबाइल चलाना भी सही से नहीं सीखे थे , आज हम पूरे विश्व में मोबाइल उत्पादन में नम्बर वन पर हैं। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी हमारा देश अग्रणी है। आज हम विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने जा रहा है। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत की धूम है। हम सबका

**8 इस अवसर पर कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि किसान के साथ-साथ लघु उद्योग व दुकानदारों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है**

दायित्व बनता है कि विकास की इस गति को निरंतर बनाए रखें और भाजपा को पूरा सहयोग दें। इस अवसर पर कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि किसान के साथ-साथ लघु उद्योग व दुकानदारों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आज सफल व्यापारी सम्मेलन का आयोजन कर व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला चेयरमैन रविन्द्र बापोड़ा ने अपनी छाप छोड़ी। युवाओं के साथ साथ व्यापारियों में भी इस युवा ने बनाई अपनी पकड़ बनाई है।

रविन्द्र बापोड़ा तोशाम हल्के के लिये तो नया नाम नही है तोशाम के युवाओ पर अच्छी पकड़ होने कारण रविन्द्र बापोड़ा ने पिछले समय में तोशाम कैरू व बजिना व बापोड़ा में काफी सफल कार्यक्रम किये है लेकिन भिवानी में ऐसा सफल आयोजन करके रविन्द्र बापोड़ा ने शिर्ष नेतृत्व का ध्यान अपनी तरफ खींचने का कार्य किया । 3 से 4 दिन के समय में इस प्रकार का आयोजन अपने आप में सराहनीय है। भिवानी में व्यापारियों के कार्यक्रम में पहली बार इतना उत्साह दिखाई दिया।भिवानी का व्यापारी भाजपा मय दिखाई दिया । इस युवा ने 3 से 4 दिन में ही भिवानी के व्यापारियों से स्वयं साथियों को साथ ले जाकर निमंत्रण दिया व उनको अपनी तरफ खींचने का कार्य किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी मनीष मित्तल, युवा आयोग के चेयरमैन मुकेश गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह, संदीप श्योराण, हर्षवर्धन मान, वीरेन्द्र कौशिक, रामदेव तायल, धर्मवीर नेहरा, शैलेन्द्र जैन, भानुप्रकाश, नवीन गुप्ता, दीपक अग्रवाल तौला, राकेश गौड़, हर्षदीप डूडेजा, राजकुमार यादव, संजय कुमार व अन्य व्यापारिक संस्थाओं के प्रधान मौजूद रहे।

# आप का धरना सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए अपनाया गया हथकंडा: राजकुमार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** जनचेतना पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार गुप्ता ने बताया कि आम आदमी पार्टी के द्वारा किए गए नगर निगम के बाहर धरने-प्रदर्शन को सस्ती लोकप्रियता का हथकंडा बताते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता पहले ये तय करें व लोगों को बताएं कि इन्होंने आज तक भाजपा नीत मनोहर सरकार के बरखिलाफ इन्होंने कौन सा धरना प्रदर्शन या विरोध जाहिर किया है बल्कि इन्होंने अपने दोनों पार्षद जो पूर्व की एचडीएफ जिसका विलय आम आदमी पार्टी में हो गया है उनको कैसे चोर दरवाजे से भाजपा में एंट्री करवाई गई। जिसके बारे में आज तक एचडीएफ (आम आदमी पार्टी) के द्वारा इन दोनों पार्षदों के खिलाफ कोई भी निष्कासन पत्र या पार्टी से निकालने बारे कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिससे यह बात साबित हो जाती है कि अम्बाला में चल रहा ठगबंधन आम आदमी पार्टी और भाजपा का है। आम आदमी पार्टी भाजपा की बी टीम की तरह काम करती आई है। इन्होंने हमेशा भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए वोट काटने की राजनीति की है।

राजकुमार गुप्ता ने आप के प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता के बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि उन्होंने बिन सोचे समझे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के चक्कर में जगाधरी गेट के धरना प्रदर्शन में अम्बाला की लोकप्रिय मेयर शक्तिरानी शर्मा के ऊपर मनगढंत आरोप लगाए। सुशील गुप्ता पहले ये बताए कि उनकी पार्टी ने किसी भी विपदा के समय चाहे वह कोरोना काल की हो या अन्य कोई विपदा हो कभी भी अम्बाला की जनता को कोई राहत पहुंचाने का कार्य किया है जिस तरह से हरियाणा जनचेतना पार्टी ने कोरोना काल में किया है या उसके बाद भी आज तक हर हफ्ते फ्री मैडीकल कैंप लगाकर लोगों की सेवा करने का कार्य किया है क्योंकि यह जगजाहिर है कि अम्बाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा जब से मेयर बनी हैं उन्होंने सारी सरकारी सुविधाओं को दरकिनार करते हुए अम्बाला शहर के लोगों की सेवा को अपना प्रथम कर्तव्य माना है।

# बोह गांव में सेचुरेशन कैंपेन लगा ग्रामीणों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी के बोह में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन सुरक्षा संत्पिता अभियान सेचुरेशन कैंपेन के अंतर्गत ग्रामीणों को इंडियन बैंक बोह शाखा द्वारा सभा का आयोजन किया गया जिसमें बैंक के ईडी महेश बजाज चेन्नई हैड कवाटर से यहां पहूंचे और लोगों को जन सुरक्षा अभियान क तहत जागरूक किया। यहां पर लोगों को पीएमजेजेबीवी योजना के बारे में जागरूक



किया गया। जिसमें 436 रुपएं में 2 लाख का दुर्घटना बीमा होता है जबकि पीएमएसबीवाई के तहत मात्र 20 रुपए में 2 लाख का बीमा किया जाता है। आज इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया और प्रधानमंत्री की नीतियों की जमकर सराहना की। इस दौरान इंडियन बैंक की शाखा का भी शुभारंभ किया गया।
इस अवसर पर अवनीश प्रधान एअंचल प्रबंधक एकरनाल ने कहा कि अब यह हम सबकी जिम्मेवारी है कि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए। आइए हम सब मिलकर इस योजना को सफल बनाने में हर संभव प्रयास करें।
गौरव कुमार गुप्ता अंचल प्रबंधक पुनीत कुमार, ब्रांच मैनेजर जय कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में विजय कुमार सारंगी क्षेत्र महाप्रबंधक चंडीगढ़ ने कहा कि यह भारत सरकार की गरीबों के लिए योजना है । इसका भर पूर लाभ उठाए ।

# रेहड़ी-फड़ी वालों के समर्थन में विवेक ललाना बोले दुष्यंत चौटाला से मिलेंगे

## यदि प्रशासन इतना भी नहीं कर सकता तो इन्हें इच्छा मृत्यु की अनुमति दे दी जाए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**रेहड़ी फड़ी** लगाने को लेकर शहर के बस स्टैंड पर जजपा प्रदेश परवक्ता विवेक ललाना ने रेहड़ी फड़ी संचालकों का साथ देते हुए धरना प्रदर्शन किया और बस स्टैंड के पास बैठकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं जजपा नेता विवेक ललाना ने कहा की अधिकारी गरीब रेहड़ी संचालकों पर अत्याचार कर रहे हैं और दबाव में आकर उसे मल्टी लेवल पार्किंग का रास्ता बता रहे हैं। उन्होंने बताया कि रिकार्ड में वह जमीन ग्रीन एरिया जोहड़ में आती है लेकिन अधिकारी उसे मल्टी लेवल पार्किंग का रास्ता बता रहे हैं और रेहड़ी फड़ी संचालकों के पेट पर लात मारने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा की रेहड़ी फड़ी लगाने वाले 70 परिवार प्रशासन की कूटनीति के कारण पिस रहे हैं और दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं । उन्होंने कहा कि या तो रेहड़ी फड़ी संचालकों के लिए कोई स्थान निर्धारित



किया जाए या फिर इन रेहड़ी फड़ी संचालकों का घर का खर्च व बच्चों की पढ़ाई का खर्च प्रशासन द्वारा उठाया जाए। यदि प्रशासन इतना भी नहीं कर सकता तो इन्हें इच्छा मृत्यु की अनुमति दे दी जाए विवेक ने आरोप लगाए कि रोडवेज जीएम ने किसी के दबाव में आकर इस जगह को ग्रीन एरिया ना कहकर मल्टी लेवल पार्किंग का रास्ता बता रहे हैं जबकि यह जगह ग्रीन एरिया की है। उन्होनें यह भी कहा कि वे डिप्टी सीएम को पार्षद के लैटर हेड पर इस सबंध में जानकारी देंगे। उन्होनें बताया कि मार्च 2018 में सीएम ने इस सबंध में रेहड़ी फड़ी वालों के लिए जगह की घोषणा की थी लेकिन आज तक इसे पूरा ही नहीं किया गया। उन्होनें कहा कि जब तक प्रशासन की ओर से रेहड़ी फड़ी संचालको को उचित स्थान नहीं मिल जाता तब तक उन्हे बस स्टैंड की दीवार के पास नाले पर ही उनकी रेहड़ी फड़ी लगाने दी जाए। वहीं रेहड़ी फड़ी संचालकों का कहना है कि प्रशासन से उनकी सिर्फ एक ही मांग है कि उन्हें कोई निर्धारित स्थान दिया जाए जहां पर वह अपनी रेहड़ी फड़ी लगा सकें और अपने परिवारों का पालन पोषण कर सकें ।

# नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस चलाएगी बड़ा अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निर्देशानुसार मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के खिलाफ अम्बाला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मादक पदार्थो की तस्करी के मामलों में अनुसंधान अधिकारियों द्वारा नियमानुसार त्वरित उचित कार्यवाही करने हेतू किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक होता है इस सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए पुलिस आफिसर इन्स्टीट्यूट अम्बाला शहर में उप-पुलिस अधीक्षक बराड़ा अनिल कुमार की अध्यक्षता में वर्कशाप का आयोजन किया गया।
जिसमें कार्यालय पुलिस अधीक्षक अम्बाला से जिला न्यायवादी विपिन गुप्ता ने अनुसंधान अधिकारियों को इस सम्बन्ध में आवश्यक

**8 उप-पुलिस अधीक्षक बराड़ा अनिल कुमार की अध्यक्षता में वर्कशाप का आयोजन किया गया**

जानकारियाँ दी। इस वर्कशाप में जिला अम्बाला के सभी पुलिस थानों से लगभग 50 अनुसंधान अधिकारियों ने भाग लिया। इस वर्कशाप का मुख्य उद्देश्य अनुसंधान अधिकारियों द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ नियमानुसार शीघ्रातिशीघ्र उचित कार्यवाही करने हेतू किन-किन नियमों का ध्यान रखना अनिवार्य है जिससे नशा तस्करों के खिलाफ उचित समय पर सही कार्यवाही की जा सके और नशा तस्करी पर रोक लगाई जा सके। इस बारे में अधिकारियों को अवगत करवाया और उन्हे नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने के तरीकों से अवगत करवाया।

# दिनभर बिजली सप्लाई बंद होने से लोग हुए परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला के 11 केवी सुल्तानपुर फीडर, 11 केवी सब्जी मंडी फीडर व, 11 केवी अशोक विहार फीडर पर मरम्मत व पेड़ो की छंटाई का कार्य किया जा रहा था। जिसके कारण 11 केवी जगाधरी गेट व 11 केवी डंग डेहरी एपी फीडर की सप्लाई सेफ्टी के चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सप्लाई 10 बजे से 3.32 तक बाधित रही। हालांकि विभाग की ओर से

**8 एपी फीडर की सप्लाई सेफ्टी के चलते शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सप्लाई 10 बजे से 3.32 तक बाधित रही**

कहा जा रहा था कि बिजली 3 बजे आ जाएगी। इस दौरान नाहन हाउस, बकरा मंडी, त्रिवेणी रोड 4 नबंर चौकी, कैथमाजरी, ओल्डसब्जी मंडी, न्यू सब्जी मंडी, अशोक विहार , न्यू शिवालिक कालोनी, शिवालिक कालोनी, निर्मल विहार, तंबाकू फैक्ट्री, शालीमार, न्यू शालीमार व कमल विहार, मनमोहन नगर व मोटर मार्केट, राम नगर, पालिका विहार, काजीवाड़ा, पटेल रोड, सोहनलाल स्कूल, नाहन हाउस, हरी मंदिर सहित कई अन्य स्थानों पर बिजली सप्लाई बाधित रही।
जिसके कारण लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि आज सुबह से ही सिटी मीडिया के कार्यालय में लोगो के फोन आ रहे थे।

# राजस्थान से चुरापोस्त लाकर सप्लाई करने वाला एक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**नांगल** चौधरी पुलिस ने सूचना के आधार पर 5 किलोग्राम चुरा पोस्त पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। साथ ही चुरा पोस्त सप्लाई करने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। डयूटी मजिस्ट्रेट डीटीसी अनिल कुमार की देखरेख में पकड़े गए चुरापोस्त को सील किया गया। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रामनाथ को लगातार चुरा पोस्त भुक्की सप्लाई करने की जानकारी मिली थी। जिस पर अमल करते हुए रात से ही पुलिस सप्लायर को पकड़ने की फिराक में थी।

# शिकायत करने वाली पत्नी ही निकली अपने पति की हत्यारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**प्रेम प्रसंग के** चलते अंबाला छावनी के निकटवर्ती गांव मंगलई में पत्नी ने अपने ही पति की प्रेमी के साथ मिलकर हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। महेश नगर के थाना प्रभारी राम पाल सिंह ने बताया कि इस मामले में खास बात यह रही कि मृतक की पत्नी ने ही शिकायत दर्ज करवाई थी लेकिन इस मामले में जब हमने जांच की गई तो पाया कि महिला के कच्चा बाजार के उक्त युवक से संबंध थे। इसी के चलते उसने अपने पति की हत्या की । उन्होंने बताया कि पुलिस ने



युवक को गिरफ्तार करने के बाद उसका रिमांड लिया गया तथा इस दौरान हत्या में प्रयोग किए हथियार को भी बरामद किया गया। युवक की पत्नी को भी गिरफतार किया गया। आज दोनों को अदालत में पेश करने पर जेल भेज दिया गया। महेश नगर थाना प्रभारी रामपाल ने बताया कि करीब चार साल पहले मृतक लाल बच्चन की पत्नी मंगलई की फैक्टरी में काम करती थीए वहीं आरोपी के साथ उसकी मुलाकात हुई। दोनों में प्रेस प्रसंग शुरू हो गया। उस समय फैक्टरी

**8 युवक को गिरफ्तार करने के बाद उसका रिमांड लिया गया तथा इस दौरान हत्या में प्रयोग किए हथियार को भी बरामद किया**

में पता लगते ही दोनों को निकाल दिया था। तभी से आरोपी ई.रिक्शा चलाता था और वह घर पर ही रहती थी। फोन पर घंटों बातें चलती थी। दोनों के हमेशा साथ रहने के लिए लाल बच्चन की हत्या करने का मन बना दिया। करीब 15 दिन पहले दोनों ने मिलकर पता लगाया कि आखिर किस रास्ते से काम पर आता जाता है। हत्या करने के बाद प्रेमी ने फोन कर बताया था कि उसने चोटें तो मार दीए लेकिन पता नहीं कि वह मरा है कि नहीं।
सुबह प्रेमिका ने फिर फोन किया कि काम हो गया है। मौत के बाद पत्नी बिहार अपने ससुराल चली गई थी और कुछ दिन पहले ही लौटी है।
मृतक गांव मंगलई निवासी लाल बच्चन किराये पर रहता था और मूलरूप से बिहार के तेतरिया नरहा मलटोली का रहने वाला था। शादी के बाद दो बच्चे हैं। लाल बच्चन राजमिस्त्री के साथ लगा हुआ था। रोजाना की तरह 10 अप्रैल को वह मजदूरी करने के लिए गया था। वैसे तो वह शाम को ही घर आ जाता थाए लेकिन देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा।

# पेंशन संकल्प साइकिल यात्रा का होगा भव्य स्वागत: डॉ. रविदत्त शर्मा

## सभी स्थानों पर पुष्प वर्षा व पुष्प मालाओं से सामाजिक व कर्मचारी संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
पैशन बहाली संघर्ष समिति, कुरुक्षेत्र द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रदेश भर में चल रही साइकिल संकल्प यात्रा का कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी व समस्त कर्मचारी संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, विभिन्न एसोसिएशन, संघो द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा।जानकारी देते हुए जिला प्रधान नरेश फुले व महासचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र में झिरबड़ी में जिला कार्यकारिणी द्वारा स्वागत किया जाएगा। उसके बाद यात्रा का उमरी चौंक,जिंदल सिटी,सेक्टर 2,पैराकीट पिपली, पी डब्ल्यू डी ऑफिस, नजदीक गीता द्वार,सेक्टर 5,नया बस स्टैंड,मोहन नगर,पुराना बस



अड्डा,अम्बेडकर चौक, गुरुद्वारा छट्टी पातशाही,देवी लाल चौक,नीलकंठ यात्री निवास,जाट धर्मशाला, बाल्मीकि चौक,नागरिक अस्पताल, द्वितीय गेट,विश्विद्यालय के बाद यूनिवर्सिटी के तीसरे गेट पर समापन होगा। प्रवक्ता अमरजीत पांचाल व अनिल सैनी ने बताया कि सभी स्थानों पर पुष्प वर्षा व पुष्प मालाओं से सामाजिक व कर्मचारी संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा।इसके लिए प्रभारियों की ड्यूटी निश्चित की गई है यूनिवर्सिटी के तीसरे गेट पर राज्यप्रधान बिजेंद्र धारीवाल व अन्य नेताओं का सम्बोधन होगा।कुलदीप शर्मा व जितेन्द्र ने बताया कि रात्रि ठहराव कुरुक्षेत्र में होगा जहां बिजेंद्र धारीवाल विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रधानों से मन्त्रणा करेंगे। व सुबह यमुनानगर के लिए यात्रा प्रस्थान करेगी जिसमे जिले से सैकड़ों कर्मचारी साथ रहेंगे।

**8 रात्रि ठहराव कुरुक्षेत्र में होगा जहां बिजेंद्र धारीवाल विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रधानों से मन्त्रणा करेंगे**

# हजारों नशीले कैप्सूल सहित डेहा कालोनी के बंटी को रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अबांला** में पुलिस ने ड्रग्स की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को काबू किया है, जिसके कब्जे से ट्रामाडोल के 10 हजार 800 नशीले कैप्सूल बरामद हुए हैं। इनका वजन करने पर 5 किलो 823 ग्राम हुआ है।
पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करके गहन पूछताछ में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, टीम हरि पैलेस मोड़ के पास गश्त पर तैनात थी। इस दौरान गुप्त सूचना मिली कि डेहा कॉलोनी निवासी बंटी नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। आरोपी अंबाला कैंट से नशीले कैप्सूल लेकर अपने घर की तरफ जाएगा। पुलिस ने रात 11 बजे



हरि पैलेस के पास नाकाबंदी करके मुखबिर के इशारे पर काबू किया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक प्लास्टिक का कट्टा बरामद किया, जिसकी तलाशी लेने पर नशीले कैप्सूल के 45 डिब्बे बरामद किए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर ले लिया है। इस दौरान पुलिस आरोपी से पूछताछ करेगी कि वह नशा कहां से लेकर आता था और किसको सप्लाई करता था। एएसपी ने कहा कि अम्बाला पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई कर रही है।

# एसएचजी के उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री के लिए बनेगा पोर्टल

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिए की बड़ी घोषणाएं, भविष्य में राज्य में जितने भी राशन डिपो अलॉट होंगे, उनमें 33 प्रतिशत डिपो महिलाओं को देने का निर्णय सरकार ने लिया**

**8 यदि कोई स्वयं सहायता समूह राशन डिपो के लिए आवेदन करता है तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कई बड़ी घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि भविष्य में राज्य में जितने भी राशन डिपो अलॉट होंगे, उनमें 33 प्रतिशत डिपो महिलाओं को देने का निर्णय सरकार ने लिया है। यदि कोई स्वयं सहायता समूह राशन डिपो के लिए आवेदन करता है तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, पंचायत की जमीन या तालाब का मछली पालन के ठेके के लिए भी सेल्फ हेल्प ग्रुप आवेदन करता है तो



उन्हें नीलामी की राशि में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को चंडीगढ़ में ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान घोषणा करते हुए कहा कि भविष्य में राज्य में जितने भी राशन डिपो अलॉट होंगे, उनमें 33 प्रतिशत डिपो महिलाओं को देने का निर्णय सरकार ने लिया है। यदि कोई स्वयं सहायता समूह राशन डिपो के लिए आवेदन करता है तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा, पंचायत की जमीन या तालाब का मछली पालन के ठेके के लिए भी सेल्फ हेल्प ग्रुप आवेदन करता है तो उन्हें नीलामी की राशि में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि बस स्टैंड पर भी जो दुकानें लॉटरी या किसी अन्य तरीके से आवंटित की जाएंगी तो 25 प्रतिशत सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के लिए आरक्षित रखी जाएंगी। यदि यह दुकानें नीलामी के माध्यम से आवंटित की जाएंगी तो एसएचजी को नीलामी की राशि में 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उन्होंने कहा कि यदि स्वयं सहायता समूह के किसी सदस्य के परिवार की आय 1.80 लाख रुपये से अधिक बढ़ती है तो 1 वर्ष के लिए उनका राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड नहीं काटा जाएगा। संवाद के दौरान सेल्फ हेल्प ग्रुप के लाभार्थियों ने आज उनके लिए की गई बड़ी घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा एसएचजी को रिवाल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश फंड और क्रेडिट लिंकेज स्कीम के तहत प्रदान की जा रही वित्तीय सहायता से उन्हें व्यापार चलाने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आती है, इसके लिए भी सरकार का बहुत धन्यवाद। एसएचजी की महिलाओं ने राज्य सरकार द्वारा विशेष रूप से महिलाओं को समाज में आगे बढ़ाने के लिए दिए जा रहे अधिकारों के लिए भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यालय में एक कॉल सेंटर स्थापित किया जाएगा ताकि सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़े लाभार्थी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 812 थी। वर्ष 2014- 15 में सत्ता संभालने के बाद से ही हमारी सरकार ने स्वयं सहायता समूह की ओर ध्यान दिया और पहले ही साल में 2100 नए सेल्फ हेल्प ग्रुप्स बने और आज साढ़े 8 साल के बाद प्रदेश में कुल 57,376 स्वयं सहायता समूह हैं। इन्हें 54 करोड़ 57 लाख रुपये रिवोलविंग फण्ड मिलेगा।

## '880 करोड़ रुपये बैंक क्रेडिट लिकेज प्रदान किया'

**285** करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश फण्ड और लगभग 880 करोड़ रुपये बैंक क्रेडिट लिकेज प्रदान किया गया है। इतना ही नहीं, सरकार ने रिवोलविंग फंड की राशि को 10,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसएचजी से जुड़कर महिलाएं स्वरोजगार अपनाकर अपने परिवार का पालन - पोषण तो कर ही रही हैं, साथ ही अन्य महिलाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। इसलिए सेल्फ हेल्प ग्रुप की बजाय इन्हें सोशल हेल्प ग्रुप कहना सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 6 लाख महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सिद्ध कर दिया है कि वे समाज की सच्ची ताकत हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी हुई महिलाओं को सराहनीय कार्यों व समाज में योगदान देने के लिये विभिन्न संस्थाओं व संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया है। जिला गुरुग्राम के गांव चांदू निवासी श्रीमती पूजा शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2022 के अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# रेवाड़ी में हुआ नहर आधारित पेयजल परियोजना का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को रेवाड़ी के गाँव नांगल मूँदी व लाला ग्राम में लगभग साढ़े छह करोड़ की लागत से बनने जा रहे नहरी आधारित जल वितरण परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कहा कि गाँव लाला में दो करोड़ 88 लाख व गांव नांगल मूँदी में तीन करोड़ 47 लाख 60 हजार की नहरी जल परियोजना से इन दोनों गाँव के अलावा करीब के कई अन्य गाँव भी लाभान्वित होंगें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की 'हर घर नल से जल' स्कीम के तहत गांव के सभी घरों में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पीने का स्वच्छ जल वितरित किया जा रहा है। यह सरकार की कल्याणकारी एवं व्यवस्था परिवर्तन की नीतियों का ही फल है कि बावल विधानसभा क्षेत्र में 2014 से पहले पेयजल की जो भीषण समस्या थी उस समस्या से अब पूरी तरह से नियंत्रण पा



**8 गांव के सभी घरों में 70 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से पीने का स्वच्छ जल वितरित किया जा रहा है**

लिया गया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछले आठ सालों में हरियाणा में सरकार ने जो कल्याणकारी फैसले लिए है उनकी चर्चा देश भर में हो रही है चाहे वो लाल डोरा खत्म करने का निर्णय हो या फिर सरकारी सुविधाओं को ऑनलाइन माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना हो या पशुपालन ऋण व स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आमजन को आत्मनिर्भर बनाने का फैसला हो। सभी योजनाएं जन हितकारी साबित हुई है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास रोटी, कपड़ा, मकान व रोजगार में से कोई भी मुद्दा उछालने के लिए नहीं बचा है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की योजना एवं आयुष्मान भारत की नवीनकरण योजना चिरायु हरियाणा योजना जैसे कार्यों ने सरकार के अंत्योदय सिद्धांत को चरितार्थ किया है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता वीर कुमार यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता सतीश राठी, कार्यकारी अभियंता रविन्द्र गोठवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 'भट्टू क्षेत्र में सेम की समस्या का किया जाएगा स्थाई समाधान'

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/ फतेहाबाद**
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भट्टू क्षेत्र में सेम की समस्या का समाधान करने के लिए हिसार-घग्गर ड्रेन की सफाई की जाएगी। इसके अलावा किसानों को खेतों के लिए सोलर पम्प दिए जाएंगे। किसान पोर्टल पर सोलर पंप लगाने के आवेदन के लिए आगे आए, सरकार उनको प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने अधिकारियों को सेम की समस्या के समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले तीन वर्षों में सेम और जलभराव की समस्या से समाधान के लिए 1900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम किया है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत



चौटाला शनिवार को फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव पीली मंदोरी, ढाबी कलां, खाबड़ा कलां, किरढान, नहला और ढाणी गोपाल में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने नागरिकों की जन समस्याएं भी सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गांवों की ढाणियों में पीने के पानी की सप्लाई 'जल जीवन मिशन' के तहत दी जाएगी। इसके लिए नागरिक अप्लाई कर सकते हैं। खेतों के रास्तों को खेत-खलिहान योजना के तहत पक्का करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल में आम आदमी बेहतरी के लिए काम किया है।
उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे गांव की सामूहिक मांगों को ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से सरकार के पास भेज सकते हैं, सरकार उन पर काम करेंगी।

## स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर करने की घोषणा की

**उपमुख्यमंत्री** ने गांव पीली मंदोरी में गांव के दोनों स्कूलों के नाम शहीद विकास राहड तथा मनोज दहिया के नाम पर करने की घोषणा की। स्टेडियम का नाम शहीद जगदीश कड़वासरा के नाम पर करने की सिफारिश की। उन्होंने गांव पीली मंदोरी में कम्युनिटी सेंटर बनाने, नहरी नाली की समस्या का समाधान करने, डिजीटल लाइब्रेरी स्थापित करने, स्कूल में सोलर सिस्टम लगाने, खेतों के रास्तों को पक्का करने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने गांव ढाबी कलां में राशन कार्ड एवं पीपीपी के लिए गांव में ही दो दिन का कैंप लगाने, पेयजल के लिए नये मोगे लगाने की मंजूरी दी।

## मैनेजर से परेशान फोरमैन ने घर पर पंखे से ली फांसी

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
**दोसडका में** टाटा पोस्को मोटर में कार्यरत फोरमैन राजेंद्र कुमार ने अपने मैनेजर द्वारा प्रताड़ित किए जाने से परेशान यमुनानगर के शिवपुरी कालोनी में अपने घर में शुक्रवार शाम को पंखे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। उसके जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला। कमरे में अंदर से बंद दरवाजे को तोड़कर शव को नीचे उतारा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिजन के बयान के आधार पर टाटा मोटर के मैनेजर व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

## उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का गुरुग्राम दौरा आज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 18 जून को गुरुग्राम जिला का दौरा कर अनेक कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अनेक स्थानों पर आयोजित सभाओं को संबोधित कर नागरिकों की जनसमस्याएं भी सुनेगें।
एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 18 जून को गुरुग्राम जिला के मानेसर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रातः 9.30 बजे जनसभा को संबोधित कर नागरिकों की जनसमस्याएं सुनेंगे। इसके उपरांत वे गांव बास हरिया (अलियर), गांव ढाणा में अमर शहीद संदीप के आवास पर पहुंचेंगे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री गांव ढोरका स्थित जेजेपी कार्यालय, सेक्टर 91 स्थित आरबीएस स्कूल, सेक्टर 90 स्थित रीगल गार्डन सोसायटी, गांव कांकरौला, गांव गढ़ी, गांव हयातपुर स्थित पीएस गार्डन, सेक्टर-88 स्थित ट्यूलिप सोसाइटी, सेक्टर 93 में स्पेज प्रिवी सोसायटी, सेक्टर-86 में बैठक करेंगे।

## अतिथि अध्यापकों ने प्रदर्शन कर सहकारिता मंत्री को सौंपा मांगपत्र

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**
**रेवाड़ी** के बावल शहर में हरियाणा अतिथि अध्यापक संघ के बैनर तले शनिवार को अतिथि अध्यापकों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन व नारेबाजी के बाद सहकारिता मंत्री के निवास पहुंचकर डॉ. बनवारी लाल को मांग-पत्र सौंपा। अतिथि अध्यापक संघ के जिला महासचिव जयपाल ने कहा कि वे पिछले 17 सालों से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में न केवल बच्चों को पढ़ा रहे हैं बल्कि शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में सरकार की हर कोशिश को पूरा करने में लगे हुए है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 14 हजार से ज्यादा अतिथि अध्यापक हैं।

# संघर्ष समिति ने मंत्री से फाइल क्लियर करवाने की मांग उठाई

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**रोड बचाओ सं**घर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओपी कोहली ने हिसार से तलवंडी राणा स्थायी रोड की ग्रामीणों की मांग पर शनिवार को हरियाणा के वन एवं शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री कंवरपाल गुर्जर को बताया कि पिछले लंबे समय से उनकी रोड संबंधी फाइल वन विभाग में अटकी हुई है। प्रधान के अनुसार ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों की मांग है कि वन विभाग से इस फाइल को जल्द क्लियर करवाकर रोड को जल्द बनवाने में उनकी सहायता करें। इस पर मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने वन विभाग के चीफ ऑफिसर को फोन मिलाकर ग्रामीणों की रोड संबंधी फाइल को जल्द से जल्द

**8 छात्र, मजदूर, किसान, फल, सब्जी, दूध विक्रेता आदि को भी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है**

निकलवाने के निर्देश दिए। कोहली ने मंत्री को यह भी बताया कि यह रोड नहीं बनने से गांव की बेटियां जो शहर के स्कूल कॉलेजों में पढ़ने के लिए जाती हैं उन्हें सात किलोमीटर के सफर की बजाय 32 किलोमीटर का सफर तय करके अपने शिक्षण संस्थानों तक पहुंचना पड़ रहा है। रोजाना शहर में जाने वाले कर्मचारी, छात्र, मजदूर, किसान, फल, सब्जी, दूध विक्रेता आदि को भी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# गृहमंत्री शाह की रैली में चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस तैनात

**8 यूनिटों में 50 इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी, 30 ट्रैफिक पुलिस अधिकारी और 200 महिला पुलिस के जवान शामिल**

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़**
**केन्द्रीय गृहमंत्री अ**मित शाह की सिरसा रैली के दौरान कई संगठनों द्वारा विरोध का ऐलान किए जाने के बाद पुलिस ने रैली की सुरक्षा को और मजबूत कर दिया है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक पी.के. अग्रवाल ने शनिवार को अधिकारियों की बैठक लेकर गृहमंत्री शाह की सुरक्षा को लेकर रिव्यू किया। शनिवार को पूरे प्रदेश में असामाजिक तत्वों की धरपकड़ भी जारी रही। रैली के दौरान पुलिस महानिदेशक खुद ओवर ऑल सुरक्षा प्रबंधों पर नजर रखेंगे। हरियाणा में राजनीतिक



दलों के साथ ही पंच-सरपंच और खापों द्वारा गृहमंत्री के सिरसा दौरे के विरोध का ऐलान किया जा चुका है। रैली के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना या विरोध प्रदर्शन आदि न हो इसके लिए 15 सीनियर आईपीएस और 30 से अधिक डीएसपी स्तर के अधिकारियों को सुरक्षा में तैनात किया गया है। गृहमंत्री की सुरक्षा के लिए पुलिस की 11 यूनिट बनाई गई हैं।
हर यूनिट का इंचार्ज एक आईपीएस अधिकारी को बनाया गया है। इन यूनिटों में 50 इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी, 30 ट्रैफिक पुलिस अधिकारी और 200 महिला पुलिस के जवान शामिल किए गए हैं। सभी यूनिटों में सात सौ के करीब एनजीओ कर्मचारी तैनात किए गए हैं। आईपीएस अधिकारियों के साथ ही 27 डीएसपी रैंक के अधिकारियों को भी केंद्रीय गृह मंत्री की सुरक्षा में तैनात किया गया है। इनमें पलवल, सोनीपत, रोहतक, फरीदाबाद के डीएसपी के अलावा मुख्यालय में तैनात अधिकारियों को शामिल किया गया है।



# महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत** ब्लाक मुरथल के गांव भिगान में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड ऑफ इंडिया, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन सोनीपत, द्वारा महिला वित्तीय जागरूकता एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें हरियाणा ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।महिलाओं को वित्तीय सशक्तिकरण के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जितेन्द्र चौहान डी पी ओ मुरथल सम्माननीय अतिथि मोनिका शर्मा जिला पार्षद सोनीपत एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अजय जी डी पी एम एच एस आर एल एम सोनीपत सूर्यकान्त शर्मा मुख्य सलाहकार ऐम्फी एवं डा जयपाल जिन्दल ने दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । अतिथियों का पुष्प गुच्छ दे कर एवं शाल उड़ा कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जितेन्द्र चौहान जी ने अपने संबोधन कहा कि आज के समय मे महिलाए दोहरी जिम्मेदारी निभा रही है। घर संभालने के साथ रोजगार भी करती है। अंत मे उन्होंने कहा कि इस



प्रकार की जानकारी सभी के लिए लाभदायक है विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं के लिऐ कार्यक्रम के मुख्या वक्ता सूर्यकांत शर्मा मुख्य सलाहकार, एसोसिएशन ऑफ म्यूअल फंड आफ इण्डिया ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे अटल पेन्शन योजना, सुकन्या योजना एवं जन धन योजना के बारे में जानकारी दी और समझाया की कैसे इन योजनाओं के माध्यम से वे लाभ उठा सकती हैं । उन्होंने कहा कि इस महामारी के समय ये योजनाएँ और भी लाभकारी सिद्ध हो रही है और समझाया कि हम सबको अपनी वित्तीय स्थिति एवं लक्ष्यों को ध्यान में रखकर ही निवेश करना चाहिऐ उन्होनें विभिन्न उदाहरणों के द्वारा महिलाओ को बचत और निवेश के बारे में समझाया और दोनों के बीच का अन्तर भी बताया। उन्होंने मुच्यल फण्ड के विषय में विस्तार से समझाया और बताया आम निवेशक इनमें निवेश कर कर कैसे लाभान्वित हो सकते हैं कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय जी ने अपने उदबोधन में महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण स्वरोजगार ,परिवार एवं समाज को आत्मनिर्भर बनाने में सहकारिता की उपयोगिता बारे विस्तार से बताया। सम्माननीय अतिथि मोनिका शर्मा जिला पार्षद सोनीपत ने समझाया कि महिला शिक्षा के माध्यम से परिवार एवं देश प्रगति के पथ बढ़ेगा उन्होंने ने अपने संबोधन में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन के लिए ऐम्फी प्रशंसा एवं धन्यवाद किया डा० जयपाल जिन्दल ने महिलाओं को वर्तमान समय में हो रहें वित्तीय छल- कपट से सावधान रहने की अपील की और विभिन्न प्रकार की पौन्जी एवं फ्राड स्कीमों के बारे में समझाया की कैसे इन स्कीमों में निवेश करने से हमारी मेहनत की कमाई लुट जाती है साथ ही इनसे बचने के लिए जरूरी उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में बचत करने और सही जगह निवेश करने के लिए प्रेरित किया।

# सांस के लिए हांफते शहर में पेड़ों की कटाई अंतिम उपाय हो: हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हाईकोर्ट** ने कहा कि सांस के लिए हांफते शहर में पेड़ों की कटाई अंतिम उपाय होना चाहिए। अदालत ने दिल्ली विकास प्राधिकरण और अन्य को वसंत कुंज स्थित एक भूखंड पर पेड़ों की कटाई से रोक दिया है। अदालत ने साथ ही डीडीए व अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने आदेश में कहा कि यदि कोई अन्य वैकल्पिक साइट उपलब्ध है, तो उसे अवश्य देखा जाना चाहिए।

अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख तक प्रतिवादियों को सेक्टर ए पॉकेट्स बी एंड सी, वसंत कुंज, नई दिल्ली में शामिल भूखंड पर भूमि की सफाई और पेड़ों की कटाई से रोक दिया है। अदालत ने मामले की सुनवाई 3 जुलाई तय की है। अदालत ऑल रेजिडेंट वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीलम अर्पित ब्रांड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड,

**8 अदालत ने साथ ही डीडीए व अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है**

डीडीए और अन्य को जमीन के टुकड़े पर प्रस्तावित कॉम्प्लेक्स के साथ आगे बढ़ने से रोकने की मांग की गई थी। याचिका में प्रस्तावित परिसर को वैकल्पिक भूखंड पर स्थानांतरित करने की भी प्रार्थना की गई थी।

**अग्रिम जमानत सिर्फ असाधारण मामलों में दी जानी चाहिए:** दिल्ली की एक अदालत ने संगठित साइबर अपराध में शामिल आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इन्कार करते हुए कहा, अग्रिम जमानत एक असाधारण उपाय है और केवल असाधारण मामलों में दी जानी चाहिए। अवकाशकालीन जज अपर्णा स्वामी ने शिवम कुमार की याचिका को खारिज कर दी और उन्हें जांच में शामिल होने का निर्देश दिया। जज ने 12 जून के आदेश में कहा, वर्तमान मामले में अग्रिम जमानत देने लायक नहीं है। इस मामले में 600 पीड़ित हैं, जिनके साथ 4.47 करोड़ रुपये का फजीवाड़ा हुआ। सात राज्यों की साइबर पुलिस ने आरोपी की कंपनी के बैंक खाते सीज करने का नोटिस जारी किया। जज ने कहा, यह एक आर्थिक अपराध है, इसे जमानत के मामले में सख्ती से निपटा जाना चाहिए। मामले को तार्किक अंत तक ले जाने के लिए, इसकी विस्तृत जांच जरूरी है, जो आवेदक/आरोपी से निरंतर पूछताछ पर निर्भर है। आरोपी ने अग्रिम जमानत मांगते हुए दावा किया था कि वह कंपनी में केवल एक निदेशक है और अपराध में उसकी कोई भूमिका नहीं है। उसे मामले में झूठा फंसाया गया है। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए तर्क दिया कि पीड़ितों से ठगी गई 14 लाख रुपये की राशि अभी तक बरामद नहीं हुई है और साजिश का पता लगाने के लिए उससे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है।

## नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत प्रेमनगर में कार्यक्रम आज

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**भारत सरकार** के दिशा निर्देशों के अनुसार 12 जून से 26 जून तक आयोजित किए जाने वाले श्विश्व ड्रग्स निरोधक दिवस तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने व नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए देश व प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस पखवाड़े के तहत जिला पुलिस द्वारा 18 जून को सुबह 10 बजे कम्यूनिटी सेंटर प्रेम नगर में एक प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक नायब सिंह द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नशे के प्रति और आमजन को इक्ा करके नशा ना करने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी पर पीछे बैठे छात्र की मौत

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। रेलवे रोड पर पैट्रोल पम्प के समीप शनिवार को दोपहर बाद ट्रैक्टर की स्कूटी से टक्कर हो गई। टक्कर होने से स्कूटी सवार चालक व उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए गन्नौर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में दाखिल करवाया। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार बीएसटी निवासी हार्दिक अबरोल गाजियाबाद में अपने मामा के घर गया हुआ था। शनिवार को वह हरियाणा रोड़वेज की बस में बैठकर गन्नौर जी टी रोड चौक पर पहुंच गया। जी टी रोड





पर पहुंचने के बाद उसने अपने साथी हर्ष को बीएसटी कालोनी से बुला लिया। उसके बाद हार्दिक को लेने के लिए हर्ष जी टी रोड चौक पर पहुंच गया। जब दोनो जी टी रोड चौक से वापिस आ रहे थे तो पैट्रोल पम्प के निकट रेलवे रोड पर ट्रैक्टर ने ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। हादसे में दोनो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में दाखिल करवाया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने हार्दिक पुत्र कुमुद ओबरराल की मौत हो गई। जब कि हर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ था।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर निकाली जा रही साइकिल यात्रा का गन्नौर में हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
हरियाणा में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर निकाली जा रही साइकिल यात्रा शनिवार को गन्नौर पहुंची। साइकिल यात्रा का गन्नौर में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान शहर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरानी पेंशन बहाली समिति के प्रदेशाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने कहा नई पेंशन नीति लागू कर सरकार ने कर्मचारियों के साथ अन्याय किया है। नई पेंशन नीति में कर्मचारी को सेवानिवृत्ति पर केवल उसकी जमा पूंजी का 40 प्रतिशत हिस्सा बैंक में निवेश करने पर उसका ब्याज ही मिलता है। इससे उस कर्मचारी का बुढ़ापा कैसे कट सकता है।

हरियाणा सरकार ने अगर पुरानी पेंशन नीति को बहाल नहीं किया तो सरकार को आने वाले समय में इसका खामियाजा भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार अपने तानाशाह रवैया पर आई हुई है।


## एक्शन इंडिया

**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

**ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# हरियाणा वॉलीबाल की टीम में खेल कर लौटी खिलाड़ी मोनिका को किया स्वागत

**8 प्रतियोगिता में रतिराम स्पोर्टस एकेडमी की खिलाड़ी मोनिका ने अपनी टीम को जिताने में महत्वपूर्ण योगदान दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
मध्यप्रदेश के भोपाल में हुई चार दिवसीय 66वीं नेशनल वालीबाल प्रतियोगिता में रतिराम स्पोर्टस एके-डमी की खिलाड़ी मोनिका ने हरियाणा की गर्ल्ज अंडर 19 टीम में खेलने का मौका मिला। प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम प्रथम स्थान हासिल करने में सफल रही। प्रतियोगिता में रतिराम स्पोर्टस एकेडमी की खिलाड़ी मोनिका ने अपनी टीम को जिताने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके चलते पहले में मैच में हरियाणा ने हिमाचल को 13 अंको से पराजित किया। दूसरे



मैच में हरियाणा ने महाराष्ट्र को 25-22 अंक से मात दी। वहीं तीसरे मैच में हरियाणा ने आंध्रप्रदेश की टीम को 25-15 के अंतर से हराया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पश्चिम बंगाल की टीम के साथ हुआ जिसमें हरियाणा को 25 अंक मिले जबकि पश्चिम बंगाल की टीम को 20 अंक ही मिले। प्रतियोगिता का फाइनल मैच हरियाणा ने 5 अंको से जीता। हरियाणा की टीम में खेल कर रतिराम स्पोर्टस एकेडमी खुबड़ू पहुंची खिलाड़ी मोनिका का संचालक रविंद्र धनखड़ व पूरी टीम ने बधाई दी।

## चौधरी ब्रह्म प्रकाश की पुण्यतिथि पर किया गया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के भलस्वा जहांगीरपुरी स्थित वाटर बॉडी पार्क में दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री रहे चौधरी ब्रह्म प्रकाश की 105वीं पुण्यतिथि पर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर मानव सेवा संस्थान की टीम के द्वारा 105 पौधे लगाये गये। कार्यक्रम का आयोजन मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने किया। इस मौके पर



भगत सिंह, सुखबीर सिंह, विरेन्द्र सिंह मट्टू, गोल्डी सरदार, संजय यादव, मानव सेवा संस्थान के दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष साहिल यादव के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मानव सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग की ही जिम्मेवारी नहीं है। यह हम सभी का भी कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाये।

# तनाव से मुक्ति के लिए पांच दिवसीय योग शिविर शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
भारतीय योग संस्थान एवं भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा ने संयुक्त रूप से शनिवार को लहरी सिंह पार्क में पांच दिवसीय मोटापा मधुमेह रोग निवारण शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में योग आचार्य छबील दास ने योग आसन एवं डा. प्रेम ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया। शिविर में पहले दिन 103 लोगों ने हिस्सा लिया। भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान मास्टर ओम प्रकाश ने बताया कि योग के द्वारा मोटापा, मधुमेह व तनाव जैसी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। शिविर में लोगों को मोटापा, मधुमेह व तनाव से मुक्ति पाने के लिए विभिन्न योग व प्रार्णायाम की क्रियाओं का अभ्यास करवाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि यह शिविर 17 से 21 जून तक चलेगा। शिविर में मंच का संचालन मंजु भूटानी ने किया।

## लाखों के तांबे की डकैती मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा नगला चौक रिलायंस पेट्रोल पंप मेरठ रोड पर हरिसंस एनर्जी सेवर फैक्ट्री में से लाखों रुपए के तांबे की डकैती करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस टीम द्वारा गत दिवस आरोपी राजबीर पुत्र किशन लाल वासी कुलदीप नगर पानीपत को विश्वसनीय सूचना पर कुलदीप नगर पानीपत से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पहले तीन आरोपी अलीमुद्दीन, मुस्तफा व इलवेहसन वासियान मेरठ को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक कैंटर बरामद किया गया था। आरोपियों से पूछताछ में जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी चोरी व लूटपाट करने के आदतन अपराधी हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी जल्दी पैसा कमाने के लालच में डकैती व चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

हम जो कि सुनील खत्री पुत्र रणधीर सिंह व पूनम पत्नी सुनील खत्री निवासी पांची रोड गाँधी नगर गन्नौर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत बयान करते है कि हमारी सगी पुत्री सोनाली मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करती हैं। हम सोनाली को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करते है। आज के बाद अगर कोई भी सोनाली से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारी व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल उदय प्रदाप पुत्र स्व. मजोल लाल व चंदा पत्नी मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### चोरी या गुम हुए मोबाइल को उसके आईएमईआई नम्बर के माध्यम से करें ब्लॉक : शशांक कुमार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि जब भी किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन चोरी हो जाता है या कहीं गुम हो जाता है और वह मोबाइल फोन किसी ऐसे व्यक्ति के हाथ में लग जाता है, जो उसका गलत या गैरकानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल कर लेता है। जिसके कारण कई बार फोन मालिक को काफी समस्याओं का सामना करना पड जाता है। उन्होंने कहा कि फोन चोरी होने या गुम होने के बाद फोन मालिक फोन में सक्रिय सिम को तो बंद करवा देते हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में मोबाइल फोन को निष्क्रिय नहीं करवा पाता। जिसके कारण अपराधिक प्रवृत्ति के लोग ऐसे फोन का गैर कानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल करते रहते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चोरी हुए या गुम हुए मोबाइल फोन को निष्क्रिय करने के लिए भारत सरकार द्वारा सेंट्रल इक्विपमेंट आईडेंटिटी रजिस्टर नाम से एक ऑनलाईन पोर्टल जारी किया गया है, जिसके माध्यम से हम एक प्रक्रिया का पालन करके अपने चोरी हुए या गुम हुए फोन को निष्क्रिय कर सकते हैं। सबसे पहले हमें चोरी हुए या गुम हुए मोबाइल फोन में सक्रिय मोबाइल नम्बरों को बंद करवाकर फिर से वही नम्बर जारी करवाने होंगे। उसके बाद भारत सरकार के ऑनलाईन पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सीईआईआर डॉट जीओवी डॉट इन पर क्लिक करना होगा। पोर्टल खोलने के बाद स्क्रीन पर तीन ऑप्शन ब्लॉक स्टॉलन-लॉस्ट मोबाइल, अन.ब्लॉक फाउंड मोबाइल वचैक रिक्वेस्ट स्टेटस के नाम से खुलेंगे। हमें अपने फोन को ब्लॉक करने के लिए ब्लॉक स्टॉलन-लोस्ट मोबाइल पर क्लिक करना होगा और मांगी गई जानकारी दर्ज करनी होगी। एसपी ने बताया कि यह जानकारी दर्ज करते समय फोन मालिक के पास उसका पुराना मोबाइल नम्बर, फोन के आईएमईआई नम्बर, चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन की एफआईआर-लॉस्ट प्रॉपर्टी रिर्पोट की प्रति, फोन मालिक का पहचान पत्र व फोन का बिल (वैकल्पिक) अपने पास होने चाहिए।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# इस संसार का श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ ही है : पायल चौधरी

### भाविप की माधव शाखा द्वारा संचालित प्रांतीय बाल संस्कार शिविर का हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारत विकास** परिषद की माधव शाखा द्वारा संचालित कन्या प्रांतीय बाल संस्कार शिविर के अंतिम दिन भी आज सुबह छात्राओं को सुबह मंत्रोच्चारण से जगाया गया। शाखा के योग प्रशिक्षक अशोक महेन्द्रू ने छात्राओं को गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ योग प्रशिक्षण शुरू करवाया। शाखा अध्यक्ष पायल चौधरी ने बताया कि आज शिविर के अंतिम दिन सभी बच्चों को हिन्दू सभ्यता एवं आर्य समाज के गुण के लिए आज हवन यज्ञ किया। यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण तथा वैदिक धर्म का सार है। यज्ञ के द्वारा मानव जीवन के लिए प्रेरणा दी गयी है। इस संसार का श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ ही है।

यज्ञ में आज ओपीएस विद्या मंदिर के मैनेजिंग डायरेक्टर अमन बंसल ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने सभी बच्चों को साधुवाद दिया कि सब बच्चों ने इतने अच्छे संस्कार एवं गुण इन तीन दिनों में शाखा में सीखे।




शिविर समापन में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी एसपी चौहान, परमजीत पाहवा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव ने शिरकत की। गौरी दत्ता द्वारा आये हुए सभी अतिथियों एवं बच्चों का स्वागत किया। परमजीत पाहवा ने तीन दिवसीय संस्कार शिविर की सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी कि

**8 बच्चों ने इन तीनों दिनों में काफी अच्छे संस्कार, अनुशासन, मोटिवेशनल बाते सीखी। समापन में सभी अतिथयों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया**

उन्होंने बच्चों को यहाँ भेजा। बच्चों ने इन तीनों दिनों में काफी अच्छे संस्कार, अनुशासन, मोटिवेशनल बाते सीखी। समापन में सभी अतिथयों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

आज सामनापन शिविर में शाखा के संरक्षक डॉ.अशोक गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य डाक्टर वीके सिंगला, डॉ. वीके चौधरी, डॉ. सुचेता गुप्ता, डॉ. सुजाता गुप्ता, धीरज भाटिया, कपिल गुप्ता, मनीष मलिक, नवीन सहगल, सीए संदीप अरोड़ा, अजय शर्मा, सुरिंदर मोहन सिंघल, करुणा अरोड़ा, गीता प्रकाश, आरएस छिक्कारा, शाम बत्रा, अरुण दत्ता आदि सदस्य मौजूद रहे।

## भारत मोदी के नेतृत्व में नई पहचान बना रहा है: पंवार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत सम्मेलन** के आरंभ में भारत माता, डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर सांसद कृष्ण लाल पंवार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक महीपाल ढांडा, भाजपा प्रदेश महामंत्री वेदपाल, जिला भाजपा अध्यक्ष डा.अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर कायकर्म के संयोजक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप कौशिक ने माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित किया गया। राज्य सभा सांसद कृषण लाल पंवार ने कहा की मोदी ने विश्व में देश का सम्मान बढ़ाया है।

भारत मोदी के नेतृत्व में नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा की आज पर्यावरण के मामले में पूरा विश्व भारत के नेतृत्व में काम कर रहा है।

## दिनेश ने लोगों को जमकर योगाभ्यास करवाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत तरावड़ी में भी गूंजी स्वस्थ भारत की गूंज। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में तरावड़ी के लोग भी ढाई लाख सूर्यनमस्कार अभियान में भागीदार बने। उन्होंने तरावड़ी के ईको सिटी पार्क में पहुंचकर वहां के लोगों को जमकर योगाभ्यास करवाया। तरावड़ी के चेयरमैन वीरेंद्र बंसल मुख्य अतिथि एवं भारत विकास परिषद तरावड़ी के अध्यक्ष योगेश मिड्ढा विशिष्ट अतिथि के रूप में वहां मौजूद रहे और उन्होंने दिनेश गुलाटी के निस्वार्थ कार्यों की सराहना की। योग कक्षा के शिक्षक मनोज कामरा और अध्यक्ष अतिथियों ने दिनेश गुलाटी को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

दिनेश गुलाटी ने बताया कि मिशन के साथ अधिक से अधिक लोग जुडकर लाभान्वित हो, इसलिए शहर की योग कक्षाओं में प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य का महत्व बताया जा रहा है। जहां प्रातः समय योग प्राणायाम की नित्यप्रति शिक्षा दी जाती है कि केवल योग ही स्वस्थ और खुशहाल जीवन का समाधान है। योग कक्षा में बच्चे, बूढ़े और जवान सभी मौजूद रहे। उन्होंने यौगिग, जोगिंग व आसनों के साथ साथ भस्त्रिका, कपालभाति व अनुलोम विलोम कराया और शरीर के जोड़ों को खोलने के लिए भी स्ट्रैचिंग एक्सरसाईज कराई। मिशन की ओर से अनुज जैन और रिंकी जैन ने साधकों को सही विधि से योगाभ्यास करने में मदद की। दिनेश गुलाटी ने साधकों को बताते हुए कहा कि यौगिक क्रियाओं द्वारा हमारी शुद्ध चेतना शक्ति का विकास होता है और हमारे शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। योग ही इस तनाव युक्त जीवन में मानसिक शांति प्रदान करता है। योग कक्षा में मनोज कामरा, विपिन छाबड़ा, अजय पसरिचा, बलबीर सिंह, नरेश अनेजा, तरुण बंसल, योगेश मिड्ढा, मनोज मेहता, रंजीत फौजी, विनोद कामरा, नीलम भारद्वाज, संगीता वाधवा, सुनीता चावला, नीरू सचदेवा, कृष्णा क्वात्रा, डिंपल चावला, दर्शना तनेजा, पूजा शर्मा, नीतू मुंजाल मौजूद रहे।



## एक गुर्गा अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए वन की टीम द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाते हुए अभिषेक उर्फ गि गैंग के एक गुर्गे को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के कब्जे से दो अवैध पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस टीम ने बीती रात विश्वसनीय सूचना पर आरोपी नितिन उर्फ नानू पुत्र संजय वासी बांसो गेट मटक माजरी नजदीक बाल्मिकी बस्ती मंदिर करनाल को काबू किया गया। आरोपी द्वारा लिए गऐ पि बैग की तलाशी लेने पर बैग में से दो पिस्टल .32 बोर व दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में आरोपी के



खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी पिछले काफी समय से अभिषेक उर्फ गि गैंग से जुड़ा हुआ है। आरोपी गैंग के सदस्यों से इंटरनेट कॉल पर बात किया करता था। अभिषेक उर्फ गि इस समय अमेरिका में बैठकर करनाल सहित अन्य जिलों में गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम दिला रहा है। अभिषेक के कहने पर ही आरोपी उपरोक्त हथियारों को गैंग के दूसरे सदस्य को सप्लाई देने के लिए गया था। हथियार सप्लाई करने के लिए एक कोडवर्ड, अमेरिका जाना है के, रखा गया था। जब गैंग का कोई व्यक्ति इस कोर्ड वर्ड को आरोपी से बोतला तो आरोपी तभी उस व्यक्ति को हथियार सप्लाई करने वाला था।

पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी एक अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

## हरिद्वार में चिंतन शिविर किसान एकता रहा जोर

**मथुरा।** हरिद्वार में आयोजित हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के वार्षिक चिंतन शिविर में मथुरा से पहुंचे कार्यकताओं ने भी सहभागिता की। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के उत्तराखंड हरिद्वार में लगे चिंतन शिविर के दूसरे दिन देश के कौने कौने से बडी संख्या में पहुंचे किसानों ने भाग लिया। चिंतन शिविर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का मथुरा से पहुंचे महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने अपनी टीम के साथ दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। चिंतन शिविर में मथुरा महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी के साथ जिला उपाध्यक्ष चौधरी राकेश सिंह, मोनू गौतम, विनोद निषाद, मुकुट बिहारी निषाद मौजूद रहे।

## श्री घंटाकर्ण चमत्कारी भक्तवत्सल देवता हैं: महासाध्वी प्रमिला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मन्दिर इन्द्री रोड़ में महाप्रभावी अतिशय शक्तिसंपन्न मनोकामनापूरक श्री घंटाकर्ण महावीर देवता का विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस भक्ति-भावना एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया।

सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल की याचना की गई। साध्वी जागृति, नितिन, राशि, सुधा, मंजू, जयपाल सिंह, कर्मवीर, पवन जैन ने भजनों से समां बांधा। दुनिया से सहारा क्या लेना एक तेरा सहारा काफी है, कुछ कहने की क्या जरूरत है तेरा एक इशारा काफी है, जब से मिली शरण कि मेरे दिन बदल गए, मंदिर गया मैं पहली बार, मुझे लुभाया ये दरबार, हूक सी दिल में उठने लगी घंटाकर्ण से हो गया प्यार, सब साथ रहें मिलकर जल्दी वह दिन आए जब खिडकी खोलूं तेरा दर्शन हो जाए, मेरे घर के आगे दादा तेरा मंदिर बन जाए आदि भजनों के स्वरों ने सभी को भावविभोर किया।

शांतमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने कहा कि कलयुग वैसे तो सभी प्रकार से दोषमय है

परन्तु इसकी एक विशेषता यह है कि इसमें केवल अपने इष्ट-आराध्य के कीर्तन तथा स्तवन से व्यक्ति आसक्ति के चंगुल से छूटकर परमपद को प्राप्त करता है। वही व्यक्ति सर्वोत्तम भक्त है जो सभी प्राणियों में

**8 श्री घंटाकर्ण महावीर देवता का विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस भक्ति-भावना एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया**

परमात्म स्वरुप का दर्शन करता है और हर छोटे-बड़े प्राणी को परमात्मा का अंश मानता है। कलयुग में प्रभु नाम ही संसार सागर से तिराने वाली नौका है, जिसके अलावा पार उतरने का अन्य कोई निस्तार नहीं है। श्री घंटाकर्ण सभी भारतीय परंपराओं के सर्वमान्य प्रभावशाली भक्तवत्सल देव हैं जो सभी संकट टालकर भक्तों के जीवन मार्ग को सुखद और सौम्य बनाते हैं।

साध्वी जी ने कहा कि श्री घंटाकर्ण सात्विक, भव्य, प्रत्यक्ष प्रभावी, सद्भाव रखने वाले, कार्य पूर्ति में आने वाली अड़चनों को दूर करने वाले, अभय करने वाले अर्थात भय-आपदाओं से छुटकारा दिलाने वाले, आधि-व्याधि-उपाधि यानि मानसिक, शारीरिक, भौतिक कष्टों का निवारण करने वाले, सर्व अर्थ प्रदान कर मनोकामनाएं सिद्ध करने वाले, महाबली, तुष्टि-पुष्टि-संपति के विस्तारक, भक्त को मुसीबत में देख दौड़े चले आने वाले दयालु, कृपालु देवाधिराज हैं, जो यक्ष जाति के देवताओं में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं।

## रिद्धि फोर का 31 वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में हुआ चयन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। गुरु नानक** खालसा कॉलेज की विद्यार्थी रिद्धि फोर ने एक बार फिर कॉलेज, करनाल तथा पूरे प्रदेश का नाम ऊंचा किया है। कॉलेज के प्रिंसीपल डा. गुरिंदर सिंह ने बताया कि कॉलेज की विद्यार्थी रिद्धि फोर का 31 वर्ल्ड युनिवर्सिटी गेम्स तीरंदाजी में चयन हुआ है। कॉलेज के खेल विभाग के इंचार्ज लेफ्टिनेंट डा. देवी भूषण ने बताया कि उड़ीसा के भुवनेश्वर में वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए 13 जून से 15 जून तक ट्रायल हुए, जिसमें पूरे देश युनिवर्सिटीज से बेहतरीन तीरंदाजों ने हिस्सा लिया। उसमें रिद्धि ने कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि



रिद्धि एनसीसी की कैडेट भी है। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने रिद्धि को बहुत बहुत बधाई दी तथा कहा कि कॉलेज की तरफ से रिद्धि को हरसंभव सुविधा प्रदान की जाएगी। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के जनरल सेक्रेटरी सरदारनी जसप्रीत कौर विर्क ने कहा कि रिद्धि ने न केवल कॉलेज अपितु करनाल, हरियाणा एवं पूरे भारत का नाम रोशन किया है।

यह हमारे लिए गर्व की बात है। रिद्धि एनसीसी कैडेट भी है तथा इसका लक्ष्य भारतीय सेना में अफसर बनना है।

रिद्धि की इस उपलब्धि पर 7 हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल नरेश आर्या तथा एडम ऑफिसर कर्नल हरनल निक्सन ने भी उसे बधाई दी है तथा कहा कि रिद्धि की लक्ष्य प्राप्ति में हरसंभव मदद की जाएगी। रिद्धि की उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र युनिवर्सिटी के डॉयरेक्टर स्पोर्ट्स डा.राजेश सोबती, डीपी वजीर सिंह तथा डा. जुझार सिंह ने भी रिद्धि रिद्धि के उज्वल भविष्य के कामना की है। रिद्धि की उपलब्धियों में उसके पिता मनोज फॉर का अतुल्य योगदान है।

## ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ऑल** इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस एसोसिएशन जिला पानीपत की मीटिंग प्रधान धर्मवीर मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें ट्रांसपोर्टरों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 18 जून को जनसंवाद कार्यक्रम जो पानीपत के एसडी विद्या मंदिर में है। उसके लिए भी सभी ट्रांसपोर्टरों व शहरवासियों से प्रधान धर्मवीर मलिक ने अपील की कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे।

## पुलिस ने एनसीसी कैडेट को दी साईबर जागरूकता की जानकारी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया के आदेशानुसार स्कूलों, कॉलेजों व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में जाकर साईबर अपराधों के प्रति तथा यातायात नियमों की पालना करने के लिए विधार्थियो को जागरुक किया जा रहा है। दिनांक 16 जून 2023 को जिला यातायात पुलिस ने जवाहर नवोदय विधालय निवारसी में आयोजित एनसीसी कैंप में कैडेट्स को यातायात नियमों व साईबर अपराधों के प्रति जागरुक किया ।

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि यातायात समन्वक उप



निरीक्षक रोशन लाल ने एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरुक किया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए रोशन लाल ने बताया कि देश में प्रति वर्ष करीब ढेड लाख लोगो की असमय मौत होती जिसमें सबसे ज्यादा शिकार देश की युवा पीढी हो रही है । सावधानी बरतने से ही बढते हुऐ सडक हादसो पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सडक दुर्घटनाओं मे सबसे ज्यादा नुकसान युवा वर्ग का हो रहा है इसलिये युवा वर्ग यातायात नियमों को अपने व्यवहार में शामिल करें।कैडेट्स को संबोधित करते हुए यातायात समन्वक ने कहा कि साईबर अपराधी अपराध करने के नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं।किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत भारत सरकार द्वारा जारी साईबर क्राइम हैल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें। जिससे आपको पैसा सुरक्षित रह सकता है साथ ही बताया की साईबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साईबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल दें उसके बाद आप अपने नजदीकी थाना/चौकी में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

## संपादकीय

# वीरोचित भाव जगाए मातृशक्ति

**वीरांगना** नाम सुनते ही हमारे मन-मस्तिष्क में रानी लक्ष्मीबाई की छवि उभरने लगती है। भारतीय वसुंधरा को अपने वीरोचित भाव से गौरवान्वित करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सच्चे अर्थों में वीरांगना ही थीं। वे भारतीय महिलाओं के समक्ष अपने जीवनकाल में ही ऐसा आदर्श स्थापित करके विदा हुईं, जिससे हर कोई प्रेरणा ले सकता है। वे वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल भी हैं। कहा जाता है कि सच्चे वीर को कोई भी प्रलोभन अपने कर्तव्य से विमुख नहीं कर सकता। ऐसा ही रानी लक्ष्मीबाई का जीवन था। उन्हें अपने राज्य और राष्ट्र से एकात्म स्थापित करने वाला प्यार था। वीरांगना के मन में हमेशा यह बात कचोटती रही कि देश के दुश्मन अंग्रेजों को सबक सिखाया जाए। इसी कारण उन्होंने यह घोषणा की कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इतिहास बताता है कि इस घोषणा के बाद रानी ने अंग्रेजों से युद्ध किया।

वीरांगना लक्ष्मीबाई के मन में अंग्रेजों के प्रति किस कदर घृणा थी, वह इस बात से पता चल जाता है कि जब रानी का अंतिम समय आया, तब ग्वालियर की भूमि पर स्थित गंगादास की बड़ी शाला में रानी ने संतों से कहा कि कुछ ऐसा करो कि मेरा शरीर अंग्रेज न छू पाएं। इसके बाद रानी स्वर्ग सिधार गईं और बड़ी शाला में स्थित एक झोपड़ी को चिता का रूप देकर रानी का अंतिम संस्कार कर दिया। और अंग्रेज देखते ही रह गए। हालांकि इससे पूर्व रानी के समर्थन में बड़ी शाला के संतों ने अंग्रेजों से भीषण युद्ध किया, जिसमें 745 संतों का बलिदान भी हुआ, पूरी तरह सैनिकों की भांति अंग्रेजों से युद्ध करने वाले संतों ने रानी के शरीर की मरते दम तक रक्षा की। जिन महापुरुषों के मन वीरोचित भाव से भरा होता है, उसका लक्ष्य सामाजिक उत्थान और राष्ट्रीय उत्थान ही होता है। वह एक ऐसे आदर्श चरित्र को जीता है, जो समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसके साथ ही वह अपने पवित्र उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सदैव आत्मविश्वासी, कर्तव्य परायण, स्वाभिमानी और धर्मनिष्ठ होता है। ऐसी ही थीं महारानी लक्ष्मीबाई। उनका जन्म काशी में 19 नवंबर 1835 को हुआ। इनके पिता मोरोपंत ताम्बे चिकनाजी अप्पा के आश्रित थे। इनकी माता का नाम भागीरथी बाई था। महारानी के पितामह बलवंत राव के बाजीराव पेशवा की सेना में सेनानायक होने के कारण मोरोपंत पर भी पेशवा की कृपा रहने लगी। लक्ष्मीबाई अपने बाल्यकाल में मनु व मणिकर्णिका के नाम से जानी जाती थीं। सन् 1850 मात्र 15 वर्ष की आयु में झांसी के महाराजा गंगाधर राव से मणिकर्णिका का विवाह हुआ। एक वर्ष बाद ही उनको पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। लेकिन चार माह पश्चात ही उस बालक का निधन हो गया। राजा गंगाधर राव को तो इतना गहरा धक्का पहुंचा कि वे फिर स्वस्थ न हो सके और 21 नवंबर 1853 को चल बसे। यद्यपि महाराजा का निधन महारानी के लिए असहनीय था, लेकिन फिर भी वे घबराई नहीं, उन्होंने विवेक नहीं खोया। राजा गंगाधर राव ने अपने जीवनकाल में ही अपने परिवार के बालक दामोदर राव को दत्तक पुत्र मानकर अंग्रेज सरकार को सूचना दे दी थी। परंतु ईस्ट इंडिया कंपनी की सरकार ने दत्तक पुत्र को अस्वीकार कर दिया। 27 फरवरी 1854 को लार्ड डलहौजी ने गोद की नीति के अंतर्गत दत्तक पुत्र दामोदर राव की गोद अस्वीकृत कर दी।

# तीनों लोकों में अनोखी है जग के नाथ जगन्नाथ की रथयात्रा

**सुरेश गांधी**

> यह दिन अब हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा के साथ मनाया जाता है। पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथ निर्मित किए जाते हैं। हर साल 15 दिनों के लिए भगवान जगन्नाथ के बीमार हो जाते हैं। एक मान्यता यह है कि ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र को गर्भ गृह से बाहर लाया जाता है और उन्हें सहस्त्र स्नान कराया जाता है। स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं और उन्हें बुखार आ जाता है। जिस कारण से वह 15 दिनों तक शयन कक्ष में विश्राम मुद्रा में रहते हैं। इस दौरान उनका विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्हें कई प्रकार की औषधियां दी जाती है। सादा भोजन जैसे खिचड़ी इत्यादि का भोग लगाया जाता है। 15 दिनों तक वे केवल काढ़ा और फलों का जूस ही पीते हैं

**वैसे** तो पुरी का जगन्नाथ मंदिर विश्वभर में प्रसिद्ध है। लेकिन इस मंदिर से जुड़ी कई ऐसी बातें हैं जिनके बारे में बहुत कम ही लोग जानते हैं. खास यह है कि जगन्नाथ पुरी में किसी भी स्थान से आप मंदिर के शीर्ष पर लगे सुदर्शन चक्र को देखेंगे तो वह आपको सदैव अपने सामने ही लगा दिखेगा. मंदिर के ऊपर स्थापित ध्वज सदैव हवा के विपरीत दिशा में लहराता है. इस मंदिर का रसोई घर दुनिया का सबसे बड़ा रसोई घर है. प्रतिदिन सायंकाल मंदिर के ऊपर स्थापित ध्वज को मानव द्वारा उल्टा चढ़कर बदला जाता है. मंदिर के सिंहद्वार में पहला कदम रखते ही मंदिर के भीतर किसी भी भक्त को सागर द्वारा निर्मित ध्वनि नहीं सुनाई देती, लेकिन जैसे ही आप मंदिर से बाहर एक भी कदम रखते हैं आप इस आवाज को सुन पाएंगे. जगन्नाथ पुरी के रसोईघर में भगवान जगन्नाथ को चढ़ाए जाने वाले महाप्रसाद को बनाने के लिए 500 रसोइए और उनके 300 सहायक-सहयोगी एकसाथ काम करते हैं. यहां सारा प्रसाद मिट्टी बर्तनों में ही पकाया जाता है. हैरानी की बात यह है कि इस मंदिर के ऊपर से कभी भी आप किसी पक्षी या विमान को उड़ते हुए नहीं देखेंगे

जगन्नाथ मतलब ब्रह्मांड के भगवान। जगन्नाथ भगवान विष्णु का ही एक रूप हैं। ओडिशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर चारों धामों में से एक है। जगत के नाथ कहलाने वाले भगवान जगन्नाथ के इस स्थल को धरती का बैकुंठ भी कहा जाता है। वैष्णव परंपरा से जुड़े लोगों के लिए यह सबसे बड़ा तीर्थ स्थान है. इसीलिए इसे महातीर्थ का दर्जा प्राप्त है। आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन रथयात्रा निकाली जाती है। कहते है, इस दिन भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ गुंडिचा मंदिर जाते हैं। इस वर्ष जगन्नाथ रथ यात्रा 20 जून, मंगलवार को निकाली जाएगी। विश्वप्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ जी की रथ में भाग लेने के लिए देश-विदेश से लाखो की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं. इस यात्रा की भव्यता देखते ही बनती है। कहते है जिस किसी भी भक्त ने रथ को छू लिया उसकी हर मनोकामनाएं पूरी हो जाती है। इस रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ का ही नहीं बल्कि तीनों भाई-बहन के रथों के रंग अलग होते हैं. खास यह है कि रंग के साथ इनके नाम भी अलग-अलग होते हैं. भगवान जगन्नाथ के रथ को गरुड़ध्वज या कपिलध्वज कहा जाता है. तीनों रथों में ये सबसे बड़ा रथ होता है. इस रथ में कुल 16 पहिए लगे होते हैं. भगवान जगन्नाथ के रथ की ऊंचाई 13.5 मीटर होती है. इस रथ में लाल और पीले रंग के कपड़े का इस्तेमाल होता है. माना जाता है कि इस रथ की रक्षा गरुड़ करते हैं. रथ पर लगे ध्वज को **'त्रैलोक्यमोहिनी' कहते हैं.** धार्मिक मान्यता है कि जगन्नाथ मंदिर की मूर्तियों में आज भी भगवान श्रीकृष्ण का दिल धड़कता है. पुरी का यह मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है, लेकिन वहां पर उन्हें जगन्नाथ धाम के नाम से जाना जाता है. हिंदू धर्म से जुड़े चार प्रमुख तीर्थ में से एक पुरी के इस मंदिर में भगवान जगन्नाथ के साथ उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्ति के दर्शन होते हैं. मान्यता है कि जगन्नाथ मंदिर में प्रसाद पकाने के लिए 7 बर्तनों को एक के ऊपर एक क्रम में रखा जाता है, जिसमें सबसे ऊपर रखे बर्तन का प्रसाद सबसे पहले पकता है, जबकि, नीचे की तरफ से एक के बाद एक प्रसाद पकता जाता है. जोकि अपने आप में हैरान कर देने वाला है. मान्यता है कि मंदिर में दिन के समय हवा समुद्र से जमीन की ओर चलती है. जबकि शाम के समय हवा जमीन से समुद्र की ओर चलती है. जगन्नाथ मंदिर के शिखर पर लगा झंडा हमेशा हवा के विपरीत लहराता है. मान्यता है कि जगन्नाथ मंदिर की ऊंचाई करीब 214 फीट है. ऐसे में पशु पक्षियों की परछाई तो बननी चाहिए, मगर इस मंदिर के शिखर की छाया हमेशा गायब ही रहती है. मंदिर के ऊपर से न ही कभी कोई हवाई जहाज उड़ता है और न ही कोई पक्षी मंदिर के शिखर पर बैठता है. ऐसा भारत के किसी भी मंदिर में नहीं देखा गया है. मंदिर में हर 12 साल के भीतर भगवान जगन्नाथ समेत तीनों मूर्तियों को बदला जाता है. जिसके बाद वहां पर नई मूर्तियां स्थापित की जाती हैं. भगवान की मूर्तियों को बदलते समय शहर की बिजली को काट दिया जाता है. इसके साथ ही मंदिर के बाहर भारी सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया जाता है. उस दौरान सिर्फ पुजारी को ही मंदिर में जाने की परमिशन होती है.

**रथयात्रा का शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि की शुरूआत 19 जून को सुबह 11:25 पर होगी और यह तिथि 20 जून को दोपहर 1:07 पर समाप्त हो जाएगी। इसलिए 19 जून को भगवान जगन्नाथ फिर से स्वस्थ हो जाएंगे और 20 जून, मंगलवार के दिन भव्य रथ यात्रा द्वारा अपने भक्तों को दर्शन देंगें। रथ यात्रा का समय इस दिन रात्रि 10:04 निर्धारित किया गया है और यात्रा 21 जून को शाम 07:09 बजे समाप्त होगी। 20 जून को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ तीन अलग रथों पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे. धार्मिक मान्यता है कि हर वर्ष प्रभु जगन्नाथजी पुरीवासियों का हालचाल जानने के लिए नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं. भगवान जगन्नाथ अपने विशाल रथ नंदीघोष पर सवार होकर गुंडिचा मंदिर यानी अपनी अपनी मौसी के घर जाएंगे. वहां पर सात दिनों तक विश्राम करने के बाद तीनों भाई बहन अपने धाम पुरी वापस लौटते हैं. इस रथ यात्रा के आरंभ से पहले भगवान जगन्नाथजी के रथ के सामने सोने के हत्थे वाली झाडू लगाई जाती है। जिसके बाद मंत्रोच्चार और जयघोष के साथ ढोल, नगाड़े और तुरही बजा कर रथों को खींचा जाता है। इस रथ यात्रा का आरंभ सबसे पहले बड़े भाई बलरामजी के रथ से होता है। जिसके बाद बहन सुभद्राजी और फिर अंत में जगन्नाथ जी के रथ को चलाया जाता है।

**रथ छू लेने मात्र से दूर होते है सारे कष्ट**

रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाओं को रथ में बैठाकर नगर भ्रमण कराया जाता है. इसलिए यह उत्सव भगवान जगन्नाथ, उनकी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र (बलराम) को समर्पित है. रथयात्रा में लाखों भक्त जूलूस में शामिल होते हैं और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. विशेषकर उड़ीसा के पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा के पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है. लेकिन इसके साथ ही देश के अलग-अलग शहरों में भी रथ यात्रा निकाली जाती है. स्कंद पुराण, नारद पुराण, पद्म पुराण और ब्रह्म पुराण में भी रथ यात्रा का वर्णन मिलता है. मान्यता है कि जगन्नाथ रथ यात्रा में जुलूस के दौरान रथ को खींचना शुद्ध भक्ति से जुड़ा है. इससे व्यक्ति के ऐसे पाप नष्ट होते हैं, जिसे उसने जानबूझकर या अनजाने में किए हों. साथ ही भगवान के रथ को खींचने वाले के सभी दुख, कष्ट भी दूर होते हैं और सौ यज्ञ कराने जितने पुण्यफल की प्राप्ति होती है.

**रथ यात्रा में भाई-बहन संग मौसी के घर जाते हैं भगवान जगन्नाथ**

मान्यता के अनुसार जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान रथ पर सवार होकर भगवान जगन्नाथ मौसी के घर गुंडिचा जाते हैं. गुंडिचा मंदिर को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर माना गया है. यहां भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ जाते हैं और पूरे एक हफ्ते तक ठहरते हैं. यहां उनका खूब आदर-सत्कार होता है और मौसी से लाड-दुलार मिलता है. मान्यता है कि मौसी के घर भगवान खूब पकवान खाते हैं, जिससे वो बीमार भी पड़ जाते हैं और 15 दिनों तक उनका इलाज किया जाता हैं। जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत 12वीं सदी से होती है। पौराणिक कथा के अनुसार, इस दिन, भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ अपनी मौसी के घर से होते हुए गुंडिचा मंदिर गए थे। यह दिन अब हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा के साथ मनाया जाता है। पुरी रथयात्रा के लिए बलराम, श्रीकृष्ण और देवी सुभद्रा के लिए तीन अलग-अलग रथ निर्मित किए जाते हैं। हर साल 15 दिनों के लिए भगवान जगन्नाथ के बीमार हो जाते हैं। एक मान्यता यह है कि ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा तिथि के दिन भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र को गर्भ गृह से बाहर लाया जाता है और उन्हें सहस्त्र स्नान कराया जाता है। स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ बीमार पड़ जाते हैं और उन्हें बुखार आ जाता है। जिस कारण से वह 15 दिनों तक शयन कक्ष में विश्राम मुद्रा में रहते हैं। इस दौरान उनका विशेष ध्यान रखा जाता है। उन्हें कई प्रकार की औषधियां दी जाती है। सादा भोजन जैसे खिचड़ी इत्यादि का भोग लगाया जाता है। 15 दिनों तक वे केवल काढ़ा और फलों का जूस ही पीते हैं। सोने से पहले मीठा दूध अर्पित किया जाता है साथ ही पूरे 15 दिनों तक भगवान को शीतल लेप भी लगाया जाता है। इस दौरान मंदिर में न तो घंटी बजती है ना भक्तों को दर्शन करने की अनुमति होती है।



## कविता

### पिता

पिता होते साया कुटुंब के,
सुख का एहसास होता जिनसे,
इस दरख्त की छाया में पलकर,
पल्लवित होती खुशियाँ अपार,
करता न्योछावर तन-मन अपना,
अपने प्यारे घर आँगन पर,
जीते जी ये कद्र जान लो
खुदा का दूजा रूप पिता है!
धुरी बनकर बांधकर रखता,
परिवार धर्म का पालन करता,
चट्टान की भान्ति झेलता संकट,
बच्चों की खुशहाली की खातिर,
रहकर खुद भूखा वो तो,
तन का मांस भस्म भी कर देता,
जीते जी ये कद्र जान लो
खुदा का दूजा रूप पिता है!

कठिन तपस्या का नाम बाप है,
अक्सर मौन त्याग के उसके,
बच्चे रहते अनजान अक्सर,
होता पिता के तप का एहसास
जब पिता खुद वो शख्स बन जाता,
खुशी मुमकिन है उसके साए में,
जीते जी ये कद्र जान लो
खुदा का दूजा रूप पिता है!

**मुनीष भाटिया**

# 'पिता : एक अडिग सुरक्षा स्तम्भ'

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

**माँ से मिलती ममता। तो पिता से मिलती जीवन जीने की अनमोल क्षमता॥**
**माँ भूल जाती लालन-पालन में अपना दुःख। तो पिता भी दिन-रात के कालचक्र में छोड़ देता अपना सुख॥**

माँ का एहसास हमेशा हमें नजदीक महसूस होता है, उसकी ममता एवं कोमलता हमें बहुत प्रभावित करती है, परंतु पिता के संरक्षण एवं सुरक्षा का क्या? धन संग्रह एवं जरूरतों को पूरा करने में खर्च होने वाला पिता सदैव मौन रहकर व्यवस्थाओं के समुचित संचालन में प्रयासरत रहता है। उसकी दूरगामी चिंताओं का आकलन शायद कोई नहीं कर पाता। कई बार जीवन-यापन को बेहतर बनाने की दिशा में पिता को बच्चों के साथ समय व्यतीत करने का समय भी कम उपलब्ध हो पाता है। इसके पश्चात भी उसके चेहरे पर शिकन की कोई रेखा नहीं होती। वह अपने बच्चों की मीठी सी मुस्कान में पूरे दिन का दर्द भूल जाता है। उसका लक्ष्य केवल परिवार की खुशियों को पूर्णता की ओर ले जाना होता है।

माँ के होते है हम दुलारे और प्यारे। पर जीवन की संघर्ष यात्रा होती पिता के सहारे॥
माँ है जीवन का एक किनारा। तो पिता भी सुधारता हर दम हमारी गलतियों का पिटारा॥

माँ का भोलापन एवं उसकी सरलता तो हमारे दिलों को छु जाती है, परंतु पिता की कठोरता के पीछे छुपी मंशा हम समझने में असमर्थ रहते है। वह पिता भी उस बचपन के दौर से गुजरा है। वह भी जानता है कि बच्चे को सरलता प्रियकर है पर उसकी कठोरता सदैव बच्चे को सक्षम एवं समर्थ बनाने की दिशा प्रदान करती है। हम अक्सर किसी की एक गलती भी माफ नहीं कर पाते है, पर वह पिता ही होता है जो हजारो गलतियों के बावजूद भी अपने स्नेह में कोई कमी नहीं आने देता। उनके प्यार में कोई मिलावट दृष्टिगोचर नहीं होती। बच्चे की इच्छाओं की पूर्ति करने में उनके चेहरे में कभी कोई थकावट महसूस नहीं होती। सदैव हमें मधुर वाणी ही प्रिय लगती है, पर अंततः ऐसे लोग हमारे काम नहीं आते। हमारा साथ नहीं देते, पर पिता कटु शब्द बोलकर भी दुःख में मरहम लगाने के लिए सदैव तैयार रहता है। पिता का कंधा ही बच्चे के लिए मजबूत नींव साबित होता है। पिता रूपी ढाल की कोई कीमत नहीं है। जिस तरह सूरज के होने से दिन देदीप्यमान होता है वैसे ही पिता भी सूरज की तरह गर्म जरूर होता है, परंतु बच्चे की छवि को प्रकाशवान बनाने के लिए उसका प्रयास वंदनीय है।

माँ का आशीर्वाद कर सकता चमत्कार। तो पिता भी सदैव कराते सत्य का साक्षात्कार॥
माँ है यदि जीवन में ठंडी छांव। तो पिता भी भरते जीवन के घाव॥

बच्चे की कामयाबी की उड़ान के पीछे पिता के पसीने की बूँदें शामिल होती है। पिता वह खुली किताब है जो केवल महत्वपूर्ण सबक सिखाने के लिए हमेशा बच्चे के लिए विलन भी बन जाते है। कभी-कभी इच्छाओं के विपरीत कठोर निर्णय सुनाते है। वे बच्चे के मन की प्रत्येक बात समझते है।

## विचार

# मास्टर जी! बेचारे ही होते हैं

**कृष्ण कुमार निर्माण**

इस समस्त धरा पर जो सबसे बेचारा प्राणी है,वो है अध्यापक।कहने को तो इसे राष्ट्र निमार्ता ,गुरु जी,आचार्य ,मार्गदर्शक, विनेत्र ,शिक्षक, उपाध्याय,मास्टर जी,यहाँ तक कि ईश्वर से भी बड़ा माना जाता है।मगर बावजूद इसके यह सच है कि इससे बेचारा,निरीह प्राणी आपको कहीं भी नहीं मिलेगा,सम्भवतः टॉर्च/बैटरी लेकर भी ढूंढेंगे तो नहीं मिलेगा?हैरत में पड़ गए ना आप!कि ये कैसी बात कर दी?सम्मानजनक वेतन पाने वाला बेचारा कैसे हो सकता है?जी हाँ,निश्चित रूप से मास्टर जी,सम्मानजनक वेतन पाते हैं मगर ताउम्र एक अच्छा-सा घर नहीं बना पाते,अच्छा-सा जीवन नहीं जी पाते जबकि मास्टर जी से दो गुणा वेतन कम प्राप्त करने वाले कई कर्मी न केवल मौज फरमाते हैं बल्कि अच्छी-खासी रईसों वाली जिंदगी जीने की फीलिंग लेते हैं,जीते हैं।उसके कई कारण हो सकते हैं मगर मास्टर जी जब तक नौकरी करते हैं तब तक नित नए-नए कामों में ऐसे उलझे रहते हैं जैसे कोई मकड़ी अपने ही बनाए झाले में उलझी हो।और आजकल तो मास्टर जी को सांस लेने की भी फुर्सत नहीं होती,पता नहीं बेचारा सांस कब लेता है और कैसे लेता है?वैसे यह शोध का विषय हो सकता है?अगर कोई शोधार्थी आलेख पढ़ रहा है या मास्टर जी के जीवन से निकट से परिचित है तो जरूर इस पर शोध करे।वैसे संभव यह है कि कोई भी इस विषय पर शोध नहीं करेगा क्योंकि मास्टर जी की एक नियति यह भी है कि इनसे पढ़कर बड़े-बड़े अफसर,नेता,ज्ञानवान,कथावाचक,खिलाड़ी,जुआरी बन जाते हैं मगर मास्टर जी कोई नहीं पूछता?वैसे भी सभी मास्टर जी के डंडे को ही याद रखते हैं बाकी चीजों को नहीं। भला कोई शोध क्यों करेगा?अब देखो!वैसे तो मास्टर जी का काम पढ़ाना होता है मगर हैरत है कि मास्टर जी पढ़ाने के अलावा सैंकड़ों ऐसे काम करते हैं जिनकी आम जनता को जानकारी भी नहीं होगी। आजकल तो परिवार पहचान पत्र का काम भी कर रहे हैं।पिछले दिनों तो जहाँ पराली की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी संभाली थी,तो वहीं करोना काल में मंडी में जाकर गेहूँ भी बेची-खरीदी,अभी हाल ही में मास्टर जी की ड्यूटी नशेड़ियों को पकड़ने की भी लगा दी गई थी। कई तरह की गोलियां भी मास्टर जी बच्चों को न केवल खिलाते हैं बल्कि उनका पूरा हिसाब-किताब भी रखते है।प्रमोशन के लिए खूब चक्कर काटते हैं मगर जब से प्रमोशन मिल जाए,बेचारे संतुष्ट हो जाते हैं जबकि अपने शिष्यों को ज्ञान पेलते हैं कि अपने अधिकारों के लिए लड़ना जरूरी है पर खुद के मामले में चुप रहना बेहतर समझते हैं।इनके एसीपी सालों-साल नहीं लगते।

कई-कई काम इनके लटके रहते हैं।तभी तो जेबीटी मास्टर पिछले कई सालों से तबादले की बाट जोह रहे हैं पर मजाल है कि चूं तक करें क्योंकि इनके जेहन में इस तरह की बातें नहीं आती।अब फिर से पिछले कई महीनों से तबादलों का फंडा चला हुआ है।एकबारगी तो मास्टरगण को ऐसा लगा कि बस!अब हुई बदली मगर ऐसा सोचते-सोचते तीन महीने बीतने को हैं मगर ट्रांसफर का अता-पता नहीं?लगता हैं कहीं गर्मी की छुट्टियां मनाने गई होगी?लेकिन उस पर खबरें अब यह आ रही हैं कि जिस ट्रांसफर नीति को देश की सबसे बढ़िया पॉलिसी कहकर सीना चौड़ा किया जाता था,अब सीना चौड़ा करने वालों ने उसी पॉलिसी को बदल दिया है। ध्यान दीजिए कि हो सकता है यह उससे भी ज्यादा अच्छी हो और सीना और चौड़ा हो जाए।बताते हैं कि अब जोन नहीं ब्लॉक भरने होंगे और इधर ब्लॉक भी एक सौ तितालिस हो गए हैं।बेचारे मास्टर जी प्रमोशन पाकर बहुत दूर-दूर तक चले गए हैं और दिन भर कमजोर होते जा रहे हैं मगर अभी तक बदली का कोई अता-पता नहीं है। उधर योग चालू है स्कूलों में और मास्टर जी भी इसमें जी-जान से लगे हुए हैं।वैसे लगना भी चाहिए क्योंकि योग ही तो जीवन है।वैसे एक मास्टर जी हैं। वैसे तो वो बुजुर्ग अवस्था के मुहाने पर हैं मगर चाचा कहने पर ऐसे बिफरते हैं जैसे बिप्रजाय तूफान आ गया हो या सुनामी ही लहर।वो एक बात कहते हैं कि मास्टर जी को कोई भी खुश नहीं देख सकता और खासकर शिक्षा विभाग।उनके अनुसार शिक्षा विभाग में कर्मचारियों का एक समूह तो दस-पंद्रह दिनों में ऐसा रॉकेट छोड़ता है कि सारे मास्टर सकते में आ जाते हैं और वो समूह बिल में घुस जाता है।बस ऐसे चलता रहता है पर वो इस बात को मानने को तैयार नहीं कि मास्टर नामक जंतु बेचारा है।उन्हें इस बात पर खतरनाक के उच्चतम स्तर की आपत्ति है।खैर,हो सकता है उनकी आपत्ति जायज हो मगर सच यही है कि मास्टर जी बेचारे प्राणी हैं।वैसे इनमें वो मा'साब शामिल नहीं जिनके यहाँ कई-कई नौकरियां हैं और जमीन-जायदाद भी।ऐसे मा'साब,इन मास्टर से थोड़े अलग हैं जी।बोलते रहिए जय राम जी की क्योंकि भली तो करेंगे राम ही।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्यों सारी दुनिया करने लगी अब योग

**आर.के. सिन्हा**

**आगामी** 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को कुछ ही दिन शेष बचे हैं और नई दिल्ली से न्यूयार्क और पंजाब से लेकर पेरिस तक संसार भर में इस खास दिन को मनाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्कूली बच्चे - बच्चियों में तो उत्साह देखते ही बनता है । वैसे , अब तो योग दिवस का सारी दुनिया इंतजार करती है। इसे वर्ल्ड योगा डेभी कहा जाता है। पहली बार यह 21 जून 2015 को मनाया गया था। इसकी नींव भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग से संबंधित एक प्रभावशाली भाषण के साथ रखी गई थी। उसी के बाद इसे 21 पर जून इसे वर्ल्ड योगा डे घोषित किया गया था। बहरहाल,अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नवें संस्करण को वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। बहुत साफ है कि भारत की प्राचीन और समृद्ध परपराओं से पोषित योग ने अब वैश्विक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य की एक ऐसी पद्धति के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर ली है , जो न सिर्फ तन और मन के संतुलन तक सीमित है ; बल्कि , इस पद्धति में आधुनिक जीवन शैली से उपजे तनाव से पार पाने, असाध्य रोगों से बचाव और दुनिया को स्वस्थ और बेहतर जीवन के माध्यम से एकजुट करने की शक्ति भी निहित है। इसी विशेषता को परिभाषित करती है इस बार के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ध्येय वाक्य या थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग। योग की यही शक्ति है जिसने कोरोना महामारी के दौरान और फिर बाद में भी समग्र स्वास्थ्य की तलाश में त्रस्त दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। कोरोना काल से ही दुनिया ने योग करने के लाभ जान लिए। दुनिया को समझ आ गया कि योग करके वे अपने को सदा सेहतमंद रख सकते हैं।

दरअसल वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों वाली महासभा के 173 सहप्रायोजक देशों की सर्वसम्मति से 2015 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में शुरू हुई यात्रा अब एक ऐसे मुकाम पर है, जहां योग का लोक कल्याणकारी रूप सबने देख लिया है। योग समग्र स्वास्थ्य और वेलनेस की सदियों से परखी गई और आधुनिक शोध अध्ययनों पर खरी उतरी स्वास्थ्य पद्धति के रूप में जाना जा रहा है।

# फादर्स डे: परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**फादर्स** डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं।

इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरकतों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं। प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा खयाल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें। प्रभु हमसे अलग नहीं हैं। यह हमारा मन है जो हमें प्रभु से दूर कर देता है। परमात्मा का अंश, आत्मा, प्रत्येक इंसान के अंदर पाई जाती है। परमात्मा ने आत्मा को अपने ही नमूने पर बनाया है। समस्त मानव जाति परमात्मा के स्वरूप के आधार पर ही बनाई गई है। प्रभु चाहते हैं कि हम सभी उस महान् स्वरूप के अनुसार ही अपना जीवन जिएँ, सद्गुणों एवं नैतिक मूल्यों को अपने अंदर धारण करें। प्रभु चाहते हैं कि हम केवल उनसे ही नहीं, बल्कि उनकी बनाई हुई सृष्टि में मौजूद सभी इंसानों व जीवों से प्रेम करें। इसी उद्देश्य से सृष्टि का निर्माण किया गया था। कहा जाता है कि प्रभु ने समस्त मानव जाति को एक-दूसरे से प्रेम व करुणा का व्यवहार करने के लिए ही बनाया है, नहीं तो अगर प्रभु को केवल अपनी भक्ति ही करानी होती, तो उसके लिए तो फरिश्ते ही काफी थे। परंतु प्रभु ने फिर भी इंसानों को बनाया, ताकि व न केवल प्रभु से प्रेम करें, बल्कि आपस में एक-दूसरे से भी प्रेम करें।जो इंसान अपने साथी इंसानों की मदद करता है, वो प्रभु को अच्छा लगता है। अपनी इच्छाओं व सुखों का त्याग करके भी दूसरों की सहायता करना, यह विशिष्ट गुण परमात्मा को बहुत अच्छा लगता है; और जिसके अंदर भी यह सद्गुण मौजूद होता है, वो इंसान भी परमात्मा को बहुत भाता है।

इस धरती पर अरबों आत्माएँ जी रही हैं। उनमें से बहुत से लोग स्वार्थ एवं लापरवाही से भरपूर जीवन जी रहे हैं। बहुत से लोग तो आपे से बाहर जाकर भी अधिकार, शोहरत, सत्ता, मान-प्रतिष्ठा चाहते हैं। इसका अर्थ यह है कि वे लोग प्रभु की विपरीत दिशा में कदम उठा रहे हैं। जबकि प्रभु तो वास्तव में यही चाहते हैं कि हम न केवल उनसे बल्कि सभी इंसानों से एक समान ही प्रेम करें। जो लोग ऐसा करते हैं।

# अवैध पानी कनेक्शन नोटिस: जैन ने सुनीं समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत, मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने शहर की विभिन्न कालोनियों में अवैध सीवरेज व पेयजल कनैक्शनों के भेजे गए नोटिसों से घबराए नागरिकों का आश्वासन दिया है कि विभाग द्वारा एक अक्टूबर 2020 को जारी अधिसूचना दोबारा लागू करवायेंगे, जिसमें नये या अवैध सीवरेज व पेयजल कनैक्शन के लिए रोड़ कट चार्जेज तथा कनैक्शन फीस न लेने के आदेश दिए गए थे। नगर निगम द्वारा भेजे गए नोटिसों के खिलाफ लामबंद हो रहे नागरिकों के बीच सैनीपुरा, जीवन विहार, सुंदर सांवरी, लाल दरवाजा, ऋषिकुंज आदि कालोनियों में शिकायत सुनते हुए राजीव जैन ने बताया कि स्थानीय निकाय विभाग ने अधिसूचना जारी की थी और यह स्कीम 31 दिसम्बर 2020 तक लागू थी उसके बाद उपभोक्ता से पेयजल एवं सीवरेज कनैक्शन की डबल फीस ली जानी थी। साथ ही पुराने बिलों पर 25 प्रतिषत छूट की भी घोषणा की गई थी। राजीव जैन ने कहा कि निगम अधिकारियों की लापरवाही रही कि उस समय सर्वे करवाकर अवैध कनैक्शनों को नियमित करवा सकते थे। राजीव जैन ने कहा कि अधिकारियों ने जानबूझकर उक्त अधिसूचना की अवधि खत्म होने के दो साल बाद सर्वे शुरू किया गया और शहर के 50 हजार परिवारों को नोटिस दे दिए गए। उन्होंने बताया कि ऐसे ऐसे परिवारों को भी नोटिस दिए गए हैं जिन्होंने पानी का कनैक्शन ले भी नहीं रखा है। राजीव जैन ने स्थानीय निकाय मंत्री डॉ0 कमल गुप्ता से बातचीत कर यह प्रस्ताव रखा है कि 2020 की अधिसूचना जारी की जाये और अधिसूचना जारी होने तक नोटिसों पर हाने वाली कारवाई रोक दी जाए।

इस अवसर पर नरेन्द्र योगी, प्रताप जांगड़ा, हंसराज, प्रताप दहिया, कल्याण, कुलदीप, सचिन, सुरजीत दहिया, सुजीत राठी, सुरेश सैनी, (पूर्व सरपंच), देवेन्द्र सैनी, मनोज धानिया, मनोज सैनी, ईश्वर सैनी, सुनील शर्मा, राजेश शर्मा आदि आदि कालोनी निवासी उपस्थित रहे।

# 'आपकी दुवाओं से ही मैं आज जिंदा हूं, वरना मैं तो धरती का एक छोटा सा परिदां हूं'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आपकी दुवाओं से ही मैं आज जिंदा हूं, वरना मैं तो धरती का एक छोटा सा परिदां हूं। कभी उंचा उडने की ख्वाहिश नहीं की मैंने, काम अधूरा छोडकर चला जाता, यह सोच के ही शर्मिंदा हूं, वरना मैं तो धरती का एक छोटा सा परिदां हूं। आपकी दुआओं से ही मैं जिंदा हूं।" यह अभिव्यक्ति गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने शनिवार को ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब में माथा टेककर गुरू साहिब महाराज का आशीर्वाद लेने के उपरांत उपस्थित संगत को अपने सम्बोधन में कही। पंजोखरा साहिब में प्रातः गृह मंत्री अनिल विज की चढ़दी कला एवं देह आरोग्यता के लिए श्री अखंड पाठ साहिब रखा गया था जिसका आज भोग डाला गया।गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर कहा कि उनकी चढ़दी कलां एवं देह आरोग्यता के लिए पिछले 48 घंटो से यहां पर जो पाठ रखा गया है और जिस श्रद्धा व भावना से आपने यह कार्य किया है उसके लिए मैं तथा मेरा पूरा परिवार सदा ऋणि रहेगा। उन्होने यह भी कहा कि मैं कहीं पर भी खड़ा हूं तो मै अपने लिए कुछ नहीं मांगता, आज भी मैं गुरू महाराज के दरबार में हाजिरी लगाकर एक ही प्रार्थना करता हूं कि लोगों की सेवा वास्ते आप लोगों का आशीर्वाद मुझे ऐसे ही मिलता रहे। आपकी कृपा बनी रहे, मेरे खून का एक-एक कतरा और मेरी एक-एक सांस लोगों की सेवा लिए मैं लगा दूंगा। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना काल में वह गंभीर रूप से बीमार हो गये थे, मेरी वापिस आने की कोई उम्मीद नहीं थी लेकिन लोगों की दुवाओं व लोगों की कृपा से मैं वापिस आया हूं। आपकी दुआओं से ही मैं आज जिंदा हूं। गृहमंत्री ने कहा कि आपकी जो दुआएं हैं ये एक पावर स्टेशन हैं, यही हमें काम करने की ताकत देती हैं। इसी ताकत के बल पर मैं काम करता हूं, मुझे प्रेरणा मिलती है कि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों की सेवा कर सकें। "वो सर भी क्या सर है जो हर दर पे झुक जाए, वो दर भी क्या दर है जहां हर सर न झुक जाए" विज ने कहा "वो सर भी क्या सर है जो हर दर पे झुक जाए, वो दर भी क्या दर है जहां हर सर न झुक जाए"। गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब एक ऐसा द्वर है जहां पर सबका सिर झुकता है और यहां से लोग झोलियां भर-भर कर ले जाते है, यहां पर गुरू महाराज की इतनी कृपा है कि गुंगे को भी गीता के श्लोकों का उच्चारण करवाया गया। इस दर पर आकर हमेशा शकून, शांति, ताकत, प्रेरणा, सदबुद्धि, ज्ञान, परोपकार करने की प्रेरणा मिलती है। आज यहां पर जो अखंड पाठ रखा है उसके लिए मैं दिल की गहराईयों आभार व्यक्त करता हूं। इस मौके पर हरियाणा गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य बी.एस. बिन्द्रा, सुदर्शन सहगल, टी.पी. सिंह, मंडल प्रधान राजीव डिम्पल, किरण पाल चौहान, अजय पराशर, अजय बवेजा, सुरेन्द्र तिवारी, जसबीर जस्सी, पंजोखरा साहिब गुरूद्वारा के मैनेजर कुलदीप सिंह, कोषाध्यक्ष कुलविन्द्र सिंह, जत्थेदार बाबा बूटा सिंह के साथ-साथ भारी संख्या में संगत व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### शिक्षित समाज ही विकसित समाज: वेदप्रकाश पांचाल



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )**भगवान श्री विश्वकर्मा पांचाल एजुकेशनल सेवा सोसाइटी कुरुक्षेत्र के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में पांचाल समाज के पूर्व प्रधान वेदप्रकाश बेदी ने कहा कि समाज मे शिक्षा का प्रसार प्रचार करने से समाज मे जागरूकता आती है, व समाज उन्नति की ओर अग्रसर होता है ।इस अवसर पर एडवोकेट मनोज पांचाल व दीपक भारद्वाज ने समिति की सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि वे तन मन धन से शिक्षा के प्रसार के लिए कार्य करेंगे ।इस अवसर पर उन्होंने बच्चो को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के टिप्स भी दिए ।और समय समय पर कक्षाएं लगाने का आश्वासन दिया ।समिति के लीगल एडवाइजर सुभाष पटवा ने बताया कि समिति द्वारा होनहार विद्यार्थियों की पहचान करके उन्हें सहायता दी जाती है, कई बच्चे इस पुस्तकालय में पढ़कर सरकारी सेवाओं में चयनित हुए हैं। उपाध्यक्ष धर्मबीर पांचाल व उपनिदेशक वेदरत्न आर्य ने बताया कि समिति द्वारा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर ,होनहार विधार्थियों को कोचिंग लेने में सहायता की जाती है और कैरियर मार्गदर्शन व शैक्षिक सहयोग दिया जाता है ।कोषाध्यक्ष सतीश कुमार व अमरजीत पांचाल ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत व धन्यवाद किया। इस अवसर पर कृष्ण चंद पांचाल,प्रधान विश्वकर्मा मंदिर सभा भी उपस्थित थे।

### पानीपत के गांव महराणा में गन्ने की खेती को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**पानीपत:** हरियाणा विज्ञान मंच एवं सहायक गन्ना विकास अधिकारी पानीपत द्वारा गांव महराणा में सुरेंद्र सिंह नांदल के फार्म में गन्ने की खेती को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 20 गांवों के किसानों ने भाग लिया। शिविर की अध्यक्षता नरेंद्र सिंह नांदल पूर्व सरपंच गांव महराणा ने की। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक क्षेत्रीय गन्ना अनुसंधान केंद्र उचानी करनाल एचएयू हिसार से डॉ राकेश मैहरा ने किसानों को गन्ने की फसल में अच्छी आय लेने को लेकर प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को रोग रहित बीज के साथ बीज उपचार करने तथा चौडा खुड विधि को अपनाने का सुझाव दिया। गन्ना विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. नवीन ने किसानों को गन्ने की उन्नत किस्मों की जानकारी देते हुए चौड़ा खुड विधि के लाभ बताएं। उन्होंने बताया कि गन्ने की अक्टूबर में बिजाई के समय मटर, चना, गोभी व सरसों की फसल ली जा सकती है। गांव दीवाना के प्रगतिशील किसान जोगिंद्र सिंह चौड़ा खुड विधि से गन्ने की सह फसली खेती से एक एकड़ में करीब तीन लाख तक की कमाई कर रहे हैं। हरियाणा विज्ञान मंच के राज्य कमेटी सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि किसान गन्ने की फसल में वैज्ञानिकों की सिफारिशों से कई गुना ज्यादा कीटनाशक दवाइयों व रसायनिक खादों का प्रयोग कर रहे हैं, जिसकी वजह से उनकी गन्ने की फसल में आमदनी घट रही हैं। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र गुरुकुल फार्म में गन्ने की प्राकृतिक खेती से 500 से 600 क्विंटल प्रति एकड़ ली जा रही है। इस अवसर कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा के संयोजक डॉ राजबीर गर्ग, कृषि विज्ञान केंद्र उचानी करनाल के संयोजक डा. महा सिंह, पानीपत शुगर मिल के गन्ना प्रबंधक कर्मबीर सिंह, अरविंद काजल, डॉ अनिल गुलिया व विकास आदि ने भी अपने विचार रखे।

# प्रदर्शनी में विधायक ने बढ़ाया विद्यार्थियों का हौसला



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला शहर पोलिटेक्निक में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मेजर प्रोजेक्ट्स को दशाने हेतु एक प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। संस्थान में उपलब्ध सभी आठ ट्रेडों में बने सभी प्रोजेक्ट्स में से संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा चयनित तीन तीन प्रोजेक्ट इस प्रदर्शनी में दर्शाए गए थे।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में असीम गोयल, विधायक अंबाला शहर तथा विशिष्ट अतिथि अनिल जैन, सी ई ओ, वैशेषिका इलेक्ट्रॉन डिवाइसेज थे।
विधायक ने सभी प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करते हुए कहा की मुझे इस बात का जरा भी अंदाजा नही था कि हमारे बहुतकनीकी संस्थानों में इतने होनहार विद्यार्थी पढ़ रहे हैं जिनमे बहुत कुछ करने की प्रतिभा मौजूद है।
अनिल जैन ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए सभी प्रोजेक्ट्स का सूक्ष्म निरीक्षण किया और इनके निमार्ता विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश विदेश में रोजगार की स्थिति देखते हुए आवश्यक है कि रोजगार खोजने के बजाय रोजगार देने वाला बनने की कोशिश की जाए।
उन्होंने उद्यमिता विकास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के मेहनती विद्यार्थी भविष्य में सफल उद्यमी बनने में पूर्णतः सक्षम हैं । इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ राजीव सपरा ने सभी प्रतिभागियों और उनके मार्गदर्शक प्राध्यापकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार से कार्य करना अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह न सिर्फ विद्यार्थियों का प्रायोगिक ज्ञान वर्धन करता है अपितु उनका आत्मबल बढ़ाने में भी सहायक होता है।

# राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा शनिवार को छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया और समरसता का संदेश दिया। लोगों ने चिलचिलाती धूप के बीच शरबत पीकर राहत महसूस की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार नरेश भार्गव ने कहा कि हर वर्ष आयुष विवि के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा भीषण गर्मी के दिनों में ठंडा-मीठा पानी वितरित कर यात्रियों की प्यास बुझाई जाती है। इस सेवार्थ कार्य के लिए धन का संग्रह स्वयं कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में दान का विशेष महत्व है खासतौर पर अन्न और जल का, जो व्यक्ति की मूलभूत जरूरत भी है। वहीं दूसरों के प्रति निस्वार्थ भाव से सेवा का भाव रखना जीवन में कामयाबी का मूल मंत्र है।

# सुरक्षा के लिए घरों व दुकानों के बाहर लगवाएँ सीसीटीवी: जशनदीप सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला जिले के लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए घरों व दुकानों के बाहर सीसीटीवी लगाने की अपील एसपी की ओर से की गई है। एसपी ने कहा कि अगर सीसीटीवी लगे होगें तो कोई भी अपराधिक गतिविधि होने पर आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को आसानी होगी। एसपी जशनदीप सिहँ रंधावा ने जिला में अपराधों की रोकथाम व असामाजिक तत्वों पर निगरानी के लिए आमजन से सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए अपील की है। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वह अपने अधीन क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों बारे जानकारी रिकार्ड में रखें, क्योंकि जब कोई अपराध घटित होता है तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगाने के लिए प्राथमिकता के आधार सीसीटीवी फुटेज की सहायता लेती है। आज के समय अपराधों की रोकथाम और छानबीन के लिए नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा है। सीसीटीवी कैमरा लगने के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता है।
एसपी जशनदीप सिहँ रंधावा ने कहा कि अपराध को रोकने के लिए सभी सतर्क रहें। सीसीटीवी कैमरा लगवाकर पुलिस का सहयोग करें, क्योंकि जनता का सहयोग मिलने पर पुलिस हर अपराध पर अंकुश लगा सकती है। जनता पुलिस के बीच आपसी तालमेल से कार्य करने पर कोई अपराधी पुलिस की नजर से बच नहीं सकता।

# तहसीलदार सहित सात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** धोखाधड़ी और जालसाजी करने के आरोप में पुलिस ने मण्डी अटेली तहसीलदार सहित सात के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सागरपुर निवासी बलवंत सिंह ने एसपी को दी शिकायत में कहा था कि गांव के ही राजेंद्र सिंह ने जून 2022 में उसे बताया था कि वह अपनी जमीन को बेचना चाहता है जिसकी कीमत 11 लाख रुपये बताई गई थी। उसने 11 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद जब वह कब्जा लेने पहुंचा तो भगत सिंह ने बताया कि राजेंद्र ने उसके हक में पहले ही एक रिलीज डीड नंबर 2389 दिनांक 17 फरवरी 2016 को करवाई हुई है।

# संदीप गर्ग ने निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**स्टालवार्ट** फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा गांव कनीपला में 28वां निःशुल्क स्वास्थ्य एवं आंखों का जांच कैम्प लगाया गया। जिसमें भारी संख्या में मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उनकी ओर से एक महीने में लगभग 2 या 3 स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाए जा रहे हैं जिससे कि स्वस्थ हल्का बने। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि लाडवा हल्के का कोई भी व्यक्ति बीमार न हो और सभी का इलाज समय पर हो। उसी कड़ी में शनिवार को गांव कनीपला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैम्प व आंखों की जांच कैम्प लगाया गया। कैम्प में सिग्नस हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। वहीं आदेश हॉस्पिटल शाहबाद की टीम द्वारा 297 लोगों की आंखों की जांच की गई, 9 मरीजों की आंखों का ऑपरेशन निकला है वह फाउंडेशन की ओर से निशुल्क करवाया जाएगा व कैम्प के दौरान 96 लोगों को निःशुल्क चश्में व दवाइयां आदि वितरित की गई। मौके पर दर्शन लाल, दीवान चंद, प्रेमो देवी, नैबो देवी, रजनी, श्री राम, हरपाल, दलबीर सिंह, श्याम लाल, सुरजीत, नीलम, कुसुम, सुखदेव, माया, कृष्ण चंद सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आप ने गंदे पानी के विरोध में किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को वार्ड 6 के मनमोहन नगर में नारंग सिमेंट वाली गली में पिछले करीब चार सालों से लगातार भर रहे गंदे पानी के विरोध में स्थानीय कालोनी वासियों के साथ मिलकर रोष प्रदर्शन किया। रोष प्रदर्शन की अध्यक्षता आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ और प्रदेश के संयुक्त सचिव सुखबीर मलिक ने की। इस मौके पर आप नेताओं व स्थानीय लोगों ने गली में भरे गंदे पानी के बीच में ही खड़े होकर पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा और स्थानीय पार्षद एवं नगर निगम के डिप्टी मेयर रविंद्र फूले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि विधायक महीपाल ढांडा रेस्ट हाउस में बैठकर पानीपत ग्रामीण हलके की कालोनियों में विकास करवाने के बड़े दावे करते है लेकिन विधायक महोदय यहां आकर देख ले कि पिछले चार साल से लोगों को गली में भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। यहां का पार्षद रविंद्र निगम के डिप्टी मेयर भी है लेकिन उसने आज तक भी गली में भरने वाले इस पानी का समाधान नहीं करवाया है। आप के प्रदेश संयुक्त सचिव सुखबीर मलिक ने कहा कि ग्रामीण हलके की कालोनियों के लोगों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और विधायक आराम से रेस्ट हाउस में बैठकर विकास के झूठे दावे करते है लेकिन ग्रामीण हलके की कालोनियों के लोग सारी असलियत जान चुके है और आने वाले विधानसभा चुनाव में हलके की जनता विधायक को सबक सिखाने को तैयार बैठी है। इस अवसर पर संयुक्त सचिव एससी सेल राजकुमार मुंडे, जिला महासचिव देवन सलूजा, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक कुलदीप शर्मा, जिला सह सचिव प्यारेलाल गुप्ता, नीलम परणामी, मनमोहन सिंह, जॉनी चावला, हरीश सलूजा ,डॉ सुरेश चौहान, मीनू ,सरदार सग्गू, जानी, मुकेश शर्मा, शालू प्रणामी व विपिन आदि मौजूद रहे।

# पशु पालक परिवार पहचान पत्र के माध्यम से करवा सकते है अपने पशुओं का बीमा: धर्मवीर

## चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने गांव दयालपुर में बीमा शिविर का किया शुभारंभ, बीमित पशु की अकाल मृत्यु होने पर बीमा कंपनी करेंगी मुआवजे का भुगतान



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि एक पशुपालक एक परिवार पहचान पत्र पर पांच बड़े पशु या 50 भेड़ व बकरी का बीमा सब्सिडी का लाभ लेते हुए करवा सकता है। दुधारू गाय जिनकी आयु 2 से 10 वर्ष तक है उनका बीमा उनकी कीमत के अनुसार वह दुग्ध उत्पादन क्षमता के अनुसार 100 से 300 तक किया जाएगा। दुधारू भैंस जिसकी आयु 3 से 10 वर्ष तक है उनका दुग्ध उत्पादन क्षमता के अनुसार 1 लाख तक का बीमा भी 100 से 300 तक में किया जाएगा। चेयरमेन धर्मवीर मिजार्पुर शनिवार को गांव दयालपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सामूहिक पशु बीमा योजना-2023-24 को लेकर आयोजित एक शिविर को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर ने कहा कि इस पशु बीमा योजना के अंतर्गत कुल 6 लाख पशुओं का बीमा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 5 लाख 40 हजार लाख बड़े पशुओं व 60 हजार छोटे पशुओं का बीमा किया जाएगा। पशुपालकों के लिए पशु एक एटीएम की तरह काम करता है, कृषि के साथ-साथ पशुधन व्यवसाय किसानों के लिए आमदनी का स्त्रोत है। यदि पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो पशुपालक को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यदि पशुपालक ने अपने पशुओं का बीमा करवाया हुआ है और किसी कारणवश पशु की अकाल मृत्यु हो जाती है तो पशुपालक को उस पशु का बीमा कंपनी के माध्यम से मुआवजा मिल जाएगा और पशुपालक आर्थिक नुकसान से बच जाएगा। उन्होंने कहा कि पशुपालक सरल पोर्टल के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदक की उम्र 18 साल से ऊपर होनी चाहिए व उसके पास परिवार पहचान पत्र हो व अनुसूचित जाति के आवेदक के पास अनुसूचित जाति का प्रमाण अनिवार्य है। इस योजना के अंतर्गत गाय, भैंस, भेड़ ,बकरी, घोड़ा, गधा, खच्चर, सूअर प्रजाति के पशुओं का बीमा किया जाना है। भेड़ व बकरी प्रजाति के पशुओं का 15 हजार तक बीमा का केवल 25 में किया जाएगा, भार ढोने वाले पशु घोड़ा, गधा व खच्चर का 50 हजार तक का बीमा केवल 100 रुपए में इस योजना के अंतर्गत किया जाएगा। यदि आवेदक अनुसूचित जाति से संबंध रखता है तो उन आवेदकों के लिए पशु बीमा निशुल्क किया जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के किसानों की आमदनी को दोगुना करने के सपने को साकार करने के लिए पशुधन बीमा योजना के माध्यम से प्रत्येक बीमित पशु पर 1 हजार रुपए से 2 हजार रुपए तक की सब्सिडी देते हुए अहम भूमिका निभाई जाएगी।
इस मौके पर कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. धर्मेंद्र सिंह, डा. रविंद्र ढबास, डा. उपेंद्र, डा. ऋतु, डा. उत्पल, डा. मंजीत, डा. कृष्ण लाल मुल्तान, बीएलईओ सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# बृजभूषण: प्रत्यक्षदर्शी नहीं ढूंढ पाई दिल्ली पुलिस

## यौन उत्पीड़न के मामलों में दिल्ली पुलिस को 50 दिन में एक भी प्रत्यक्षदर्शी यानि सीधा गवाह नहीं मिला है

### चार्जशीट में खुलासा

**= या यह कहा जा सकता है कि दिल्ली पुलिस के पास एक भी ऐसा गवाह नहीं है जिसने घटना देखी हो**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डब्ल्यूएफआई** के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामलों में दिल्ली पुलिस को 50 दिन में एक भी प्रत्यक्षदर्शी यानि सीधा गवाह नहीं मिला है। या यह कहा जा सकता है कि दिल्ली पुलिस के पास एक भी ऐसा गवाह नहीं है जिसने घटना देखी हो। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारिक सूत्र ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट में बृजभूषण के खिलाफ कुल 19 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इनमें से चार लोगों ने कहा है कि उन्हें महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न के बारे में बताया गया, इसलिए उन्हें इन आरोपों का पता है। हालांकि ये चार लोग पीड़ित के सीधे जानकार नहीं हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 15 लोग पीड़ित महिला पहलवानों के जानकार, परिवार व रिश्तेदार हैं। ये लोग भी घटना के साथ पीड़ितों के साथ नहीं थे। 15 लोगों में छह पीड़ित पहलवान, पहलवानों की चार बहनें, कोच, रेफरी और महावीर अखाड़े के लोग शामिल हैं। इन लोगों ने अपने बयान दर्ज कराए हैं। पुलिस ने कुल 150 लोगों के बयान दर्ज किए हैं। इसमें से ज्यादातर ने बृजभूषण के पक्ष में अपने बयान दर्ज कराए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोगों के बयान व फोटो आदि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट दाखिल की गई है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि चार्जशीट में महिला पहलवानों की यौन उत्पीड़न की छह शिकायतों में कम से कम चार में फोटो सबूत और तीन मामलों में वीडियो सबूत का हवाला दिया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने 15 जून को बृजभूषण शरण के खिलाफ 1500 पन्नों की चार्जशीट दायर की थी।

**ओवरसाइट कमेटी की रिपोर्ट को शामिल किया:** दिल्ली पुलिस ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ अपनी चार्जशीट में खेल मंत्रालय की ओवरसाइट कमेटी रिपोर्ट को भी शामिल किया है। इस कमेटी की रिपोर्ट में बृजभूषण के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से इंकार किया गया है। हालांकि पीड़ित महिला पहलवानों ने कमेटी की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं।

**अभी तक नहीं मिली विदेशी संघों की रिपोर्ट:** दिल्ली पुलिस ने कजाकिस्तान व इंडोनेशिया समेत पांच देशों के कुश्ती फेडरेशन को पत्र लिखकर घटना के समय की ऑडियो, वीडियो व फोटो उपलब्ध कराने को कहा था। किसी भी देश के कुश्ती फेडरेशन ने शुक्रवार शाम तक जवाब नहीं दिया था। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि डब्ल्यूएफआई व महिला पहलवानों ने फोटो के प्रिंट आउट पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। इनमें ज्यादातर फोटो महिला पहलवानों द्वारा मेडल जीतने के बाद खुशी के पलों की हैं। इन फोटो में आरोपी सांसद ने महिला पहलवानों के कंधों पर हाथ रखा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फोटो में आपत्तिजनक जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। दिल्ली पुलिस ने इन 50 दिनों में रोहतक, गोंडा, लखनऊ, रांची व बेल्लारी समेत छह जगहों पर जाकर सबूत खंगाले। कनॉट प्लेस थाने में महिला पहलवानों की शिकायत पर बृजभूषण के खिलाफ 28 अप्रैल को दो मामले दर्ज किए थे।

# क्रिप्टो करेंसी में करिए निवेश और हो जाइए मालामाल!



### निवेश के बहाने...

**= आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, दो आधार कार्ड समेत कई दस्तावेज बरामद हुए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी जिला पुलिस ने** क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले आरोपित को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित राम कुमार सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर पीड़ितों को अपने जाल में फंसाता था। आरोपित के पास से एक मोबाइल फोन, दो सिम कार्ड, दो आधार कार्ड समेत कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। उत्तरी जिला डीसीपी सागर सिंह कलसी के अनुसार,साइबर थाना पुलिस को एक एनजीओ कर्मी की शिकायत प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के बहाने उनके साथ 1,24,556 रुपये की ठगी की गई है।

**इंस्टाग्राम पर देखी थी पोस्ट:** पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट देखी थी, जिसमें बताया गया कि क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा प्राप्त किया जा सकता है। पीड़ित ने 1,24,556 रुपये आरोपित के यूपीआई आईडी पर ट्रांसफर कर दिए। उसके कई बाद तक आरोपित की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, बाद में उन्हें ठगी का अहसास हुआ। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपित के इंस्टाग्राम पोस्ट और आईपी पता की जानकारी निकाली, इसके साथ ही पीड़ित द्वारा भेजी गई रकम के विवरण को भी पुलिस ने खंगाला। पुलिस को आरोपित की लोकेशन जयपुर मिली। इसके बाद पुलिस आरोपित राम कुमार को जयपुर से गिरफ्तार कर लिया।



विदेश मंत्री एस जयशंकर, वीरेंद्र सचदेवा, रामवीर सिंह बिधूड़ी सहित बीजेपी नेताओं संग दक्षिण दिल्लली लोकसभा क्षेत्र में बैठक करते हुए।

# एयरपोर्ट पर विदेशी मुद्रा के साथ हवाई यात्री को पकड़ा

### जांच जारी

**= सीआईएसएफ की टीम ने भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद की है। जिसकी कीमत भारतीय रुपए में 57 लाख रुपये बताई जा रही**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंदिरा गांधी** इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की टीम ने भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा बरामद की है। जिसकी कीमत भारतीय रुपए में 57 लाख रुपये बताई जा रही है। बैग के अंदर कैविटी बनाकर इसे छिपाकर रखा गया था। सीआईएसएफ के प्रवक्ता अपूर्व अग्निहोत्री ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार दोपहर टर्मिनल 3 आईजीआई एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की सर्विलांस टीम ड्यूटी कर रही थी। हवाई यात्री की गतिविधि उन्हें संदिग्ध लगी। जब वह पैसेंजर चेकिंग एरिया में पहुंचा तो उसकी पहचान मोहम्मद फैजल के रूप में हुई। जो भारत का ही रहने वाला था। वह दिल्ली से मुंबई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या 6ई-1463 से शाम 5 :40 से जाने वाला था। सीआईएसएफ की टीम को उसके सामान पर शक हुआ तो उसकी और चेकिंग की गई, क्योंकि जब एक्सरे मशीन में उसके सामान को डाला गया तो शक हुआ। उस सामान को नीचे उतारकर उसकी मैनुअली और इलेक्ट्रॉनिक तरीके से चेक किया गया तो उसके अंदर से विदेशी मुद्रा निकली। मामले की सूचना तुरंत कस्टम की टीम को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने पूरा सामान चेक किया तो उसमें से 2 लाख 58 हजार 500 यूएई दिरहम निकला।

# चादंनी चौक में 18 जून को मनेगा राहगीरी दिवस, सड़क पर आवाजाही रहेगी बंद

## पीएमएनसीएच और नागरिक संगठन के संयुक्त सहयोग से इसका आयोजन होगा

### थोड़ी मस्ती हो जाए...

**= चित्रकला प्रतियोगिता, कठपुतली शो, योग, नृत्य व सड़क सुरक्षा के साथ रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कनॉट प्लेस व** दिल्ली के अन्य स्थानों के बाद "राहगीरी दिवस" अब चांदनी चौक में मनाया जाएगा। यहां 18 जून को इसका आयोजन होगा, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, कठपुतली शो, योग, नृत्य व सड़क सुरक्षा के साथ अन्य रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जी-20 आयोजनों की श्रृंखला के तहत निगम व दिल्ली पुलिस, राहगीरी फाउंडेशन, एफआइए फाउंडेशन, पीएमएनसीएच और नागरिक संगठन के संयुक्त सहयोग से इसका आयोजन होगा। इस नागरिक उत्सव का आयोजन चांदनी चौक में स्थित टाउन हाल से गुरुद्वारा शीशगंज साहिब तक के क्षेत्र में किया जाएगा। निगम के अनुसार, इसका आयोजन वायु प्रदूषण को कम करने के साथ ही वैकल्पिक परिवहन तथा सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित व सुलभ सड़कों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है।

**10 साल से हो रहा है राहगीरी का आयोजन:** कनॉट प्लेस में 10 साल से राहगीरी का आयोजन हो रहा है। हालांकि, कोरोना महामारी के वर्षों में इसे अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया था। इसके साथ ही पूर्वी व पश्चिमी दिल्ली समेत दिल्ली के अन्य भागों में इसके आयोजन हुए हैं। अब यह चांदनी चौक मुख्य मार्ग पहुंचा है, जिसे कुछ वर्ष पहले पुनर्विकास के तहत मोटर वाहन रहित मार्ग के तौर पर विकसित किया गया है, जिसे पर्यटकों के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

**तीन घंटे रोकी जाती है वाहनों की आवाजाही:** राहगीरी दिवस उत्सव के तहत एमसीडी की ओर से सुबह तीन घंटे, छह से नौ बजे तक आयोजन स्थल की सड़क पर आवाजाही को रोक दिया जाएगा, ताकि लोगों को चलने, साइकिल चलाने और विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने के लिए लोगों को बेहतर वातावरण मिल सके। विशेष बात यह है कि इस दौरान, खेल विभाग की ओर से खेल प्रतियोगिता का आयोजन, चित्रकला प्रतियोगिता, कठपुतली शो, योग, नृत्य, सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, प्रेरक भाषण और कई अन्य मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।


# कोचिंग संस्थान: गुस्साए छात्रों ने किया रातभर प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुखर्जी** नगर में संस्कृति आइएएस कोचिंग संस्थान की इमारत में बृहस्पतिवार दोपहर आग लगने और सुरक्षा के इंतजाम न होने की वजह से 61 साथियों के चोटिल होने की घटना के विरोध में छात्र रातभर सड़क पर जमे रहे। प्रदर्शनकारी छात्र बच्चों की सुरक्षा के प्रति लापरवाह कोचिंग संस्थान के खिलाफ कार्रवाई और भविष्य में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग कर रहे हैं। इस बीच, हालात को देखते हुए इलाके के अधिकांश कोचिंग संस्थान बंद रहे।

बताया जा रहा है कि सभी संस्थानों को सोमवार तक के लिए बंद किया गया है। माना जा रहा है कि मामला शांत होने के बाद ही संस्थान खुल पाएंगे। कोचिंग संस्थान में सुरक्षा की मांग को लेकर सैकड़ों छात्रों ने रात से लेकर शुक्रवार दोपहर तक सड़क जाम कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्रों का कहना है कि मुखर्जी नगर स्थित कोचिंग संस्थानों में आग से बचने के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं हैं। यूपीएससी, एसएससी आदि की तैयारी करने वाले छात्र काफी समय से कोचिंग संस्थान संचालकों की मनमानी के खिलाफ आवाज नहीं उठा पा रहे थे। क्लास में भेड़-बकरियों की तरह ठूस कर उन्हें पढ़ाया जाता है। बृहस्पतिवार की घटना के बाद छात्र आक्रोशित हैं। उन्होंने रातभर प्रदर्शन किया व कोचिंग संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इसके बाद शुक्रवार दोपहर को पुलिस अधिकारी के आश्वासन के बाद उन्होंने धरना समाप्त किया।

# भगवान हनुमान भी दर्शकों के साथ देख रहे फिल्म 'आदिपुरुष'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भगवान हनुमान** भी दर्शकों के साथ बैठकर सिनेमा हॉल में फिल्म 'आदिपुरुष' को देख रहे हैं। उनके लिए हर शो में कई सिनेमा हॉल में एक सीट की व्यवस्था की गई है। सीट को बढ़िया फूलों से सजाया गया है और उसपर भगवा रंग के कपड़े में लिपटी भगवान हनुमान की तस्वीर रखी जा रही है। इसके साथ ही सामने टेबल लगाकर उनके लिए लड्डू, दूध और पानी की भी व्यवस्था की गई है। ऐसे में भगवान दर्शकों के बीच श्रद्धा के केंद्र बने हुए हैं। उनको नमन करने के साथ दर्शक उनके साथ सेल्फी लेने से भी नहीं चुक रहे हैं। दिल्ली में करीब 120 थियेटर हैं।

**इसलिए रखी गई सीट आरक्षित:** आसफ अली मार्ग स्थित डिलाइट सिनेमा के संचालक राजकुमार मेहरोत्रा ने कहा कि सभी सिनेमा घर संचालकों ने मिलकर यह तय किया है कि वे खुद ही इस शो में हनुमान जी के एक सीट आरक्षित रखेंगे, क्योंकि यह फिल्म प्रभु राम पर आधारित है और वह जहां रहते हैं, उनके साथ भक्त हनुमान भी साथ होते हैं। ऐसे में उनके लिए सीट नंबर-एक आरक्षित रखा गया है।

# युवती के मंगेतर को अश्लील मैसेज करने वाला गिरफ्तार

## मॉर्फ्ड तस्वीरों की वजह से टूट गई पीड़िता की सगाई, बिहार का रहने वाला है आरोपित

### शिकंजा

**= युवक पर आरोप है कि उसने एक युवती की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर उसे बदनाम किया, जिससे उसकी सगाई टूट गई**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस ने एक लड़की को परेशान करने के आरोपित 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास के एक मोबाइल और एक सिम कार्ड बरामद हुआ है। युवक पर आरोप है कि उसने एक युवती की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर उसे बदनाम किया, जिससे उसकी सगाई टूट गई। आरोपित ने दावा किया है कि वह लड़की की भाभी का पूर्व प्रेमी है और उसके कहने पर ही उसने घटना को अंजाम दिया। आरोपित के इस खुलासे के बाद पीड़िता की भाभी की इस मामले में संलिप्तता की जांच की जा रही है। गिरफ्तार युवक की पहचान बिहार के सारण निवासी शुभम कुमार (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल फोन और सिम कार्ड बरामद कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 20 मार्च को एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से द्वारका साइबर सेल को एक शिकायत मिली, जिसमें एक युवती ने आरोप लगाया कि एक फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल से उसकी अश्लील फोटो और संदेश को उनके मंगेतर के पास भेजा गया। जिसकी वजह से उनकी सगाई टूट गई है।

**मॉर्फ्ड तस्वीरों की वजह टूटी सगाई:** शिकायत पर पुलिस ने आइटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर जगदीश कुमार और सुधीर के नेतृत्व में पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने इंस्टाग्राम आइडी के सर्विस प्रोवाइडर से पंजीकरण विवरण, आइडी के लाग की गतिविधि और आइपी लाग के बारे में जानकारी हासिल की। जिसके जरिए पुलिस को पता चला कि फर्जी इंस्टाग्राम प्रोफाइल बिहार के सारण का रहने वाले शुभम कुमार ने बनाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि इन अश्लील मैसेज और मॉर्फ्ड तस्वीर की वजह से उसकी सगाई टूट गई। युवती के बयान के आधार पर आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत मामला दर्ज कर जांच के लिए टीम का गठन किया गया।

**बिहार का रहने वाला है आरोपित:** जांच के दौरान इंस्टाग्राम आईडी के सर्विस प्रोवाइडर से जानकारी मांगी गई, जिससे पता चला की यह फर्जी आईडी बिहार के रहने वाले 19 वर्षीय युवक शुभम कुमार की है। तकनीकी निगरानी के बाद पुलिस ने आरोपित को बिहार के मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने दावा किया कि वह शिकायतकर्ता की भाभी का पूर्व प्रेमी है। पारिवारिक विवाद होने की वजह से शिकायतकर्ता की भाभी ने उससे शिकायतकर्ता की सगाई तोड़ने के लिए कहा था।

# सिंधिया हाउस में पिस्तौल लहराते हुए घुसे बदमाश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**लुटियन** दिल्ली स्थित सिंधिया हाउस में दिनदहाड़े हथियार के बल पर बदमाशों ने मनी चेंजर से लूटपाट की कोशिश की। वारदात के दौरान पड़ोसी बदमाशों से भिड़ गए। एक बदमाश को दबोच लिया गया, जबकि दो बदमाश मौके से फरार हो गए। मामले में फिलहाल बाराखंबा थाना पुलिस पड़के गए बदमाश नरेंद्र से पूछताछ कर रही है। वह हरियाणा के सोनीपत जिले के का रहने वाला है।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के यात्रियों के लिए अच्छी खबर, सुरक्षा के लिए हर 1 किमी पर होगा 'तीसरी आंख' का पहरा

## फिलहाल इसे आठ लेन का बनाया जा रहा है, ट्रैफिक का दबाव बढ़ने पर चार लेन तक बढ़ाने की गुंजाइश रहेगी। इसके लिए 21 मीटर चौड़ाई की मीडियन बनाने के ऊपर जोर दिया जा रहा है

### आरोपों की झड़ी

**= ऐसे कैमरे लगाए जाएंगे कि कंट्रोल रूम में बैठकर एक्सप्रेस-वे पर पूरी तरह नजर रखी जा सकेगी। हेलीकाप्टर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध होगी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-मुंबई** एक्सप्रेस-वे कैमरों की जद में होगा। एक किलोमीटर के अंतराल पर कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों का रेंज 500 मीटर तक होगा। इसके माध्यम से चारों तरफ की गतिविधियों पर नजर होगी। सभी जंक्शन पर तीन से चार कैमरे लगाए जाएंगे। अलीपुर से अलवर के बीच कैमरे लगाने की तैयारी भी हो चुकी है। सुरक्षा की व्यवस्था होते ही कैमरे लगाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। गुरुग्राम जिले के गांव अलीपुर से लेकर मुंबई तक आठ लेन का एक्सेस कंट्रोल ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनाया जा रहा है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की कनेक्टिविटी को बेहतर करना है। फिलहाल दूरी तय करने में लगभग 24 घंटे लग जाते हैं। एक्सप्रेस-वे बनाए जाने के बाद 12 घंटे में दूरी तय की जा सकेगी। यात्रा पूरी तरह सुरक्षित हो, यदि कहीं किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो कंट्रोल रूम में तत्काल सूचना पहुंच जाए, इसे ध्यान में रखकर एक्सप्रेस-वे पर कैमरे लगाए जाएंगे। एक-एक किलोमीटर के अंतराल पर कैमरे लगाने का निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि सौ फीसद नजर रहे। जितने भी जंक्शन बनाए जाएंगे वहां पर मेन कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। इनके अलावा भी कई जगह सब-कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे ताकि हादसा होने पर या जाम लगने पर कुछ ही मिनट के भीतर आगे के कार्य शुरू किए जा सकें।

**फिरोजपुर झिरका से लेकर अलवर तक काम पूरा:** फिरोजपुर झिरका से लेकर अलवर के बीच एक्सप्रेस-वे का निर्माण पूरा हो चुका है। सुरक्षा की व्यवस्था न होने से कैमरे लगाने का काम पिछले महीने शुरू नहीं हो सका। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) की ओर से सुरक्षा को लेकर जगह-जगह मार्शल तैनात किए जाएंगे ताकि कोई कैमरे चुराकर न ले जाए। कुछ दिनों पहले अलवर इलाके में चोरी की वारदात सामने आ चुकी है। एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए सोलर पैनल चोर चुराकर ले गए। यही नहीं कहीं से कहीं से रेलिंग भी तोड़कर ले जाने का प्रयास किया गया।

**अगले साल तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य:** 1380 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण की आधारशिला नौ मार्च 2019 को रखी गई थी। निर्माण पर लगभग 95 हजार करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। फिलहाल इसे आठ लेन का बनाया जा रहा है। ट्रैफिक का दबाव बढ़ने पर चार लेन तक बढ़ाने की गुंजाइश रहेगी। इसके लिए 21 मीटर चौड़ाई की मीडियन बनाने के ऊपर जोर दिया जा रहा है। ट्रैफिक का दबाव बढ़ते ही मीडियन को घटा दिया जाएगा। एक्सप्रेस-वे के बनने से अलवर, दौसा, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, भोपाल, उज्जैन, इंदौर, अहमदाबाद, वडोदरा और सूरत जैसे शहरों की भी कनेक्टिविटी काफी बेहतर हो जाएगी। एनएचएआइ के परियोजना निदेशक (सोहना) मुदित गर्ग का कहना है कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे देश का अनूठा एक्सप्रेस-वे होगा। कई तरह की सुविधाएं एक्सप्रेस-वे के ऊपर उपलब्ध होंगी। ऐसे कैमरे लगाए जाएंगे कि कंट्रोल रूम में बैठकर एक्सप्रेस-वे पर पूरी तरह नजर रखी जा सकेगी। हेलीकाप्टर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध होगी।

## न्यूज फ्लैश

### चांदी लूट की घटना का खुलासा कर पूरा माल किया बरामद

**मथुरा।** थाना गोविंद नगर व स्वाट टीम ने 11 जून को सराफा व्यापारी के कर्मचारी के साथ दिन दहाड़े हुई चांदी लूट की घटना का खुलासा करते हुए शतप्रतिशत माल की बरामदगी सुनिश्चित की है। लूट की घटना को अंजाम देने वाले पांच अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना गोविंद नगर ललित भाटी के मुताबिक पुलिस ने घटना में शामिल दीपक तिवारी उर्फ दीपू पुत्र लल्लन तिवारी निवासी माया टीला हालनगंज थाना गोविंद नगर मथुरा जो हाल में कृष्णापुरम थाना गोविन्दनगर में किराये के मकान में रह रहा था के साथ रवेन्द्र कुमार मांझी उर्फ रोबिन पुत्र राजनरायन मांझी निवासी गंगतीरा खुर्द थाना सोहागी जिला रीवा मध्य प्रदेश, पीतम सिंह मांझी उर्फ छोटू पुत्र राम उजागर मांझी निवासी गंगतीरा खुर्द थाना सोहागी जिला रीवा, नीलेश कुमार सोनी पुत्र जगदीश प्रसाद सोनी निवासी त्यौथर थाना सोहागी जिला रीवा तथा दीपक तिवारी की प्रेमिका को गिरफ्तार किया है। इन सभी को दीपक तिवारी के गोविन्द नगर स्थित किराये के मकान से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से लूटी गई चांदी में से 4.411 किलोग्राम की. की सात बड़ी चांदी की ईंट, छह जोड़ी पाजेब, दो लाख आठ हजार रुपए नगद व एक पीली पर्ची टंच व घटना में प्रयुक्त चोरी की मोटर साइकिल बरामद की है। आरोपितों ने सराफ के कर्मचारी की आखों में मिर्ची डालकर चांदी की लूट की घटना को अंजाम दिया था।

### मकान का जाल काटकर मोबाइल एवं नकदी चोरी

**मथुरा।** शहर के जैन मंदिर वाली गली में एक बीती रात चोरों ने छत का जाल काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से मोबाइल एवं करीब आठ हजार रुपए की नकदी को चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। घटनाक्रम के अनुसार जैन मंदिर वाली गली निवासी योगेश मंगला पुत्र रामेश्वर प्रसाद के मकान में बीती रात चोर घुस गए। चोर मकान की छत पर लगे जाल को काटकर अंदर आए। जिसके बाद वहां रखे मोबाइल एवं दुकान में घुसकर गल्ले के करीब आठ हजार रुपए को चुरा ले गए। घटना के वक्त सभी लोग सो रहे थे। सुबह जब वे लोग जागे तो उनको घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर दी है।

### डीएम ने नंगे पैर कच्चे परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

**मथुरा।** राजकीय मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं की हकीकत जानने के लिए डीएम एसएसपी संबंधित अधिकारियों काफिले के साथ गोवर्धन पहुंचे। डीएम ने जूते उतार कर नंगे पैर कच्चे परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। अधिकारियों के पसीने छूट गए। पैरों में कंक्रीट की चुभन होने पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी के एक्स ई एन को फटकार लगाते हुए दो दिनों में व्यवस्था संभालने के निर्देश दिए। इसके उपरांत मानसी गंगा का निरीक्षण कर घाटों की सफाई के निर्देश ईओ गोवर्धन को दिए। शनिवार को डीएम पुलकित खरे, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, एडीएम वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय संबंधित अधिकारियों के साथ गोवर्धन पहुंचे। डीएम पुलकित खरे ने गोवर्धन में 27 जून से लगने वाले राजकीय मुड़िया मेला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कुसुम सरोवर पर पेयजल एवं शौचालय की सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी। सुलभ शौचालय में गंदगी मिलने पर डीएम ने सफाई कर्मी को फटकार लगाते हुए वेतन रोकने के चेतावनी दी। इसके उपरांत डीएम का काफिला कच्चे परिक्रमा मार्ग पर पहुंचा। संत निवासी के समीप डीएम पुलकित खरे ने जूते उतारे तो संबंधित अधिकारियों के पसीने छूट गए। कच्चे परिक्रमा मार्ग पर नंगे पैर चलकर डीएम खरे ने निरीक्षण किया। पैरों में कंक्रीट की चुभन होने पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी के एक्स ई एन और जेई को फटकार लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी। डीएम ने नसीहत देते हुए कहा पहले कुछ भी किया हो, इस बार लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी बेहतर काम करें। कार्यों को पूर्ण कराएं दो दिन बाद फिर निरीक्षण होगा। एडीएम योगानंद पांडेय, एसडीएम कमलेश कुमार गोयल, सीएमओ अजय कुमार वर्मा, डिप्टी कलेक्टर, सीओ राम मोहन शर्मा, एक्स ई एन जल निगम, ईओ आलोक कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# मेयर निखिल मदान ने वार्ड नं 9 में किया कलावती विहार का दौरा

## क्षेत्र वासियों ने कालोनी में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं से मेयर निखिल मदान को कराया अवगत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
शनिवार को मेयर निखिल मदान राठधना रोड पर सिंचाई विभाग के कार्यालय के पास स्तिथ कलावती विहार में पहुंचें और आमजन की समस्याएं सुनी। स्थानीय निवासी राजेश शर्मा ने मेयर निखिल मदान को बताया कि बीते कई दिनों में कलावती विहार के लोगों विशेषकर महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। कई महिलाओं के साथ छीना झपटी और छेड़ छाड़ की वारदात हो चुकी है। लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई है।कालोनी की मुख्य गली में पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइट भी नहीं है इसलिए भी क्षेत्रवासियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मेयर निखिल मदान ने आमजन की समस्या सुनने के बाद मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारी से बात की और कालोनी में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की।जिस पर उन्हें थाना प्रभारी ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने का भरोसा दिलाया। वहीं मेयर निखिल मदान ने क्षेत्र वासियों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही कालोनी में पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइट लगवा दी जाएंगी।
इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने मेयर निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया। मौके पर प्रधान राजेश शर्मा, नरेंद्र भारद्वाज,केशव,सतपाल,राकेश शर्मा, शशि, उषा,शीला शर्मा, पवन,मुकेश,लाल चंद दयाराम, सुरेश मेहरा,साधु पहलवान, विनय, वी एम जावा,शीला मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# एक किलोवाट के कनेक्शन को जुड़वाना होगा आसान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
निर्बल वर्ग के विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक किलोवाट के घरेलू विद्युत कनेक्शन को जोड़ने एवं काटने (आरसी एवं डीसी) शुल्क को 31 जुलाई तक माफ करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आंशिक भुगतान की न्यूनतम सीमा कुल बकाया का 25 प्रतिशत भी शिथिलकर दी गयी है। अब गरीब उपभोक्ता अपने बकाया में से न्यूनतम 100 रुपए जमा करके विच्छेदित कनेक्शन जुड़वा सकता है। यह जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने बताया है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अन्तर्गत एलएमवी-1 श्रेणी के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं के संयोजन बकाया लंबित होने पर विच्छेदित कर दिये जाते है। उपभोक्ता द्वारा सम्पूर्ण बकाया अथवा आंशिक रूप से बकाया जमा करने के उपरान्त आरसी एवं डीसी कनेक्शन (काटने एवं जोड़ने) शुल्क के रूप में लगभग 600 रुपये की धनराशि अतिरिक्त जमा करना होता है। प्रायः गरीब उपभोक्ताओं द्वारा आंशिक रूप से पांच सौ से एक हजार रुपये तक ही बिल की राशि जमा की जाती है। इस स्थिति में उनके द्वारा आरसी, डीसी शुल्क के रूप में 600 रुपये जमा किया जाना संभव नहीं हो पाता है, जिसके कारण विद्युत संयोजन पुर्नसंयोजित भी नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त यह भी व्यवस्था है कि यदि बकाये पर संयोजन विच्छेदित है तब उस स्थिति में उपभोक्ता द्वारा 25 प्रतिशत से कम राशि आंशिक रूप में स्वीकार नहीं की जाती है। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप समस्त गरीब उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के दृष्टिगत उत्पन्न हो रही।

# यू सरवनन ने एनएफएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संभाला पदभार



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
श्री यू सरवनन ने नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले, वे एक अन्य उर्वरक कंपनी, मद्रास फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत थे। अन्ना विश्वविद्यालय से केमिकल इंजीनियर और मद्रास विश्वविद्यालय से एमबीए, श्री सरवनन के पास तेल रिफाइनरी और उर्वरक उद्योग के क्षेत्र में कार्य करने का 33 वर्षों का व्यापक अनुभव है। वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियर्स के आजीवन सदस्य हैं। उन्होंने शिकागो, यूएसए में मैसर्स यूओपी द्वारा आयोजित प्रोसेस डिजाइन पर स्नातक प्रशिक्षण पूरा किया है। उन्होंने टोयो इंजीनियरिंग, जापान के तहत रेयॉन्ग, थाईलैंड में ओलेफिन प्रोजेक्ट की 0.6 एमएमटीपीए की प्री-कमीशनिंग और कमीशनिंग गतिविधियों के लिए प्रोजेक्ट टीम में भी काम किया है। एनएफएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यभार संभालने से पहले, वे कंपनी के निदेशक (तकनीकी) थे और एक वर्ष से अधिक समय तक एक अन्य उर्वरक कंपनी, एफएसीटी, कोचीन के निदेशक (तकनीकी) के रूप में भी अतिरिक्त प्रभार संभाले हुए थे।

## सिंगापुर में एडमिशन के नाम पर लाखों रुपए ठगने का आरोप

**मथुरा।** सिंगापुर में व्यावसायिक पढ़ाई के लिए दो युवकों के एडमिशन कराने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी ने केस दर्ज कर जांच के आदेश गोवर्धन पुलिस को दिए। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकेश कुमार शर्मा पुत्र मुरारी लाल निवासी पलसों की पड़ोसी गांव सींह निवासी नरेश शर्मा पुत्र राधेश्याम से हुई थी। मुकेश अपने छोटे भाई और बेटे को व्यावसायिक शिक्षा दिलाने चाहते थे, इसकी चर्चा नरेश शर्मा से की। आरोप है कि नरेश ने दोनो को विदेश में व्यावसायिक पढ़ाई के लिए एडमिशन कराने की जिम्मेदारी ले ली।

# जय मां वैष्णो युवा मंडल चार बसों श्रद्धालुओं को लेकर खाटू श्याम के लिये रवाना



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
जय मां वैष्णो युवा मंडल पानीपत द्वारा खाटू श्याम बाबा के दर्शन करवाने को लेकर श्रद्धालुओं की चार बसें रवाना हुई। जिन्हें मुख्य अतिथि मेयर अवनीत कौर, समाजसेवी हाजी गुरु साधना, विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज, विश्वकर्मा सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, एडवोकेट महेश मिगलानी, दिनेश खुराना, सतीश ढींगरा, संजय अग्रवाल, समाजसेवी राजू पाहवा, विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान ईसम पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान रघुवीर धीमान व प्रबंधक राजकुमार पांचाल माजरी ने बाबा श्याम का ध्वज लेकर पूजा अर्चना की और बसों को सचदेवा गार्डन से रवाना किया। श्याम बाबा के सेवादार नीरज पांचाल, सुनील वर्मा एडवोकेट, अनिल कुमार, अमित सहगल, राधे पांचाल, आशु पांचाल, मोनू खामरा, अंकित धीमान, रामपाल नंबरदार, मोहन लाल, रविंद्र पांचाल, शंकर कुमार, बिजेंद्र पांचाल, कृष्ण वर्मा, काला, महेंद्र गोयल, बबलू पांचाल व पवन शुक्ला आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। वहीं श्याम खाटू वाले के नाम श्याम मस्ताना धर्मशाला में संकीर्तन में प्रसिद्ध गायक मनोज पांचाल, साहिल सांवरिया, दीपक सांवरिया ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जिसमें आर्यन म्यूजिकल का भी विशेष सहयोग रहा। वहीं मेयर अवनीत कौर ने कहा कि मंडल द्वारा श्याम प्रेमियों को खाटू श्याम के दर्शन करवाने का जो निर्णय लिया है वह बहुत ही सराहनीय है।

# 'अंतिम पंक्ति का व्यक्ति जब होगा मजबूत, तभी प्रदेश व देश का मिलेगी तरक्की'

## -विधायक सुरेंद्र पंवार ने राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन के समापन पर सम्मेलन में की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि एक राजनेता को अंतिम पंक्ति में बैठे जरूरतमंद का सबसे ज्यादा ध्यान रखना चाहिए। यदि अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति मजबूत होगा तभी हमारा समाज, प्रदेश व देश मजबूत होगा। सरकार को भी अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाएं बनानी चाहिए। योजना बनाने से पहले यह जरूरत सुनिश्चित करना चाहिए कि योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक कैसे पहुंचेगा। विधायक सुरेंद्र पंवार मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन के अंतिम दिन शिरकत करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विधायक सुरेंद्र पंवार ने पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह, सम्मेलन के आयोजक राहुल कारार प्रधान से भी मुलाकात की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि हमें राजनीति सिखाती है कि

**8 यदि अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति मजबूत होगा तभी हमारा समाज, प्रदेश व देश मजबूत होगा: सुरेंद्र पंवार**

प्रत्येक राजनेता को जातिवाद, भ्रष्टचार, अपराध से दूर हटकर समाज के प्रत्येक जरूरतमंद की सहायता करनी चाहिए। यहीं सब कुछ हमें बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान सिखाता है। हमें बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की पालना करते हुए प्रत्येक जरूरमंद को शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार व अन्य सहायता करनी चाहिए। सम्मेलन के अंतिम दिन काम और जीवन में सामंजस्य, निर्वाचन क्षेत्र के विकास की कला, लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने, बेहतर समाज के लिए अधिकारियों और नेताओं के बीच तालमेल जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि देवतुल्य क्षेत्रवासियों के विकास के लिए सभी दलों के नेताओं को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए।
विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से विधायी प्रतिनिधियों और विधायकों के कौशल और क्षमता को बढ़ाना में अहम भूमिका अदा की है।

## सिंक्रोनी भारत में काम करने के लिये सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में टॉप 5 पर आई

**नई दिल्ली।** प्रमुख उपभोक्ता वित्तीय सेवा कंपनी सिंक्रोनी को काम करने के लिये भारत की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों के बीच ग्रेट प्लेस टू वर्क- इंडिया द्वारा मान्यता मिली है। कंपनी को यह उल्लेखनीय उपलब्धि अपने कर्मचारियों के लिये एक समावेशी, सहयोगी और प्रेरक कार्य-वातावरण को बढ़ावा देने पर सिंक्रोनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

टॉप 5 रैंक मिलने पर अपना आभार जताते हुए, एंडी पोन्नेरी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, बिजनेस लीडर- इंडिया, सिंक्रोनी ने कहा, ह्लहमारे कर्मचारी ही सिंक्रोनी को काम करने के लिये बेहतरीन जगह बनाते हैं। हम ग्रेट प्लेस टू वर्क से मिली इस प्रतिष्ठित मान्यता के लिये प्रसन्न हैं। यह उपलब्धि अपने कर्मचारियों के लिये हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता दिखाती है, क्योंकि वे हमारी कंपनी की सफलता का आधार हैं। सिंक्रोनी में हम विविधता, समावेशन और नवाचार को बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं। लगभग 50% के प्रभावशाली महिला प्रतिनिधित्व, 100 से ज्यादा दिव्यांगों और 45 से अधिक भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिये हमारे अटल सहयोग के साथ, हम ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश करते हैं, जहाँ हर व्यक्ति बढ़ सके।
यह मान्यता अपने कर्मचारियों के लिये हमारे अटूट समर्पण और हमारे द्वारा विकसित की गई बेजोड़ कार्यस्थल संस्कृति का प्रमाण है। आगे चलकर हम साथ मिलकर काम करने वाले, समावेशी और वृद्धि के लिये प्रेरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रहेंगे, ताकि सिंक्रोनी सभी के लिये वाकई एक उत्कृष्ट कार्यस्थल का उदाहरण बना रहे।

# किसानों को दी खाद प्रयोग व गन्ना फसल की जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
कृषि विज्ञान केंद्र उझा के प्रांगण में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह किसान जागरूकता कार्यक्रम मैट्रिक्स केमिकल एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड कंपनी व कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। कार्यक्रम में 100 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित खादों के बारे में तथा अन्य कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी देना था। रसायनों पर काफी खर्चा होता है इन खर्चों को जो संतुलित करने के लिए किसानों को संतुलित प्रयोग करना बहुत आवश्यक है। किसान गोष्ठी कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ.राजवीर गर्ग ने बताया कि हम धान गेहूं फसल चक्र गन्ने तथा सभी फसलों में प्राय नाइट्रोजन की मात्रा ज्यादा प्रयोग करते हैं। मतलब यूरिया की मात्रा ज्यादा प्रयोग करते रहते से कीड़े बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है।
इसके अलावा निदेशक गन्ना अनुसंधान केंद्र उचानी, करनाल कृषि विज्ञान केंद्र उचानी करनाल व कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत तथा डॉक्टर राकेश मेहरा के नेतृत्व में गन्ना विकास अधिकारी शहकारी शुगर मिल डाहर कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में गन्ना विभाग के कर्मचारियों, सहायक गन्ना विकास अधिकारी पानीपत से कृषि विकास अधिकारी गन्ना डॉक्टर अनिल गुलिया व जिला पानीपत से 20 गांव से आए गन्ना के प्रगतिशील किसानों से गन्ने की फसल में विद्यमान समस्याओं व गन्ने की फसल से आमदनी बढ़ाने पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# योग से तन-मन शुद्व व मजबूज होते हैं: पूनम



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,**
योग से तन और मन दोनों शुद्ध व मजबूत होते हैं। योग करने से हमेशा आदमी के अंदर पॉजिटिविटी बनी रहती है और उसका हर काम में मन लगता है। यह शब्द योग शिक्षिका सुनीता खुराना व पूनम पालीवाल ने आज जिओ पार्क सेक्टर 17 में योग करवाते हुए कहे। उन्होंने कहा की योग से हमारे शरीर के अंदर जो अंदरूनी बीमारी है वह तो ठीक होती है। जो हमारे मन में नेगेटिव सोच है वह भी इससे दूर होती है। जब हम योग करते हैं तब हमारे दिल और दिमाग बिल्कुल शुद्ध हवा वह शुद्ध विचार ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा की हमें हर रोज कम से कम एक घंटा अपने शरीर के लिए देना चाहिए क्योंकि बुढ़ापे में हमारा शरीर ही काम आएगा। जब हम तंदुरुस्त होंगे तो बेटे, बहू, पोते, पोतियां यह सभी हमारे से सबक लेंगे और योग करेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि हमें अपने छोटे बच्चों को भी योग कक्षा में लाना चाहिए ताकि उनका मानसिक विकास व शारीरिक विकास हो सके। दोनों शिक्षकों ने कहा की हमें फास्ट फूड आदि से परहेज रखना चाहिए। इस कक्षा में मे दर्जनों साधक हर रोज योग अभ्यास करते हैं।

# अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ जिला के गांव धनौन्दा बस अड्डे पर ग्रामीणों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। जुलूस का नेतृत्व बसपा नेता समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट ने किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली कटौती बंद करो-बंद करो, बिजली विभाग होश में आओ, तानाशाही नहीं चलेगी के जोरदार नारे लगाकर विरोध जताया। बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण सुबह 10 बजे से ही धनौन्दा बस अड्डे पर इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। ग्रामीण डॉ. महेन्द्र, कैलाश सेठ, कमरू मिस्त्री ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा रात के समय तीन-तीन बार बिजली कटौती की जाती है। दिन में भी बिजली के लंबे-लंबे कट लगाए जाते हैं। जिसके कारण ग्रामीण बहुत परेशान हैं। बिजली विभाग की तानाशाही को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। बसपा नेता अतरलाल ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद चेतावनी दी कि बिजली विभाग ने तत्काल बिजली कटौती बंद कर ग्रामीणों को 24 घंटे नियमित बिजली देने की कार्यवाही शुरू नहीं की तो उपमंडल अधिकारी (बिजली) कनीना के कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। उन्होंने धनौन्दा गांव में स्थापित 400 के.वी. पावर हाउस से धनौन्दा गांव को बिजली सप्लाई करने की मांग भी की।
जुलूस के बाद ग्रामीणों ने बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन बसपा नेता अतरलाल को सौंपा जिसे उन्होंने हरियाणा सरकार के साथ बिजली अधिकारियों को भेजने का भरोसा दिया। इस अवसर पर कप्तान सिंह, डॉ. महेन्द्र, बीर सिंह, सुबेदार रामकुमार, प्रमोद कुमार, हवासिंह, अंकित, कैलाश, कंवरपाल, वेदपाल, राकेश, प्रमोद, सुरेन्द्र, ताराचंद, नरेन्द्र, कैलाश पंच, प्रदीप, औमप्रकाश, नीरज, जगदीश, सोनू, सतपाल, मदन सिंह, संतलाल, हरबीर, उमेश, रामभगत, जग्गी पंच, बनवारी मिस्त्री, कैलाश सेठ आदि सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बाटा इंडिया ने किया सोलर एवं रेनवॉटर परियोजनाओं का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/गुरूग्राम ।**
बाटा इंडिया लिमिटेड ने दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। ये परियोजनाएं हैं- सोलर पावरिंग ऑफ स्कूल और रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम। उद्घाटन समारोह का आयोजन बाटा चिल्ड्रन्स प्रोग्राम द्वारा अडॉप्ट किए गए गवर्नमेन्ट गर्ल्स मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल, सुखराली, गुरूग्राम, भारत में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर हुआ। 15 किलोवॉट की ऑफ-ग्रिड सोलर प्लांट कार्बन उत्सर्जन में सालाना 424 टन की कमी लाएगा, जो अगले 25 सालों में 679 पेड़ उगाने के बराबर है। इसके अलावा स्कूल की छत पर 5300 वर्गफीट एरिया में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम इन्स्टॉल किया गया है। इससे सालाना 2641 लीटर पानी इकट्ठा होगा और पानी की कमी की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी। उद्घाटन समारोह का आयोजन श्रीमती शील कुमारी डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, शिक्षा विभाग, गुरूग्राम सहित अन्य गणमान्य दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। मिस कुमारी ने बाटा इंडिया द्वारा शिक्षा क्षेत्र को दिए गए सहयोग एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जाने वाले उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की। पूजा मिनोचा, चीफ ह्युमन रिसोर्सेज ऑफिसर, बाटा इंडिया ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर बच्चों को सम्बोधित कर उन्हें रोजमर्रा के जीवन में स्थायी तरीके अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने हरित एवं स्वस्थ धरती के निर्माण में हर व्यक्ति के योगदान को जरूरी बताया। इस अवसर पर बाटा के स्वयंसेवियों ने बीसीपी के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरुक बनाने के लिए रोचक सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम का समापन पौधारोपण के साथ हुआ।

# पुलिस ने किया नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नशा** मुक्त भारत पखवाड़े के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा नरेला में कार्यक्रम का आयोजन कर नुक्कड़ नाटक, धावक टीम, नशामुक्ति की शपथ व गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं व स्थानीय लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया व नशे से होने वाले दुष्प्रभावो से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि एसीपी यशपाल सिंह, इंस्पेक्टर उमेश कुमार, नरेला थाना प्रभारी राजेश कुमार, धावक मनोज कुमार का पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया ने किया। 'दिल्ली पुलिस का है अभियान, नशा मुक्त हो हर इंसान' के लोगो के साथ, दिल्ली पुलिस 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा आयोजित कर रही है। इस अभियान के तहत सभी जिलों में लोगों को नशे के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नरेला के चौधरी रामदेव चौक पर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व उत्तरी बाहरी जिला पुलिस द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर नुक्कड़ नाटक, धावक टीम व गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं व स्थानीय लोगों को नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया व नशे की गिरफ्त में आने पर उससे शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। अस्मिता थिएटर ग्रुप के युवा कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि नशा करने की आदत हमारे मस्तिष्क शरीर सामाजिक व्यवहार और जिंदगी की शांति को बुरी तरह प्रभावित करती है।

आधुनिकता या क्रिएटिविटी के नाम पर नशे के चुंगल में ना फंसे। इस दौरान दिल्ली पुलिस के जवानों ने गीतों के माध्यम से व धावक मनोज ने दौड़ लगाकर नशा मुक्ति का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने बताया कि हमारे नरेला क्षेत्र में नशा काफी बढ़ रहा है, इसे रोकना जरूरी है। नरेला चेतना मंच के सभी साथी दिल्ली पुलिस की इस मुहिम में कंधे से कंधे मिलाकर चलेंगे। हम भी मंच के माध्यम से नशें की रोकथाम के लिए समय-समय पर अभियान चलाते रहते हैं और इस तरह की मुहिम में सदैव तत्पर रहेंगे।

**ये लोग रहे मौजूदः** कार्यक्रम संयोजक योगेश खत्री, मनोज बंसल, एन.डी. अरोड़ा, रजनीश खत्री, आनंद खत्री, धनंजय सिंह, रणजीत पांड, ओम प्रकाश, श्री भगवान गौतम, रानी देवी, सपना शर्मा, सुमन देवी, रामकुमार खत्री, ईश्वर सिंह, तरुण कुमार, सुरेंद्र पांचाल, रमेश कुमार, गौरव राणा, विजेंद्र सिंह, अरुण शर्मा, राजेंद्र राणा, नरेंद्र कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी के अंबेडकर पार्क का दौरा करते हुए पार्षद प्रतिनिधि प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

## इरडा का बीमा कंपनियों को बिपरजॉय प्रभावितों के दावों को जल्द निपटाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों को चक्रवात बिपरजॉय से प्रभावित राज्यों में दावों का जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया है। इरडा ने सभी साधारण बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) को इससे संबंधित एक अधिसूचना जारी की है। बीमा नियामक ने बीमा कंपनियों को संबोधित अधिसूचना में कहा है कि सभी दावों का तत्काल सर्वेक्षण किया जाए और दावा भुगतान जल्द से जल्द हो। इसमें निर्धारित सीमा से ज्यादा समय ना लगे। नियामक ने बीमा कंपनियों से कहा है कि वे तत्काल सेवा प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी संसाधन जुटाएं। प्रभावित लोगों के दावों के त्वरित निपटान के लिए जांचकताओं, सर्वेक्षकों और नुकसान समायोजकों की सेवाएं शामिल हैं। बीमा कंपनियां दावा निपटान टीमों के साथ त्वरित प्रसंस्करण और दावों के निपटान के लिए 24 घंटे चलने वाली अपनी हेल्पलाइन, जिला स्तर पर विशेष दावा काउंटर के माध्यम से दावेदारों की सहायता करेंगी।

## शिक्षा मंत्री आतिशी ने किया यूके में टोलगेट प्राइमरी स्कूल का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ब्रिटेन** की अपनी यात्रा के दूसरे दिन शिक्षा मंत्री आतिशी ने लंदन के टोलगेट प्राइमरी स्कूल का दौरा किया। टोलगेट प्राइमरी स्कूल, लंदन में कम आय वाले समूहों और विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाला एक कम्युनिटी आधारित स्कूलहै, जो उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए जाना जाता है। शिक्षा मंत्री आतिशी का इस स्कूल के दौरे का उद्देश्य दिल्ली में एमसीडी स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के मकसद से टोलगेट प्राइमरी स्कूल के सफल शिक्षा मॉडल से को जानना और उससे समझना था। अपनी विजिट के दौरान, मंत्री आतिशी टोलगेट प्राइमरी स्कूल के अनूठे मॉडल से बेहद प्रभावित हुईं। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि "स्कूल कक्षा के पारंपरिक 'ब्लैकबोर्ड-फेस' मॉडल को चुनौती देता है, और ग्रुप बेस्ड लर्निंग, कम्युनिटी एजुकेशन को बढ़ावा देता है, जिससे बच्चों को बातचीत करने और स्वतंत्रता के साथ सीखने का मौका मिलता है। टोलगेट पर क्लासरूम लर्निंग का सबसे आकर्षक पहलू राउंडटेबल्स का उपयोग है, जहां छात्र एक समूह में एक साथ बैठते हैं और सीखते हैं। बता दें कि टोलगेट स्कूल का पूरा वातावरण छात्रों के सीखने में शामिल होता है। यहाँ छात्रों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए स्कूल की दीवारों पर उनकी कलाकृति और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाता है। साथ ही टोलगेट के शिक्षकों द्वारा बच्चों में इनोवेटिव तरीके से प्रैक्टिकल नॉलेज देते हुए बुनियादी कौशल विकसित किया जाता है। विजिट के दौरान अपने विचार साझा करते हुए, शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, "टोलगेट प्राइमरी स्कूल के अनूठे मॉडल से सीखकर हमें अपने एमसीडी स्कूलों को नया रूप देने और हमारे छात्रों के लिए अनुकूल सीखने का माहौल बनाने में मदद मिलेगी।

## आप नेता सुरेश शर्मा ने किया जैन कॉलोनी का दौरा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड-18** में आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने राजीव नगर और जैन कॉलोनी का दौरा किया और क्षेत्र में हो रही सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और क्षेत्र के लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह निगम कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। आज जो भी क्षेत्र के लोगों ने समस्याएं बताई है उनका जल्द से जल्द समाधान किया जायेगा।

आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने बताया कि वार्ड-18 में सफाई अभियान लगातार जारी है। प्रतिदिन अपने क्षेत्र में निगम पार्षद टिम्सी शर्मा अपनी उपस्थिति में सफाई करवा रही है और जनता से उनका सुझाव एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर रही है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्वांचल समाज सम्मेलन का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा** सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरे होने पर पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष कौशल मिश्रा एवं जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया के नेतृत्व में सेवा के नौं वर्ष पूर्ण होने पर महासंपर्क अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला केशवपुरम पूर्वांचल मोर्चा के द्वारा शालीमार बाग विधानसभा में पूर्वांचल समाज का सम्मेलन किया गया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश के प्रवक्ता बृजेश राय ने उपस्थित लोगों को भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत कराया।

इस अवसर पर जिला केशवपुरम भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष अविनाश सिंह, पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर, मोर्चा प्रवक्ता शैलेंद्र प्रताप सिंह, मोर्चा जिला महामंत्री अनुज सिंह, रोशन सिंह, गोपाल राय, पवन झा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव, बृजेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



हरेवली बवाना की गौशाला में गऊ को चारा खिलाते हुए भाजपा नेता देवेन्द्र रिडला व अन्य।

## शाहदरा जिला: जगतपुरी इलाके में महिला के साथ दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शाहदरा** जिला के जगतपुरी इलाके में 26 साल की एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि वारदात को उसकी सहेली के पति ने ही अंजाम दिया है। आरोपित ने उसके मासूम बेटे को गायब करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने महिला की अश्लील वीडियो भी बना ली। बाद में किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने तथा उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने छानबीन के बाद दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता परिवार के साथ मयूर विहार फेस-3 में रहती है। इसके परिवार में पति के अलावा एक बेटा है। पुलिस को दिए बयान में महिला ने बताया कि उसकी एक सहेली अपने पति व बहन के साथ जगतपुरी इलाके में रहती है। बुधवार को वह जगतपुरी में अपनी सहेली के घर पर मेहंदी लगवाने के लिए बेटे के साथ आयी थी। सहेली के घर पहुंचने पर पता चला कि वह घर नहीं थी, उसका पति वहां पर मौजूद था।



अग्रवाल सेवा संघ ट्रस्ट नरेला के अध्यक्ष कृष्ण कुमार बंसल के जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए ट्रस्ट के महामंत्री पंकज गुप्ता, प्रचार मंत्री राहुल सिंघल व अन्य

## केशव पुरम जोन निगम उपायुक्त वंदना राव ने किया लाल बाग का दौरा, लोगों ने बताई समस्याएं









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संगम** पार्क वार्ड के अन्तर्गत आने वाले लाल बाग व कौशल पुरी क्षेत्र का केशव पुरम जोन निगम उपायुक्त वंदना राव ने निगम अधिकारियो के साथ दौरा किया। इस मौके पर निगम पार्षद सुशील कुमार व भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इस दौरान लाल बाग व कौशलपुरी के लोगों ने डीसी को कई समस्याओं से अवगत कराया। पार्षद ने क्षेत्र के शौचालय और ढलाव दिखाये, जिसकी हालात ठीक नहीं है। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने डीसी के समक्ष कई अन्य समस्याएं भी रखीं। निगम पार्षद सुशील कुमार ने डीसी को कौशलपुरी में जो शौचालय की समस्या है, उससे अवगत कराया गया। डीसी ने कहा कि जल्द ही कौशल पुरी में शौचालय की समस्या से क्षेत्रवासियो को निजात मिलेगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गांव फतेहपुर बिल्लौच में किया जनसंवाद

## जन संवाद कार्यक्रमों ना पहुंचने वाले अधिकारियों को जारी होंगे कारण बताओ नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार परिवहन खनन एवं भू-विज्ञान चुनाव तथा उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा व पृथला के विधायक नयनपाल रावत ने कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा का भी स्वागत किया। तत्पश्चात कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के साथ सभी नेता गण जिला के गांव फतेहपुर बिल्लौच में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। जहां गांव में लोगों की समस्याएं सुनकर कुछ समस्याओं का मौके पर ही



निपटारा किया। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जल्द होने वाले कार्यों को तुरंत प्रभाव से पूरा किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने जन-संवाद कार्यक्रम में फरीदाबाद के पंचायती राज विभाग कार्यकारी अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए है। फतेहपुर बिल्लौच के जन संवाद कार्यक्रम में पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता नहीं पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा राज्य सरकार द्वारा गत नौ सालों में किए गए विकास कार्यों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जन संवाद कार्यक्रम शुरू किया गया है। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी धन्यवाद जताया उन्होंने कहा कि आज फरीदाबाद केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है, उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत की शान बढ़ाई है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। इसके बाद परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नयनपाल रावत सहित गणमान्य लोग पृथला विधानसभा के जिला फरीदाबाद के फतेहपुर बिल्लौच में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में पहुंचे। जहां कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम में न पहुंचने वाले अधिकारियों को पर कड़ी कार्यवाही होगी। वहां पर भी जन संवाद कार्यक्रम में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता और पलवल के जिला शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी नहीं पहुंचे।

# स्विमिंग चैंपियनशिप में चैंपियंस एक्वाटिक्स अकादमी ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिला स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित हुई दो दिवसीय तैराकी चैंपियनशिप में एक्वाटिक्स अकादमी ने ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा किया। सेक्टर-48 स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में भारतीय तैराकी संघ के उपप्रधान, हरियाणा ओलंपिक संघ के सहसचिव एवं हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री व गुरुग्राम जिला अध्यक्ष नवीन गोयल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। हरियाणा तैराकी संघ केउपाध्यक्ष रवि शिंगारी, गुडगांव तैराकी संघ के महासचिव एवं कनवीनर रोहित सिंह पानू, स्विमिंग कोच रविंद्र पानू, हरियाणा तैराकी संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुरेश



जून समेत कई अतिथियों ने शिरकत की। अपने संबोधन में महासचिव अनिल खत्री ने कहा कि तैराकी के खेल में बच्चों का रूझान काफी बढ़ रहा है। अभिभावक भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को तैराकी के क्षेत्र में भेजना पसंद करते हैं। तैराकी के क्षेत्र में अगर बच्चा कामयाब हो जाता है तो भविष्य में भी वह बुलंदियां छू सकता है। जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष नवीन गोयल ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतियोगिता कोई भी हों, हमें अपना पूरा जोर लगाना चाहिए। जीवन में आगे बढने के लिए प्रतियोगिताओं से होकर हमें गुजरना पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### बीके अस्पताल से फरार हुआ विचाराधीन कैदी नसीम पलवल से गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** फरीदाबाद के बादशाह खान अस्पताल से फरार हुए विचाराधीन कैदी नसीम को पलवल से गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की पांच टीम आरोपित की तलाश में दिल्ली एनसीआर में लगातार छापेमारी कर रही थी। जानकारी के मुताबिक, आरोपित पलवल में अपने एक रिश्तेदार के घर छुपा हुआ था। गिरफ्तारी के बाद आरोपित कोअदालत में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया।

### भाजपा सरकार में किसान खुशहाल हुआ है: धनखड़

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त हो रहा है। आज का भारत बदला हुआ भारत है और यह बदला हुआ भारत दुनिया में हर किसी को नजर आ रहा है। इसी तरह हर पन्ना प्रमुख अपने आपको पीएम नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधि मानकर अपने पन्ने के लगभग 15 घरों के मददगार बनें। बहुत शालीनता से हाथ जोड़कर राम राम करते हुए भाजपा की रीति-नीति बताएं और योजनाओं का लाभ दिलवाने में सक्षमता के साथ मददगार बनें। उन्होंने कहा कि आज किसी भी देश में भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत नही है। दुनिया के विकसित देश भारत की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखते हैं। श्री धनखड़ आज बहल की अनाज मंडी में आयोजित लोहारू हल्के के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज बदले हुए भारत में हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को देखकर देश युद्ध विराम कर हमारे बच्चों के लिए रास्ता छोड़ देते हैं। आज विदेशों में दूसरे देशों के नेता हमारे प्रधानमंत्री के पैर छूते हैं, हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। जबकि पहले कांग्रेस की सरकारों में विदेशी एयरपोर्ट पर हमारे नेताओं की जूते उतरवा कर तलाशी तक ली जाती थी। हर भारतीय का सिर शर्म से झुक जाता था। अब इनके नेता विदेशी भूमि से देश को शर्मसार कर कर रहे हैं। लोकतंत्र की बात करते हैं, इमरजेंसी की नसबंदी, अटल जैसे नेताओं को जेल में डालना, अखबारों के प्रेस की बिजली काटना, छः साल तक चुनाव न करवाना। यह सब देश भूल नही सकता। भाजपा 25 जून को कांग्रेस के ये काले कारनामे युवा पीढ़ी को बताएगी।

### एसडीएम कोसली जय प्रकाश ने किया हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम का शुभारंभ

**रेवाड़ी:** हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत शुक्रवार की शाम रेवाड़ी जिला के गांव नाहड़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मैदान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम में एसडीएम जय प्रकाश मुख्य अतिथि रहे। हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम में एसडीएम जय प्रकाश ने उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सद्भाव की दिशा में यह सरकार की सार्थक पहल है। ग्रामीणों ने आऊटरीच कार्यक्रम में एकता व भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढकर भागीदारी करते हुए जमकर लुत्फ उठाया। आऊटरीज कार्यक्रम के तहत जनभागीदारी के साथ योगा, विलेज टेलेंट हंट सहित महिलाओं व पुरुषों की स्साकसी व खो खो सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। एसडीएम जय प्रकाश ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जनता व प्रशासन के बीच संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन रेवाड़ी द्वारा इस कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर मेल मिलाप व संबंधो को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से जिले में हर दिन हरियाणा उदय कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने और उन्हें एक अच्छा संदेश देने का कार्य किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने नाहड़ स्कूल में आयोजित हरियाणा उदय कार्यक्रम को लेकर बढ़चढ़ कर भाग लेकर उत्साह दिखाया। नाहड़ में आयोजित हरियाणा उदय कार्यक्रम को हरियाणा सरकार की सराहनीय पहल बताया है। ग्रामीणों ने हरियाणा सरकार की आपसी भाईचारा व प्यार प्रेम बढ़ाने के लिए शुरू की गई इस मुहिम का स्वागत करते हुए बताया कि सरकार की सकारात्मक सोच से समाज में निश्चित तौर पर बदलाव आ रहा है।

# मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया

**पानीपत:** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर एवं प्लेसमेंट गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के अंतिम वर्ष एवं उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया जिनकी संख्या 101 रही। ड्राइव का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय गर्ग, प्रबंध समिति के महासचिव एलएन मिगलानी, प्रबंध समिति के सदस्य युधिष्ठिर मिगलानी, प्लेसमेंट एवं कैरियर गाइडेंस इकाई की संयोजिका डॉ. अर्पणा गर्ग, मेधा फाउंडेशन से पीयूष, शाहिद एवं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

# पुलिस ने दहेज हत्या के जुर्म में आरोपी पति-सास को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए डबुआ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्री भगवान व उनकी टीम ने महिला द्वारा आत्महत्या करने के मुकदमे में उसके पति व सास को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि काबू किए गए आरोपियों में रणजीत और उसकी मां सविता देवी का नाम शामिल है जो बिहार के रहने वाले हैं और फरीदाबाद में किराए पर रहते थे। आरोपी पति डबुआ में किसी कंपनी में प्राइवेट नौकरी करता है। मृतक महिला पुष्पा (24) के पिता द्वारा डबुआ थाने में दी गई शिकायत में उन्होंने



बताया कि 6 साल पहले उनकी लड़की की शादी रणजीत के साथ हुई थी। पीड़िता के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी लड़की की शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था परंतु उनकी लड़की का पति और सास उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे और उनसे मोटरसाइकिल की मांग करते थे। उन्होंने बताया कि शादी के 2 साल बाद उन्होंने अपने दामाद को ?40000 दिए थे परंतु इसके बाद भी उनकी लड़की को तंग करते थे और उसके साथ मारपीट करते थे। इसके साथ ही 6 साल शादी के बाद भी उन्हें कोई बच्चा नहीं हुआ था तो उनका पति और सास उसे ताने मारते रहते थे। 15 जून को महिला के परिजन बिहार किसी शादी में गए हुए थे और उसका पति काम पर गया हुआ था तो महिला ने तंग आकर चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली और आत्महत्या से पहले वीडियो बनाकर अपने भाई को भेज दी जिसमें उसने बताया कि उसकी आत्महत्या के लिए उसका पति और उसके साथ जिम्मेवार है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की गई। महिला के शव को पोस्टमार्टम करवाकर महिला के माता-पिता के हवाले किया गया है।

# सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे, मोदी सरकार के 9 वर्ष

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनियाभर में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। भारत की आर्थिक तुअर पर मजबूत हुआ है उसके साथ सांस्कृतिक तौर पर भी बहुत मजबूत हुआ है। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया । इस अवसर पर मीडिया बंधुओं से 9 साल की उपलब्धियों और विकास कार्यों से अवगत करवाया । इस अवसर पर मुख्य मंत्री की के पूर्व राजनीतिक सहलाकार अजय गौड़, ज़िला महामंत्री मूल चंद मित्तल, पूर्व पृथला विधानसभा प्रत्याशी सोहन पाल सिंह उपस्थित रहे। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दशकों में देश में जो विकास नहीं हुआ, मोदी जी के 9 साल के कार्यकाल में हुआ है । विकास कार्यों की बात करें तो हमारे पास तुलनात्मक कहने को हमारे पास बहुत कुछ है । पहले भारत 8 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों से आयात करता था। परंतु आज भारत 3 लाख करोड़ के मोबाइल अन्य देशों में एक्सपोर्ट कर रहा है । रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन 2014 तक सिर्फ 20000 किलोमीटर का हुआ जिसको पिछले 9 वर्षों में बढाकर 40000 किलोमीटर से ज्यादा का किया गया ।

पिछले 70 सालों में देश में सिर्फ 400 मेडिकल कॉलेज थे, परंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सिर्फ 9 सालों में 300 अधिक मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

# मुस्कान ने अधिगम स्टुडेंट का प्राप्त किया दर्जा

**रेवाड़ी:** शिक्षा के क्षेत्र में जिला रेवाड़ी के स्कूल हमेशा बेहतरीन कार्य के लिए पहचाने जाते रहे हैं। चाहे बोर्ड परीक्षा परिणाम हो या फिर नवाचारों की बात हो, जिला हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा। फिलहाल बेशक स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहें हैं लेकिन निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों को पाल टैब पर इ अभिगम अभियान चलाया जा रहा है। बेहतर कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इ अभिगम स्टुडेंट या इ अधिगम टीचर की उपाधि से विभूषित कर सम्मानित किया जाता है। विभाग द्वारा हाल ही में जारी आंकड़ों को देखें तो रेवाड़ी जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लुखी की छात्रा मुस्कान ने इ अधिगम स्टुडेंट का दर्जा प्राप्त किया है । छात्रा, मुस्कान जिले की पहली एवं राज्य में दूसरे स्थान पर पाल टैब उपयोग करती हैं।

# महिला की जान बचाकर दिया उत्कृष्ट सेवा का परिचय


**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार परिवहन खनन एवं भू-विज्ञान चुनाव तथा उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा व पृथला के विधायक नयनपाल रावत ने कार्यालय पहुंचने पर स्वाग आज समय करीब 12.30 बजे खेडीपुल के नजदीक आगरा कैनाल में एक महिला उम्र करीब 70 वर्ष नहर में पैर फिसलने से गिर गई थी। जो पानी ज्यादा होने पर महिला नहर में तैरते हुए जा रही थी। की अचान वहां पर तैनात यातायात पुलिस के जवानों को किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला आगरा कैनाल नहर में बचाव के लिए हाथ पैर फेंक रही है जैसे ही उन्हें सूचना मिली तो तत्परता से यातायात पुलिस में तैनात उप निरीक्षक कृष्ण, होमगार्ड कृष्ण और प्रदीप के साथ मौके पर पहुंचे तो महिला नहर के पानी के बहाव के साथ जा रही थी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने देखा कि 70 वर्षीय महिला नहर में डूब रही है और जान बचाने के लिए हाथ पैर मार रही है और यदि जल्द ही कुछ नहीं किया गया तो महिला की जान जा सकती है। महिला की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस टीम बीपीटीपी पुल के पास महिला के पास पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने आव देखा ना ताव और महिला की जान बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी और वहां पर मौजूद सब इंस्पेक्टर बिजेन्द्र व मुनना नाम के व्यक्ति की



सहायता से महिला को सकुशल बाहर निकाल लिया। प्राथमिक उपचार देने के पश्चात महिला को तुरंत बीके अस्पताल के लिए ले गए जहा उसकी हालत ठीक हो गई और इसके बाद पुलिस कर्मियों ने उसका नाम पता पूछा जिस पर महिला ने बताया कि वह ठाकुर वाडा ओल्ड फरीदाबाद की रहने वाली है। पुलिसकर्मियों ने जब उसके नहर में कूदने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसका पेट खराब हो गया था जो सौंच के लिए आई थी। तो अचानक उसका पैर फिसल गया था। जिसके कारण वह नहर में गिर गई और पानी के बाहव के साथ नहर में चली गई। यह अक्सर देखा गया है कि ऐसी गंभीर दुर्घटना को लेकर आम आदमी जागरूक नहीं है चाहे सड़क दुर्घटना का मामला हो या फिर बिजली के करंट का मामला हो या ऐसी वर्तमान जैसी परिस्थिति हो जो यातायात पुलिस कर्मियों ने मानवता समानता का फर्ज अदा किया है। जो अपनी ड्यूटी से हटकर समाज को एक आईना दिखा दिया है।

# मामा भांजा के खिलाफ सूरजकुंड थाना में मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।बता दें कि मामला 2 मार्च 2021 का है जिसमें कल शिकायत मिलने पर 16 जून को सूरजकुंड थाने में धोखाधड़ी षड्यंत्र इत्यादि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अराईज हॉस्पिटल में किरणपाल एडमिट था, आरोपी मामा भांजा ने धोखाधड़ी से किरण पाल का अंगूठा लगवा कर वसीयत आरोपी कमल के नाम करवा ली थी। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद के गांव कोराली के रहने वाले किरणपाल की पत्नी भगवती ने सूरजकुंड थाने में दी अपनी शिकायत में बताया कि उनके पति मार्च 2021 में फरीदाबाद की ग्रीन फील्ड कॉलोनी





में स्थित अराइस अस्पताल में भर्ती हुए थे जहां पर दिनांक 2 मार्च 2021 को आरोपी कमल सिंह और उसके भांजे अमित कुमार ने किरण पाल का फर्जी वसीयतनामा तैयार करके उनकी वसीयत आरोपी कमल के नाम करवा दी थी और आरोपी भांजे ने उसके ऊपर बतौर गवाह हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने बताया इसके पश्चात 5 मार्च को एशियन हॉस्पिटल में किरण पाल की मृत्यु हो गई थी। मृतक किरणपाल की पत्नी भगवती ने अपनी शिकायत में कहा ने कि किरणपाल पढ़े लिखे व्यक्ति थे जबकि वसीयतनामा पर उनके अंगूठे के निशान लगाए गए हैं जिससे यह पता चलता है कि यह अंगूठे के निशान उनका हाथ पकड़कर जबरदस्ती लगवाए गए हैं। दूसरी बात यह है कि जब उनको अस्पताल में भर्ती करवाया गया तो उनके सोचने समझने की इतनी शक्ति नहीं थी इसलिए आरोपियों ने इसका फायदा उठाया और उनकी वसीयत अपने नाम करवा ली। पीड़िता ने यह भी बताया कि अराइज अस्पताल का एक डॉक्टर आरोपी कमल का जानकार है इसलिए हो सकता है हॉस्पिटल प्रबंधन का भी इसमें हाथ हो। पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर ही कानून के तहत आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सेक्टर 8 एकता पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** स्वाभिमान सेवा ट्रस्ट के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया जिस में उद्घाटन के लिए बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम बल्लभगढ़ तिलोकचंद, वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्रा ,भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक विमल खंडेलवाल दीप प्रज्वलन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसडीएम त्रिलोक चंद ने बताया कि योग की परंपरा भारतवर्ष में पुरानी चली आ रही है, हम सभी को अपनी जीवनशैली में योग को अवश्य अपनाना चाहिए, प्रत्येक



दिन व्यक्ति एक घंटा यदि योग को देता है तो वह किसी भी प्रकार के बीमारियों से ग्रस्त नहीं होगा, हमें अपने जीवन शैली में मोटा अनाज का उपयोग करना चाहिए।

भाजपा नेता टिपर चंद ने बताया कि भारत के लिए विश्व योग दिवस एक बड़ी उपलब्धि है। योग गुरु के तौर पर भारत विश्व में योग का प्रसार प्रचार कर रहा है। योग व्यक्ति के शरीर और मस्तिष्क दोनों के लिए फायदेमंद है। योग करने से कई सारी बीमारियों से बचाव होता है। व वीसीहीं योगासन के नियमित अभ्यास से कई रोगों से मुक्ति भी मिल सकती है। प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्रा ने बताया कि सेहत के साथ ही शांत मन और प्रबल विचारों के लिए एकाग्रता का होना जरूरी है जो योग से ही संभव हो सकता है। योग के इसी फायदे से दुनियाभर को जागरुक करने के लिए विश्व योग दिवस मनाने की शुरूआत साल 2015 में पहली बार हुई। उसके बाद से हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक विमल खंडेलवाल ने बताया कि अगर आप भी खुद को और अपने दोस्तों, परिवार और करीबियों को स्वस्थ देखना चाहते हैं तो उन्हें योगासन के लिए प्रेरित करें। खुद भी नियमित योगाभ्यास की आदत डालें। प्रियजनों को योगासन के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित करें। स्वाभिमान सेवा ट्रस्ट के संयोजक प्रहलाद सिंह व नीलम चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत दुपट्टे से किया, उन्होंने अवगत कराया कि यह शिविर 17 जून से लेकर 21 जून तक चलाया जाएगा। जिसके लिए योगाचार्य डॉक्टर अश्विनी एवं रीना त्यागी के माध्यम से किया जाएगा। ट्रस्ट के माध्यम से आरडब्लूए सेक्टर 8 के सेक्रेटरी मुकेश वशिष्ठ, अधिवक्ता केसी शर्मा, पंकज सिंह व मोटिवेशनल स्पीकर महेश बजाज और समाज के प्रबुद्ध लोग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# सांसद मलूक को गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों ने किया राष्ट्रीय गुर्जर नेता घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत** उतर प्रदेश के बिजनौर से सांसद एवं राष्ट्रीय गुर्जर नेता मलूक नागर ने कहा कि राजस्थान में अगर कांग्रेस पार्टी सचिन पायलट को मुख्यमंत्री नही बनाती है तो गुर्जर समाज को कांग्रेस को वोट नही देनी चाहिए। कांग्रेस ने गुर्जर समाज का कभी भी भला नही किया है। सांसद मलूक नागर शनिवार को ऊझा रोड स्थित गुर्जर भवन में गुर्जर समाज के सरपंचों, जिला परिषद सदस्यों व ब्लाक समिति सदस्यों सहित गणमान्य लोगों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। गुर्जर सभा ने समाज के सरपंचों, जिला



परिषद सदस्यों व ब्लाक समिति सदस्यों को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता गुर्जर सभा के जिला प्रधान एवं पूर्व पार्षद कर्ण सिंह पसीना ने की। कार्यक्रम का मंच संचालन मा.मुकेश बोस ने किया। इस मौके पर गुर्जर समाज समन्वय कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अन्तराम तंवर की अध्यक्षता में सांसद मलूक नागर को गुर्जर समाज का राष्ट्रीय नेता घोषित किया गया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 18 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# सेतु की तरह कार्य करेंगे उद्यमी मित्र : सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने 102 उद्यमी मित्रों को दिया नियुक्ति पत्र, उद्यमियों को दी प्रोत्साहन राशि

**जिम्मेदारी**

**यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन स्तर पर देंगे: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने उद्यमियों को 232 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी वितरित की। लोकभवन के सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और सरकारी मशीनरी के बीच उद्यमी मित्र सेतु की तरह काम करेंगे। वो उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करेंगे और यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं होता है तो उसकी जानकारी विभाग और शासन स्तर पर देंगे। जिस तरह सीएम फेलोशिप से जुड़े युवा आकांक्षात्मक विकासखंडों में शासन की तीसरी आंख की तरह कार्य करते हैं, उद्यमी मित्रों को भी उसी तरह काम करना होगा। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से भी न सिर्फ प्रदेश में और अधिक निवेश की अपील की, बल्कि अपने सीएसआर फंड से प्रदेश के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्यमियों ने भी प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर में सुधार के साथ सिंगल विंडो क्लियरेंस जैसी निवेश फ्रेंडली सुविधाओं की सराहना की और अपने अनुभव के साथ-साथ सुझाव भी प्रदान किए। वहीं शीर्ष उद्यमी मित्रों ने भी प्रशिक्षण के अनुभव मुख्यमंत्री के साथ साझा किए। अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमारे 100 से अधिक उद्यमी मित्र यहां चयनित हुए हैं, आपने 14 दिन की ट्रेनिंग के साथ ही कुछ औद्योगिक स्थलों का भी निरीक्षण किया है। आप जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। अगले तीन वर्ष के अंदर आप अपने इन कार्यक्रमों के अंदर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने में पूरी मजबूती से योगदान देंगे। प्रत्येक माह आपके



### 'प्रदेश के हित में काम करने का अवसर'

**उद्यमी** मित्रों की योग्यता का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि 1500 लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें 105 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इनमें 87 पुरुष और 18 महिलाएं हैं। इस सूची में 15 को हमने वेटिंग में भी रखा है। यहां पर जो अभ्यर्थी चुने गए हैं, वो सभी सम्मानित यूनिवर्सिटी से आए हैं। यूनिवर्सिटी अफ्फ वेल्स, यूके, आईआईएम लखनऊ, आईआईएम इंदौर, बीएचयू, ट्रिपल आईआईटी प्रयागराज, एनआईटी प्रयागराज समेत शीर्ष शिक्षण संस्थानों से ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। आप सबसे अपील है कि यह अवसर है आपके लिए कार्य करने का, अपने आपको साबित करने का, अपनी क्षमता को प्रदेश हित में लगाने का। आपके द्वारा जो भी प्रयास होंगे उनके बेहतर परिणाम को अपनी आंखों से देखने का। आपने देखा होगा कि इन्वेस्टर्स समिट में हमें 35 लाख करोड़ के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

### ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करने में होगी महत्वपूर्ण भूमिका

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनाने के साथ ही ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आपको देखना होगा कि कहीं भी आप पर कोई उंगली न उठा सके। आपको लालच देने का प्रयास होगा, आपका मनोबल तोड़ने का प्रयास होगा।

इन दोनों परिस्थितियों में बिना डिगे, बिना झुके, बिना बहके आपको 25 करोड़ जनता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी और प्रदेश को सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए अपने योगदान को रेखांकित करते हुए कार्य करना होगा। वहीं आपके मूल्यांकन का सबसे बड़ा आधार होगा। उन्होंने सीएम फेलोशिप में चयनित युवाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम फेलोशिप योजना के तहत चयनित विकासखंडों में जाकर उन्हें आकांक्षी विकासखंड से उभारकर सामान्य विकास की प्रक्रिया से जोड़ने वाले विकासखंड के रूप में स्थापित करने में योगदान दे रहे हैं। इसके परिणाम अच्छे और सकारात्मक रहे हैं।



एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ।

## न्यूज फ्लैश

### उत्तराखंड में छह माह तक राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल पर रोक

**देहरादून:** उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा और आगामी वर्षा काल के दौरान आपदाओं को ध्यान में रखते हुए अगले छह माह के लिए राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल को निषिद्ध कर दिया है। अब सरकारी कर्मचारी संगठन हड़ताल नहीं कर सकेंगे। सचिव शैलेश बगौली ने इस आशय की अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि चारधाम यात्रा और मानसून अवधि में संभावित आपदाओं की आशंका को देखते हुए लोकहित में ऐसा निर्णय लिया गया है। राज्यपाल इस आदेश के निर्गत होने के तिथि से छह माह की अवधि के लिए राज्याधीन सेवाओं में हड़ताल निषिद्ध करते हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य में चारधाम यात्रा शुरू है। जुलाई में कांवड़ यात्रा शुरू होगी।

### एसीबी की कार्रवाई, घूसखोर पटवारी ट्रेप

**धौलपुर:** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धौलपुर टीम ने शनिवार को धौलपुर जिले के तसीमों कस्बे में कार्रवाई करते हुए पांच हजार की रिश्वत लेने वाले पटवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की टीम ने पटवार मंडल मालोनी खुर्द के आरोपित पटवारी के कब्जे से पांच हजार की घूस की राशि भी बरामद की है। आरोपित पटवारी द्वारा परिवादी से जमीन का बंटवारा ऑनलाइन चढ़ाने के एवज रिश्वत की मांगी थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की धौलपुर यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया परिवादी महेंद्र सिंह कुशवाह निवासी हैदलपुर, जिला धौलपुर द्वारा 14 जून 2023 को एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। परिवादी ने शिकायत में बताया कि मालोनी खुर्द का हल्का पटवारी सुशील कुमार निवासी किरार पुरा उसके द्वारा खरीदी गई जमीन का बंटवारा ऑनलाइन चढ़ाने के एवज में 10 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है। सिंह ने बताया परिवादी द्वारा दी गई शिकायत के भौतिक सत्यापन में मामला सही पाया गया था। उन्होंने बताया आरोपित पटवारी इससे पूर्व 8 जून को 5 हजार रुपए की रिश्वत परिवादी से पहले ही ले चुका था। शिकायत के सत्यापन के बाद में एसीबी की टीम ने सुनियोजित तरीके से जाल बिछाते हुए शनिवार को पटवारी सुशील कुमार को तसीमों कस्बे की स्टेट बैंक के पास परिवादी महेंन्द्र सिंह कुशवाह से 5 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। एसीबी की टीम द्वारा आरोपी पटवारी के आवास तथा अन्य ठिकानों पर तलाशी के साथ साथ पूछताछ की जा रही है तथा अनुसंधान के बाद आरोपी को एसीबी न्यायालय पेश किया जाएगा।

### लव जिहाद की एक और घटना आई सामने

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

भले ही पुरोला का मामला शांत हो गया है लेकिन विश्व हिन्दू परिषद एक बड़े आंदोलन को तैयार है। इसका कारण लव जिहाद के नाम पर लगातार घटती घटनाएं हैं। विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ नेता विकास वर्मा भगवा ने बताया कि लव जिहाद की एक और बड़ी घटना देहरादून में घटी। उन्होंने बताया कि थाना गढ़ी कैंट के अंतर्गत लक्की बनकर मोहम्मद सालिक ने नेपाली मूल की दो लड़कियों का शोषण किया। मोहम्मद सालिक ने भी अपने हाथ में कलावा बांधा हुआ है। आईडी हिन्दू नाम से बना रखी है। उन्होंने बताया कि मोहम्मद सालिक बिजनौर के वकील का बेटा है। इस घटना पर बजरंग दल ने शुक्रवार की रात थाना गढ़ी कैंट थाने का घेराव किया और थानाध्यक्ष से कहा कि यह प्रकरण केवल लव जिहाद का नहीं ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित मसला भी है।

## राजनीति सेवा का माध्यम: सीएम गहलोत



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है। राजनीति में आने के बाद जनप्रतिनिधि का धर्म पूरी ईमानदारी, निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ जनता की सेवा करना होना चाहिए। गहलोत शनिवार को अपने निवास से मुंबई में 15 से 17 जून तक आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में पूरे देश के विधायकों का एक साथ संवाद करना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। सम्मेलन में विधानसभा और विधानपरिषद की 25 वर्ष बाद की जिम्मेदारियों पर चर्चा करना और पार्टी की विचारधारा को छोड़ कर एकता एवं समरसता के लिए समर्पित होना एक अच्छी शुरूआत है।

## 'डकैती मामले में जांच न हुई तो हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**भेलूपुर** थाना क्षेत्र के संकुल धारा पोखरे के पास पिछले दिनों एक लावारिस कार की डिक्की में मिले 92 लाख 94 हजार रुपये के मामले को लेकर आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने शनिवार को स्थानीय पुलिस के बड़े अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाया। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस मामले में बड़े अधिकारियों का हाथ है और उसका क्लिप भी हमारे पास है। इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की भी मांग हमने की है। पूर्व आईपीएस अमिताभ पत्नी नूतन ठाकुर के साथ यहां अस्सी घाट स्थित एक रेस्टोरेंट में मीडिया से मुखातिब थे। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि भेलूपुर में हुए डकैती कांड मामले में जाँच नहीं हुई तो हम हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। पूर्व आईपीएस ने बताया कि उन्होंने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया।

अमिताभ ठाकुर ने गुजरात की फर्म से करोड़ों रुपए की डकैती और बरामदगी के बाद 07 पुलिसकर्मियों को बर्खास्त किए जाने को लेकर भी निशाना साधा।

## बाबा नीम करोली की जन्मस्थली और तपस्थली का होगा सुंदरीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/फिरोजाबाद**

टूंडला तहसील में गांव अकबरपुर स्थित बाबा नीम करोली महाराज की जन्मस्थली और तपस्थली का पर्यटन विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से सुंदरीकरण कराया जाएगा। शनिवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गांव का दौरा कर यहां होने वाले विकास कार्यों की जानकारी हासिल की। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र शनिवार को अपने निजी वाहन से सबसे पहले गांव नागऊ के उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचे।

## बिपरजॉय: राजस्थान में कई जगह भारी बारिश

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**अरब** सागर से उठा चक्रवाती तूफान बिपरजॉय गुजरात के तट पर टकराने के बाद अब राजस्थान में कहर बरपा रहा है। शनिवार सुबह से बाड़मेर, सिरोही, उदयपुर, जालोर, जोधपुर जिलों में बारिश हो रही है। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चल रही है। गुजरे 24 घंटों में पश्चिमी राजस्थान के जालोर, सिरोही और बाड़मेर जिले में इसका सबसे ज्यादा असर दिखा है। इन जिलों में 4 से 5 इंच तक बरसात हुई है। मौसम विज्ञान विभाग ने बाड़मेर, जालोर, सिरोही और पाली के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। रेलवे ने बाड़मेर से होकर गुजरने वाली 14 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसी तरह उदयपुर से दिल्ली और मुंबई जाने वाली दो फ्लाइट भी कैंसिल की गई हैं। पाकिस्तान बॉर्डर से सटे बाड़मेर के पांच गांवों (बाखासर, सेड़वा चौहटन, रामसर, धोरीमन्ना) के पांच हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। बिपरजॉय के असर के कारण बीते दो दिन से राजस्थान के 80 फीसदी क्षेत्र में बादल छाए हुए हैं। बीती रात चूरू के बीदासर में इस सिस्टम के कारण 76 मिलीमीटर (3 इंच) बरसात हुई। सिरोही के कई इलाकों में 62 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। बीते 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश बाड़मेर के सेड़वा और सिरोही के माउंट आबू में 5-5 इंच मापी गई।

## बड़कोट: मुस्लिम व्यापारियों ने खोली दुकानें

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**पुरोला** में लव जिहाद का मामले को लेकर उपजा आक्रोश अब शांत पड़ता दिख रहा है। 21 दिन पहले मुस्लिम व्यापारियों से दुकानें खाली कराने का प्रकरण अब समाप्त होता दिखाई दे रहा है। पुरोला में मुस्लिम व्यापारियों की सात दुकानें खुल गई हैं और हालात सामान्य लग रहे हैं और तहसील से कल धारा 144 भी हटा ली गयी थी। इस संबंध में बड़कोट के उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुरोला में सात मुस्लिम व्यापारियों की दुकानें खुल गई हैं। इनमें से तीन नाई, तीन गारमेंट्स और एक कबाड़ी की दुकान खुल गयी है। 26 मई को पुरोला में नाबालिग लड़की भगाने की घटना के बाद से यहां साम्प्रदायिक तनाव फैल गया था। इसके बाद से अब तक मुस्लिम व्यापारियों की दुकानें बंद थीं। मामला इतना गम्भीर हो चुका था कि करीब 14 व्यापारियों ने पुरोला से दुकानें खाली कर दीं हैं। इससे पूर्व बीते रोज पुरोला सहित यमुना घाटी के सभी बाजार खोले गये थे, जिसमें पहले की तरह खूब चहल पहल रही। हालांकि, 25 जून को बड़कोट में प्रस्तावित महापंचायत को लेकर पुलिस-प्रशासन की चिंता बरकरार है। महापंचायत रोकने के लिए प्रशासन ने यमुना घाटी हिन्दू जागृति संगठन की बैठक बुलाई थी, जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाई।

